जबलपुर

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-7

वर्ष : 20, अंक : 166

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 16

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 नोबेल पुरस्कार ने अपनी इज्जत बचाई





मैट्रो
14 डॉक्टर का नंबर सर्च करना...


## दोषियों पर कठोर कार्रवाई और दवा गुणवत्ता पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी

# दवा सुरक्षा को लेकर सख्त हुई मप्र सरकार, कफ सिरप निर्माताओं की होगी जांच, संदिग्ध उत्पादों पर भी रखेंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





छिंदवाड़ा में बच्चों की दर्दनाक मौत के बाद मध्यप्रदेश सरकार दवा सुरक्षा को लेकर सख्त हो गई है। राज्य के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने औषधि निगरानी और नियंत्रण व्यवस्था की वृहद समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई और दवा गुणवत्ता पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि छिंदवाड़ा कांड से जुड़ी तमिलनाडु स्थित दवा निर्माता कंपनी के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार लगातार संपर्क में रहे।

» **कफ सिरप उत्पादकों की व्यापक जांच के आदेश जारी**

» **दैनिक मॉनिटरिंग और स्टॉक की हर रोज होगी जांच**

*मप्र में कफ सिरप उत्पादकों की व्यापक जांच के आदेश जारी किए गए हैं। कोल्ड्रिफ सिरप, रिलाइफ सिरप और रिस्पीफ्रेंस टीआर सिरप की गुणवत्ता जांच में संदिग्ध पाए जाने पर इनकी बिक्री पर नजर रखी जा रही है। इनकी दैनिक मॉनिटरिंग और स्टॉक-जांच के निर्देश दिए गए हैं*



### कोडीन युक्त दवाओं की बिक्री पर सख्त नियंत्रण

डिप्टी सीएम ने कहा है कि कोडीन आधारित दवाओं की बिक्री अब पहले से कहीं अधिक नियंत्रित होगी। पंजीकृत डॉक्टर के पर्चे के बिना ऐसी दवाएं नहीं बिक सकेंगी। साथ ही, बिक्री की अधिकतम सीमा तय की गई है और उसकी जानकारी औषधि निरीक्षक को देना अनिवार्य होगा।

### ड्रग मॉनिटरिंग सिस्टम को मिलेगा तकनीकी उन्नयन

- भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर की राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं को अत्याधुनिक बनाया जाएगा।
- हर लैब में माइक्रोबायोलॉजी व स्टरलिटी यूनिट स्थापित होंगी।
- आधुनिक उपकरण जैसे एचपीसीएल, जीसी-एमएस, एलसी-एमएस, यूवी, आईआर आदि लगाए जाएंगे।
- फील्ड स्तर पर हैंडहेल्ड डिवाइस से दवाओं की त्वरित जांच संभव होगी।
- सभी लैबों को एनएबीएल मान्यता दिलाने की प्रक्रिया तेज की जाएगी।
- नई भर्तियां और डिजिटल ट्रेनिंग से होगी क्षमता में वृद्धि
- डेटा एंट्री ऑपरेटर, सैंपलिंग असिस्टेंट, एनालिस्ट, केमिस्ट, और प्रोजेक्ट प्रबंधन इकाई जैसे पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।
- ई-लर्निंग प्रोग्राम और नियमित प्रशिक्षण के जरिए अधिकारियों की दक्षता में भी इजाफा किया जाएगा।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### दिवाली से पहले आएंगे 21वीं किस्त के 2-2 हजार!



**नई दिल्ली।** पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त का देशभर के करोड़ों किसान इस वक्त बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार दिवाली से पहले किसानों के खातों में 2,000 रुपए जमा हो सकते हैं। अभी तक सिर्फ जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के किसानों के अकाउंट में 21वीं किस्त का पैसा ट्रांसफर किया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 29 वीं किस्त की 1541 करोड़ राशि अंतरित की

# मोहन भैया का वादा: भाईदूज पर भी बहनों के आंगन में होगी 'सौगातों की बरसात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश की लाड़ली बहनों के लिए रविवार का दिन बेहद खास था। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की 29 वीं किस्त के तौर पर 1541 करोड़ की राशि का अंतरित की। उन्होंने श्योपुर में कहा कि बहनों के कल्याण और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। डॉ. यादव ने बहनों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि भाईदूज और दीपावली का अवसर बहनों के लिए योजना की राशि में वृद्धि की सौगात के रूप में आएगा।



### पार्वती-काली सिंध चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना बनेगी वरदान

### श्योपुर के लिए बड़ी सौगात है मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री ने कहा किसान, युवा और गरीब तबके के लोगों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है। श्योपुर अंचल को मेडिकल कॉलेज के रूप में बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1956 में मप्र का गठन हुआ था। वर्ष 2002 और 03 तक प्रदेश में मात्र 5 मेडिकल कॉलेज थे। वर्तमान में प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या 32 है। यह प्रदेश सरकार की विशिष्ट कार्यशैली का परिणाम है।

### सीएम ने ये भी घोषणाएं की

- सालापुर से मातासूला तक सड़क बनेगी
- ढोढर के कॉलेज विज्ञान और गणित की कक्षाएं प्रारंभ होंगी
- श्योपुर में ट्रांसपोर्ट नगर बनेगा
- सीप नदी और कनवा नदी के घाटों का सौंदर्यीकरण होगा
- ढोढर में सांदीपनी स्कूल बनेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्वती- काली सिंध चंबल अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजना से श्योपुर और निकटवर्ती जिलों सहित प्रदेश का बड़ा क्षेत्र लाभान्वित होगा। सीएम ने अन्नदाताओं से आग्रह किया कि वे अपनी जमीन किसी भी स्थिति में न बेचें। आने वाले समय में यह भूमि कई गुना कीमत की हो जाएगी। अब किसानों की समृद्धि का नया समय आ रहा है।

## दमोह की घटना पर मचा बवाल

# मीम शेयर करने पर युवक से पैर धुलवाए वही पानी पिलाया, एफआईआर दर्ज

### जिले के सतरिया गांव में शराबबंदी को लेकर विवाद बढ़ा



**दमोह।** जिले के सतरिया गांव में जहां एक पंचायत ने न सिर्फ कानून की मर्यादाएं तोड़ीं बल्कि मानवता को भी शर्मसार कर दिया। यहां कुछ दिन पहले गांव में लोगों ने खुद की पंचायत बुलाकर शराबबंदी लागू की थी। नियम बना कि जो शराब पीएगा या बेचेगा, उस पर सामाजिक जुर्माना लगाया जाएगा। इसी बीच गांव के एक युवक अनुज पांडे ने शराब पी ली, जिससे लोगों में नाराजगी फैल गई। विवाद तब और भड़क गया जब पुरुषोत्तम कुशवाहा ने सोशल मीडिया पर एक एआई जनरेटेड फोटो पोस्ट कर दी। इस तस्वीर में अनुज पांडे को जूतों की माला पहनाए दिखाया गया था। बाद में पुरुषोत्तम ने फोटो डिलीट भी कर दी, लेकिन आग लग चुकी थी। अनुज पांडे और उसके समर्थक नाराज हो गए।

### पुलिस ने चार नामजद सहित अन्य पर एफआईआर दर्ज की

मामला पुलिस के संज्ञान में आया तो एसपी के निर्देश पर पटेरा थाना पुलिस ने चार नामजद और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इसके बाद ओबीसी, एससी और एसटी संगठनों ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इस घटना को संविधान और मानवता के खिलाफ बताया।






| MODEL | 125 NEON | 125 CF | NS 125 | N160 |
|---|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹7 161/-* | ₹8 034/-* | ₹9 274/-* | ₹11 640/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 600/-* | ₹2 900/-* | ₹3 300/-* | ₹4 200/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹9 761/-* | ₹10 934/-* | ₹12 574/-* | ₹15 840/-* |

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेंस. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फायनान्सर/ इंश्योरेंस-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फायनान्स उपलब्ध है फायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविजन के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Jabalpur : Nagrath Chowk** FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • **Damoh Naka** SELECT BAJAJ 7880097791 • **Balaghat** SAI BAJAJ 9425822517 • **Damoh** MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • **Narsinghpur** SATKAR BAJAJ 7747008720 • **Seoni** FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • **Shahdol** JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • **Katni** TARA BAJAJ 9111407700.



बिहार का रण
सीटें 243 बहुमत 122
मतदान 06 एवं 11 नवंबर 2025
परिणाम 14 नवंबर 2025





## एनडीए में सीट बंटवारे का ऐलान!

# भाजपा और जेडीयू बराबर तो चिराग 29, उपेंद्र और मांझी 6-6 सीटों पर ठोंकेंगे ताल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे का ऐलान हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जेडीयू और बीजेपी ने 101-101 बराबर सीटें अपने पास रखी हैं। वहीं, चिराग पासवान की लोजपा रामविलास को 29 सीटें मिली हैं।

उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को 6 और जीतनराम मांझी की हम (हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा) को भी 6 सीटें मिली हैं। एनडीए में कई राउंड की बैठकों के बाद यह फॉर्मूला निकला है।एनडीए में सीट शेयरिंग फॉर्मूला की घोषणा साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं हुई बल्कि गठबंधन के नेताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, आरएलएम चीफ उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत अन्य नेताओं ने रविवार को ट्वीट कर सीट बंटवारे का आंकड़ा साझा किया।

एनडीए में कई राउंड की बैठकों के बाद यह फॉर्मूला निकला है। एनडीए में सीट शेयरिंग फॉर्मूला की घोषणा साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं हुई बल्कि नेताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। इसमें संजय झा, उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आदि शामिल रहे।

**नेताओं ने एक्स पर जानकारी दी**

### अब घटक दलों की सूची आनी शुरू होगी



साझा प्रेस कान्फ्रेंस नहीं की, आंकड़े जारी किए

बिहार एनडीए में सीट शेयरिंग होने के बाद अब घटक दलों की सूची आना शुरू हो जाएगी। भाजपा में उम्मीदवारों के नाम लगभग फाइनल हो चुके हैं। रविवार शाम को दिल्ली में हो रही पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इस पर मुहर लगी है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में भी कैंडिडेट फाइनल हो चुके हैं। लोजपा (रामविलास) ने भी कहा था कि एनडीए में सीट बंटवारा होने के बाद चिराग कैंडिडेट लिस्ट जारी कर देंगे।

**कई दौर की चर्चा के बाद यह फॉर्मूला निकला**

कयास लगाए जा रहे थे कि नीतीश की जेडीयू, भाजपा से एक सीट ज्यादा अपने पास रखेगी। मगर दोनों ही दलों ने बराबर सीटों पर चुनावी मैदान में उतरने का फैसला लिया है। दोनों ने साफ संदेश दिया है कि गठबंधन में छोटा या बड़ा भाई फिलहाल कोई नहीं है। फिलहाल एनडीए में कौन-सी पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी यह ऐलान हुआ है। अब लड़ी जाने वालीं सीटों के नामों का इंतजार है।

## लालू-राबड़ी के साथ दिल्ली पहुंचे तेजस्वी

### सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम दौर में महागठबंधन में सब कुछ ठीक चल रहा

बिहार में इंडिया गठबंधन की सीट शेयरिंग फंसे पेंच को सुलझाने के राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके पुत्र तथा उत्तराधिकारी तेजस्वी



यादव रविवार को दिल्ली पहुंच गए। उनके साथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी दिल्ली पहुंचे हैं। चर्च है कि तेजस्वी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। इधर, पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों के सवाल पर लालू ने कोई भी जवाब नहीं दिया। दिल्ली में जब पत्रकारों ने उनसे सीट बंटवारे को लेकर सवाल पूछा तो कहा कि बातचीत चल रही है। सीट बंटवारे पर तेजेस्वी ने कहा कि इंडिया गठबंधन में सब कुछ ठीक है। कहीं कोई नाराज नहीं है। जल्द ही सीट बंटवारे की घोषणा कर दी जाएगी। मेरे द्वारा नौकरी देने की घोषणा पर सत्ता पक्ष के लोग परेशान हो रहे हैं। मगर मैंने जो कहा है वह करूंगा।

### राजद ने करीब 80 सीटों पर तय किए अपने उम्मीदवार

पटना एयरपोर्ट पहुंचने से पहले जब लालू परिवार राबड़ी आवास से निकले तो राजद कार्यकर्ताओं ने लालू के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। कुछ ऐसे भी लोग थे जो कि कुछ सीटों पर वर्तमान विधायकों को टिकट नहीं देने की मांग कर रहे थे। कहा जा रहा करीब 80 से अधिक सीटें ऐसी हैं, जहां उम्मीदवारों का नाम राजद के शीर्ष नेतृत्व ने कर लिया है। तेजस्वी यादव इस बार खुद ही हर एक सीट पर उतारे गए उम्मीदवार की समीक्षा कर रहे हैं। टिकट उन्हीं को दिया जा रहा है जो मजबूती से राजद का झंडा उस विधानसभा में बुलंद कर हर हाल में जीत दिला सके। वहीं कुछ सीटों पर कांग्रेस अपने खाते में चाह रही है। इसलिए पेंच फंसा हुआ है।

**लालू-तेजस्वी को बड़ा झटका**

### नवादा और रजौली के विधायकों ने दिया इस्तीफा

बिहार चुनाव से पहले लालू प्रसाद को बड़ा झटका दिया है। राजद विधायक संगीता कुमारी, भरत बिंद, चेतन आनंद के बाद अब दो और विधायकों ने भी अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव को सौंप दिया है। नवादा से विधायक विभा देवी और रजौली (सुरक्षित) से विधायक प्रकाश वीर ने अपना इस्तीफा दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद से यह लोग राजद के शीर्ष नेतृत्व से नाराज चल रहे थे।

**तेज प्रताप ने तेजस्वी को किया अनफॉलो**

### आज उतारेंगे अपने प्रत्याशी



बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव फिर से चर्चा में हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हेंडल एक्स से अनफॉलो कर दिया है। तेज जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) सोमवार को अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी।

### मरते दम तक एनडीए का साथ नहीं छोड़ेंगे: मांझी



हम के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह पूरी तरह से एनडीए के साथ हैं और अंतिम समय तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ नहीं छोड़ेंगे। मांझी ने कहा कि मैं अपने अंतिम सांस तक प्रधानमंत्री के साथ रहूंगा। मांझी यहीं नहीं रुके, उन्होंने बिहार के भविष्य की तस्वीर साफ करते हुए एक नारा भी दिया। उन्होंने लिखा, बिहार में बहार होगी, नीतीश संग मोदी जी की सरकार होगी।

### पीएम मोदी 15 को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' पर करेंगे बात

पीएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं को आमंत्रित करते हुए कहा कि आप सभी 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान से जुड़ें और आज ही अपने सुझाव साझा करें। मैं कुछ चुनिंदा कार्यकर्ताओं से उनके सुझावों पर सीधे चर्चा भी करूंगा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए, जिसमें जनता दल (यूनाइटेड), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल हैं।

### सीट बंटवारे का ऐलान आज, आल इज वेल: वीरेंद्र



महागठबंधन में सीट शेयरिंग फॉर्मूला का ऐलान सोमवार को होगा। आरजेडी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक भाई वीरेंद्र ने दावा किया कि महागठबंधन में सब ठीक है और सब हो गया है। सोमवार प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी और सब कुछ साफ हो जाएगा। राजद, कांग्रेस, लेफ्ट समेत सभी घटक दलों के बीच सीट बंटवारे की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने महागठबंधन में सीटों को लेकर घटक दलों के बीच मतभेद की अटकलों से इनकार कर दिया।

### पीके के खिलाफ मामला दर्ज




जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीके के खिलाफ वैशाली जिले के राघोपुर थाने में केस दर्ज किया गया है। पीके पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि पीके सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ राघोपुर पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### संघ को स्कूल-कॉलेज पार्क में न दें अनुमति

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को एक पत्र लिखा है पत्र में उन्होंने



आग्रह किया है कि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के मैदानों में आरएसएस के कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति न दी जाए। उन्होंनेअपील की है कि सार्वजनिक पार्कों और मंदिरों में भी कार्यक्रमों को अनुमति न दें।

### गोरखपुर में एसी में शॉर्ट सर्किट से एंबुलेंस में आग

**गोरखपुर।** कुशीनगर हाईवे पर सोनबरसा ओवरब्रिज पर रविवार अपराह्न चलती एंबुलेंस में आग



लगने से अफरातफरी मच गई। एसी में शार्ट सर्किट की वजह से यह आग लगी, जिसने कुछ ही मिनटों में भयंकर रूप ले लिया। एंबुलेंस के सीएनजी टैंक में धमाका हुआ, जिससे भगदड़ मच गई और 1 घंटे तक यातायात बाधित रहा।

### ड्राइवर को पड़ा दिल का दौरा, 9 वाहनों को रौंदा

**बेंगलुरु।** यहां के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन



की एक बस अनियंत्रित होकर 9 वाहनों से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब बस चालक को अचानक दौरा पड़ा और एक्सीलेरेटर दबा दिया। इससे बस बेकाबू होकर एक के बाद एक वाहन को टक्कर मार दी। किसी के हताहत की खबर नहीं है।

### चंडीगढ़ महापंचायत में हंगामा, अल्टीमेटम दिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले पर न्याय संघर्ष



मोर्चा ने 31 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। समिति की रविवार को सेक्टर-20 स्थित गुरु रविदास भवन में महापंचायत हुई है। डीजीपी शत्रूजीत कपूर को पद से हटाएं और उनकी गिरफ्तारी हो। 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद आंदोलन की चेतावनी दी है।

## दुर्गापुर मामले पर मुख्यमंत्री ममता का अजीबोगरीब बयान

# लड़की आधी रात में कॉलेज से बाहर कैसे आई? किसी को भी नहीं 'बख्शा' जाएगा

एजेंसी ▶▶ दुर्गापुर

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात पर सीएम ममता बेनर्जी ने पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा ये वारदात चौंकाने वाला है। हमारी सरकार ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती। सीएम ममता ने आगे कहा कि वारदात में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। पुलिस अन्य की तलाश कर रही है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान सीएम ममता ने ये भी कहा कि निजी कॉलेजों को परिसर के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। ममता ने कहा कि वह लड़की निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी, इसलिए निजी मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी है कि वे रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आ गईं। जहां तक मुझे पता है कि यह वन क्षेत्र में हुआ था, इसलिए 12.30 बजे मुझे नहीं पता कि क्या हुआ, जांच जारी है। दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। 3 लोग पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात पर सीएम ममता ने पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा ये वारदात चौंकाने वाला है।

### दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात

पुलिस कर रही मामले की जांच निजी कॉलेज पर उठाए सवाल



**विपक्ष पर पलटवार, दूसरे राज्यों का दिया हवाला**

इस मामले में विपक्ष की तरफ से सरकार पर निशाना साधे जाने पर सीएम ममता ने पलटवार भी किया है। उन्होंने कहा कि आप मुझे बताइए कि ओडिशा में 3सप्ताह पहले समुद्र तट पर तीन लड़कियों के साथ बलात्कार हुआ, ओडिशा सरकार ने क्या कार्रवाई की और बंगाल में अगर महिलाओं के साथ कुछ भी होता है तो हम इसे सामान्य मामला नहीं मानते, यह एक गंभीर मामला है। अगर ऐसा दूसरे राज्यों में भी होता है तो भी यह निंदनीय है। हमने उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा में भी ऐसे कई मामले देखे हैं, इसलिए सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

**यह है पूरा मामला**

ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली छात्रा के साथ दुर्गापुर में कुछ लोगों ने पर दुष्कर्म किया। छात्रा की हालत अब स्थिर बताई जा रही है, उसका अस्पताल में ही इलाज चल रहा है और उसने पुलिस को अपना बयान दे दिया है। यह घटना शोभापुर के पास स्थित मेडिकल कॉलेज परिसर में हुई। छात्रा रात में अपने एक पुरुष मित्र के साथ कॉलेज कैंपस के बाहर खाना खाने गई थी। इस दौरान कैंपस गेट के पास ही एक आरोपी ने उसे जबरन पीछे के सुनसान इलाके में खींच लिया और दुष्कर्म की वारदात को किया। बाकी आरोपियों ने भी घिनौने कृत्य किए।

**लॉकेट ने उठाए राज्य सरकार पर सवाल**


### ममता तालिबानी शासन चला रहीं

भाजपा नेता लॉकेट चटर्जी ने दुर्गापुर गैंगरेपकांड पर कहा कि



इमारत पर 'इमरजेंसी' का लेबल लगा है, लेकिन यह बंद है। इसे 24 घंटे खुला रहना चाहिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के कारण, पुलिस अंदर है। पुलिस अंदर क्यों हो? डॉक्टर बाहर हैं, पुलिस अंदर है। यहां ममता का शासन चल रहा है। यहां तालिबान या पाकिस्तान जैसा शासन चल रहा है। यहां किसी महिला को रात में जंगल में नहीं जाना चाहिए।

**ममता ने तो पीड़िता को ही दोषी ठहराया**



भाजपा के आई हेड अमित मालवीय ने कहा कि ममता ने पीड़िता को दोष दिया। बंगाल रेपिस्टों का सुरक्षित ठिकाना। यूनियन मंत्री सुकांता मजुमदार ने कहा कि ममता का 'रात में न निकलें' बयान महिलाओं के लिए खतरा।

### पीड़िता के पिता ने खतरे की जताई आशंका

पीड़िता के पिता ने अपनी बेटी के स्वास्थ्य की जानकारी साझा करते हुए बताया कि वह चलने में असमर्थ है और बिस्तर पर पड़ी है। मुख्यमंत्री, डीजी, एसपी और कलेक्टर सभी हमारी बहुत मदद कर रहे हैं और नियमित रूप से उसके स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। मैंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वे हमें मेरी बेटी को यहां से ओडिशा ले जाने दें, किसी सुरक्षित स्थान पर, क्योंकि यहां उसकी सुरक्षा खतरे में है।

### तीनों आरोपी 10 दिन की पुलिस रिमांड पर

सामूहिक दुराचार के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को एक अदालत ने तीनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। आरोपियों पर सामूहिक बलात्कार और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। दुर्गापुर के एसडीजेएम ने तीनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। अभियोजन पक्ष के वकील ने कथित अपराध में संलिप्त अन्य लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पूछताछ के वास्ते उनकी पुलिस हिरासत का अनुरोध किया। ओडिशा की रहने वाली मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ शुक्रवार रात पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज परिसर के बाहर कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया, जब वह एक दोस्त के साथ रात का खाना खाने गई थी।

## पीएम ने 947 करोड़ की सौगातें दी

# पशुपालन और डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने का लक्ष्य

» अब तक पशुओं को 125 करोड़ टीके लगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने बीते शनिवार को दिल्ली में भारत के पशुपालन और डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 947 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ किया और 219 करोड़ की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन पहलों को कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में निवेश के व्यापक पैकेज का हिस्सा बताया गया है। इसी अवसर पर पीएम ने दो महत्वपूर्ण कृषि योजनाओं -प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (और मिशन फॉर आत्मनिर्भरता इन पल्सेज की भी शुरुआत की। पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना हमारे पशुधन पर भी विशेष ध्यान दे रही है। अब तक 125 करोड़ से अधिक टीके फुट एंड माउथ डिजीज जैसी बीमारियों से बचाव को मुफ्त लगाए जा चुके हैं। इससे पशु स्वस्थ हुए हैं।

**स्थानीय स्तर पर पशु स्वास्थ्य के अभियान चलेंगे**

इस योजना के तहत अब स्थानीय स्तर पर पशु स्वास्थ्य से संबंधित अभियान भी शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जहां खेती संभव नहीं है वहां पशुपालन, मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाई जाएगी, जिससे छोटे और भूमिहीन परिवार भी आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को उसकी पहली पशुधन आईवीएफ प्रयोगशाला मिली, जिसकी स्थापना असम के गुवाहाटी में राष्ट्रीय गोकुल मिशनके तहत 28.93 करोड़ की लागत से की गई है। यह प्रयोगशाला दुग्ध विकास और नस्ल सुधार के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### » बड़े डेयरी प्रोजेक्ट्स समर्पित किए

राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत कई बड़े डेयरी प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया गया। इनमें मेहसाणा मिल्क यूनियन की 120 मीट्रिक टन प्रतिदिन की मिल्क पाउडर प्लांट और 3.5 लाख लीटर प्रतिदिन की यूएचटी प्लांट, जिसकी लागत 460 करोड़ है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के कुप्पम मंडल में एकीकृत डेयरी प्लांट और 200 टीपीडी कैटल फीड प्लांट की आधारशिला रखी गई, जिसकी कुल लागत 219 करोड़ रुपए है।

## एमएनएस ने फिर की गुंडागर्दी

# हिंदी बोलने वाली महिला को ऑफिस में बुला मारा थप्पड़

एजेंसी ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी फिर से सामने सामने आई है। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। लोकल ट्रेन में धक्का लगने की मामूली बात से शुरू हुआ विवाद बड़ा हो गया। यह घटना ठाणे के कलवा इलाके की है। एमएनएस की पदाधिकारी स्वरा काटे के पति अर्जुन काटे लोकल ट्रेन से उतर रहे थे और वह एक महिला से टकरा जाते हैं। काटे ने तुरंत माफी भी मांगी, लेकिन महिला ने उन्हें गालियां दे दीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अर्जुन की पत्नी स्वरा भी वहां पहुंच जाती हैं और पति पर हुए



हमले का विरोध करती है। इसके बाद स्वरा ने महिला को थप्पड़ जड़ दिया। घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर मनसे को हुई और उन्होंने महिला को खोजा, पार्टी कार्यालय बुलाया। बताया जा रहा है कि महिला हिंदी भाषी थी और उससे माफी मांगने को कहा।

## अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट में दिव्यांगजन सशक्तिकरण को बढ़ावा

# अब उन्हें सुनने, पढ़ने-लिखने व बोलने में मिलेगी मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट के दूसरे दिन रविवार को विकलांगजन के लिए सुनने, पढ़ने और लिखने में सुविधा बढ़ाने 3महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी पहलों की शुरुआत हुई। इन पहलों का शुभारंभ भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर गोवा के एससीपीडी सचिव ताहा हाजिक, डीडीजी ऋचा शंकर, एएलआईएमसीओ के सीएमडी प्रवीण कुमार, भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक कुमार राजू, उप सचिव जसबीर सिंह, अनूपम शुक्ला, देबाला भट्टाचार्य उपस्थित रहे। इन पहलों का उद्देश्य विकलांगजन के लिए शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में बाधारहित माहौल तैयार करना है।

### शिक्षा, कौशल और संवाद के लिए योजनाएं

**रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग कार्यक्रम आयोजित किया**



भारतीय संस्कृति और विरासत का परिचय

दूसरी पहल भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली की ओर से की गई, जो भारत में सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण का शीर्ष संस्थान है। केंद्र ने रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग कार्यक्रम के तहत सर्टिफिकेशन इन आईएसएल इंटरप्रिटेशन और स्किल कोर्स फॉर सोडा तथा चिल्ड्रेन ऑफ डीफ अडल्ट्स का सफल आयोजन किया। इस पाठ्यक्रम में देशभर से आए 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

तीसरी महत्वपूर्ण घोषणा आईएसएलआरटीसी द्वारा स्पेशलाइज्ड बेसिक ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन अमेरिकन साइन लैंग्वेज और ब्रिटिश साइन लैंग्वेज की थी। यह एक महीने का फिजिकल ट्रेनिंग कार्यक्रम 3 दिसंबर से नई दिल्ली में शुरू होगा। इसका उद्देश्य भारतीय सांकेतिक भाषा विशेषज्ञों को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषाओं की मूल संरचना, व्याकरण को बताना है।

### आईईएलटीएस परीक्षा की तैयारी में सहायता मिलेगी

पहली प्रमुख पहल आईईएलटीएस ट्रेनिंग हैंडबुक फॉर पर्सन्स विथ डिसएबिलिटीज थी, जिसे 'बिलीव इन द इनविजिबल' संस्था ने विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से तैयार किया है। इसे बिटी की सह-संस्थापक और ब्रिटिश काउंसिल प्रमाणित आईईएलटीएस ट्रेनर अंजलि व्यास ने लिखा है। यह हैंडबुक विकलांगजन के लिए पहली समावेशी अध्ययन सामग्री है, जो उन्हें आईईएलटीएस परीक्षा की तैयारी में सहायता प्रदान करेगी। इसमें सुनने, पढ़ने, लिखने और बोलने के चारों मॉड्यूल के लिए विशेष दिशानिर्देश, समय प्रबंधन तकनीकें, अभ्यास प्रश्न, शिक्षण रणनीतियां और भारतीय सांकेतिक भाषा वीडियो लिंक शामिल हैं। यह हैंडबुक न केवल शिक्षार्थियों के लिए स्व-अध्ययन गाइड है बल्कि प्रशिक्षकों के लिए शिक्षण मैनुअल के रूप में भी उपयोगी है।




### धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- जबरन का ज्ञान न दिया जाए

# हम बकरीद और ताजिए पर ज्ञान नहीं देते पटाखे फोड़ना ही हमारी सनातनी परंपरा

**शास्त्री ने कहा–हिंदू त्योहारों पर ही उठाया जाता है मुद्दा**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा - दिवाली पर पटाखों को लेकर ज्ञान न पेलें। हम न बकरीद पर ज्ञान देते हैं, न ताजिए पर। इसलिए हमें ज्ञान न पेलें।

यह हमारी परंपरा है, और हम इसे निभाएंगे। दरअसल, शनिवार को धीरेंद्र शास्त्री मुंबई में सिद्धि विनायक गणेश मंदिर दर्शन करने पहुंचे। यहां मीडिया से बात करते हुए किसी ने उनसे दिवाली पर पटाखों से प्रदूषण होने और बॉलीवुड अभिनेताओं द्वारा



पटाखे न फोड़ने की अपील को लेकर सवाल किया। इसी को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने ज्ञान न देने की बात कही। शास्त्री ने कहा कि प्रदूषण एक गंभीर विषय है, लेकिन यह मुद्दा केवल हिंदू त्योहारों के समय ही क्यों उठाया जाता है। अभिनेताओं से सभी धर्मों के पर्वों को समान दृष्टि से देखने और ज्ञान न देने की अपील है। त्योहारों का मकसद खुशी, शांति और आपसी भाईचारे को बढ़ाना होना चाहिए। धर्म चाहे कोई भी हो, सभी को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। धीरेंद्र शास्त्री ने आई लव मुहम्मद को लेकर कहा,

अगर कोई आई लव मुहम्मद बोलता है तो वह गलत नहीं है। वैसे ही अगर कोई आई लव महादेव कहता है तो वह भी बुरा नहीं है। हर किसी को अपने धर्म से प्रेम करने का अधिकार है और इसका सम्मान होना चाहिए, लेकिन सिर तन से जुदा जैसे नारे और विचार न तो हिंदू समाज सहन करेगा और न ही भारत का कानून। अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ा नहीं जाएगा।

### स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास

# 5000 वनडे रन बनाए दूसरी भारतीय महिला बनीं



■ मंधाना के 33वें वनडे अर्धशतक पर मिली उपलब्धियां

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 80 रनों की शानदार पारी खेलकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज ने वनडे में 5000 रन पूरे कर लिए और दुनिया में पांचवीं व भारत के लिए ऐसा करने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गईं। बता दें कि, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला विश्व कप का 13वां मुकाबला विशाखापत्तनम में खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर मेजबानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है।

### मुद्रा लोन के लिए एसबीआई अधिकारी ने मांगी 50 हजार घूस

# सीबीआई ने 10 हजार लेते रंगेहाथों दबोचा आरोपी अधिकारी के घर की भी ली तलाशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) ने मध्य प्रदेश के सीधी जिले में कार्रवाई करते हुए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक फील्ड ऑफिसर को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

आरोपी अधिकारी पर मुद्रा लोन पास करने के बदले घूस मांगने का आरोप है। आरोपी अधिकारी पर मुद्रा लोन देने के बदले कुल राशि का दस प्रतिशत रिश्वत के रूप में मांग रहा था। एजेंसी ने इसी



शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अधिकारी को रंगेहाथों दबोच लिया। आरोपी ने पीड़ित से 5 लाख रुपए के मुद्रा लोन के बदले 10 प्रतिशत यानी 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। उसी में से 10 हजार रुपए लेने के दौरान एजेंसी ने उसे पकड़ लिया।

**दस्तावेज भी बरामद**

सीबीआई ने बताया कि शनिवार को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। गिरफ्तारी के बाद अगले दिन यानी रविवार को आरोपी को विशेष न्यायाधीश, सीबीआई मामले, जबलपुर की अदालत में पेश किया गया। जांच एजेंसी ने बताया कि मामले की जांच के सिलसिले में आपत्तिजनक दस्तावेजों/वस्तुओं की बरामदगी के लिए आरोपी के घर की तलाशी भी ली गई है, साथ ही आगे की जांच भी जारी है।

# स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकियों के लिए चला 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' गलत तरीका था, इसकी कीमत इंदिरा गांधी ने जान देकर चुकाई



**एजेंसी: शिमला।** कांग्रेस नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने 1984 में स्वर्ण मंदिर में हुए ' ऑपरेशन ब्लू स्टार ' को गलत तरीका बताया है। कांग्रेस नेता ने कहा है कि 1984 में स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए चलाया गया 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' सही तरीका नहीं था और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक पुस्तक के विमोचन के दौरान यह बात कही। इस बयान से कांग्रेस नेतृत्व बेहद नाराज है और नेताओं को सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सभी आतंकवादियों को पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था, लेकिन 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' गलत तरीका था और मैं इस बात से सहमत हूं कि श्रीमती गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। यह सेना, खुफिया विभाग, पुलिस और नागरिक सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त निर्णय था तथा आप पूरी तरह से श्रीमती गांधी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। चिदंबरम ने खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार और लेखिका हरिंदर बावेजा के साथ उनकी पुस्तक 'दे विल शूट यू मैडमः माई लाइफ थ्रू कॉनफ्लिक्ट' पर बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। इस बीच, सूत्रों ने नई दिल्ली में कहा कि कांग्रेस नेतृत्व चिदंबरम की ओर से दिए गए बयान से बेहद नाराज' है और उसका मानना है कि वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के लिए शर्मिंदगी पैदा कर सकने वाले सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए।

# आईआईटी पासआउट बेटे ने की थी मां की हत्या

**बैतूल।** बोरदेही थाना क्षेत्र के मदनी बरछी गांव में शुक्रवार रात हुई



एक महिला की मौत के मामले में रविवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शुरू में परिजनों ने इसे हादसा बताया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि महिला की हत्या उसके ही आईआईटी बेटे ने की थी। आमला पुलिस ने आरोपी बेटे नितेश को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका इमला झरबड़े (45) स्थानीय स्कूल शिक्षक संतोष झरबड़े की पत्नी थीं। परिवार ने पुलिस को बताया था कि वह घर में गिरने से घायल हुई थीं, लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के अंदर खून फैला हुआ था। महिला के गले, छाती और पीठ पर धारदार हथियार से किए गए वारों के निशान देखकर पुलिस को शक हुआ। फॉरेंसिक टीम को जांच के दौरान घर में खून के छींटे और संघर्ष के निशान मिलने की पुष्टि की। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से सख्ती से पूछताछ की।

### गूगल मैप को टक्कर दे रहा मैपल्स एप

# स्वदेशी नेविगेशन एप के वैष्णव भी हुए फैन



■ रेलवे भी जल्द ही इस एप का करेगा उपयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गूगल मैप्स को टक्कर देने वाला स्वदेशी एप मैपल्स एप लॉन्च हो गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नेविगेशन एप का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया है। इस स्वदेशी नेविगेशन ऐप में गूगल मैप से भी अधिक फीचर्स दिए गए हैं। इस एप के फैन खुद रेल मंत्री अश्विन वैष्णव भी हो गए हैं। उन्होंने कहा जल्द रेलवे और मैपल्स का एमओयू साइन होगा। दरअसल, मैपल्स स्वदेशी एप को मैपी इंडिया द्वारा तैयार किया गया है। इसमें आपको वो सभी फीचर्स मिल जाएंगे, जो गूगल मैप्स पर मिलते हैं। यही नहीं इस स्वदेशी नेविगेशन एप पर यूजर्स द्वारा रोड की कंडीशन, रूट्स पर मिलने वाले पेट्रोल पंप, ढ़ाबा और जंक्शन प्वाइंट्स आदि के बारे में भी जानकारी अपडेट की जा सकेगी। केंद्रीय रेल एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने एप की विशेषताओं का प्रत्यक्ष परीक्षण किया और इस बात पर जोर दिया कि कैसे स्वदेशी तकनीक अब वैश्विक मानकों से मेल खा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे और मैपल्स के बीच जल्द ही एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे ऐप की तकनीक का रेलवे प्रणालियों में उपयोग संभव हो सकेगा।



# सबको समय पर न्याय दिलाना ही न्यायपालिका की मूल आत्मा: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का मौलिक, बुनियादी, मानवीय, नागरिक और संवैधानिक अधिकार है। लोक कल्याणकारी राज्य का पहला दायित्व है कि देश का कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित न रहे। न्याय और सुशासन न केवल राष्ट्र और समाज को मजबूत करते हैं, बल्कि शासन व्यवस्था को जवाबदेह भी बनाते हैं। समानता, पारदर्शिता, विनम्रता और सबको समय पर न्याय दिलाना ही न्यायपालिका की मूल आत्मा रही है और आगे भी रहेंगी। उन्होंने कहा कि न्याय देने की स्थापित व्यवस्था को और बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि अब तो न्याय की देवी की आंखों की पट्टी भी खोल दी गई है।

इसका आशय है कि अब न्याय की देवी खुली आंखों से न्याय कर सकेंगी। डॉ. यादव शनिवार को इंदौर में आयोजित 'इवोल्विंग होराइजन्सः नेविगेटिंग कॉम्प्लेक्सिटी एंड इनोवेशन इन कमर्शियल एंड आर्बिट्रेशन लॉ इन द डिजिटल वर्ल्ड' विषय पर आयोजित विधि विशेषज्ञों की अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तिगणों और विधि-विशेषज्ञों ने भी अपने विचार रखे।

- न्याय देने की स्थापित व्यवस्था को और बेहतर बनाना लक्ष्य
- इन्दौर में विधि विशेषज्ञों की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ
- सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तिगणों और विधि-विशेषज्ञों ने रखे विचार



### हमारी कोशिश बनी रहे न्यायिक व्यवस्था पर आस्था: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय न्याय परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि न्याय हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हम सम्राट वीर विक्रमादित्य को कैसे भूल सकते हैं, जिन्होंने अपने बाल्यकाल से ही तत्समय भारत देश में न्याय और सुशासन की व्यवस्था का सूत्रपात किया था। उन्होंने कहा कि आज देश में कानून के क्षेत्र में अनेक नवाचार हो रहे हैं, जिससे नागरिकों को अधिक अधिकार मिल रहे हैं। हमारी सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को सुगमता से न्याय मिले और उसकी आस्था न्यायिक व्यवस्था पर सदैव बनी रहे।

### बढ़ते विवादों का समाधान न्यायपालिका में ही निहित

उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कहा कि जैसे-जैसे व्यापार का विस्तार होता है, विवाद स्वाभाविक रूप से बढ़ते हैं और इसका समाधान न्यायपालिका में ही निहित है। चूंकि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है, इसलिए हमारी मानसिकता में बदलाव लाने और सभी हितधारकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति अरविंद कुमार ने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का केवल एक भागीदार ही नहीं, बल्कि एक निर्माता भी है। न्याय से समझौता किए बिना, व्यापार में सुगमता और नवाचार को साथ-साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने न्यायनिर्णयन से सहयोग और मध्यस्थता से नवाचार की ओर बदलाव पर जोर दिया और कानूनी बिरादरी के लिए तदनुसार अनुकूलन की आवश्यकता पर बल दिया।

### निष्पक्षता की सीमाओं का विस्तार करना लक्ष्य

*उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने कहा कि न्यायपालिका का लक्ष्य कानून का पुनर्निर्माण करना नहीं है, बल्कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के विचार को सीमित किए बिना निष्पक्षता की सीमाओं का विस्तार करना है। उन्होंने कहा कि आधुनिक अर्थव्यवस्था में डेटा पर नियंत्रण केवल फर्मों या कंपनियों के स्वामित्व से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है और इसलिए आर्थिक विकास को बाधित किए बिना पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कानूनी पेशा तकनीकी प्रगति का अपवाद नहीं रह सकता।*

### नवाचार का केंद्र बनने के लिए अच्छी स्थिति में मप्र

*मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने पारदर्शिता, दक्षता और कानून के शासन को बनाए रखते हुए तकनीकी परिवर्तन के अनुकूल होने में न्यायपालिका की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मध्यप्रदेश कानूनी और तकनीकी नवाचार का केंद्र बनने के लिए अच्छी स्थिति में है। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कानूनों को तकनीकी प्रगति के अधीन हुए बिना उनके साथ विकसित होना चाहिए।*

---

परियोजना को साकार करने के लिए काम कर रही हैं मप्र पर्यटन बोर्ड की पांच कंपनियां

# विकास-पर्यटन को जोड़ते हुए महत्वाकांक्षी 'नर्मदा क्रूज परियोजना' जल्द होगी आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र की जीवन रेखा नर्मदा नदी में आस्था, विकास और पर्यटन को जोड़ते हुए एक महत्वाकांक्षी 'नर्मदा क्रूज़ परियोजना' शुरू की जा रही है। यह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा धार जिले के मेघनाथ घाट से गुजरात स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक जाएगी। यह परियोजना प्रदेश में आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन में मध्य प्रदेश को एक नई पहचान दिलाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात दिन भर चले ट्रैवल मार्ट के पहले दिन प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक परियोजना को साकार करने के लिए मप्र पर्यटन बोर्ड की पांच कंपनियों जंगल कैंप्स इंडिया, नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड, नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड, एब्सोल्यूट टेक मैनेजमेंट एलएलपी, एब्सोल्यूट टेक मैनेजमेंट एलएलपी, सेइना इंफोटेनमेंट प्रालि इंदौर, तथा मेसर्स एच्ट को 'लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस' काम कर रही हैं। इसका आने वाले दिनों में दूरगामी परिणाम देखने को मिलेगा। यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा।

## मेघनाथ घाट से गुजरात स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक जाएगी यात्रा

दिन भर चले ट्रैवल मार्ट के पहले दिन प्रेस कांफ्रेंस में बोले डॉ. यादव



### 27 विभिन्न देशों के अंतरराष्ट्रीय टूर ऑपरेटर्स हो रहे हैं शामिल

**इनकी रहेगी सहभागिता**
मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के बड़े राज्य-स्तरीय ट्रैवल मार्ट में से एक है। इस आयोजन में 27 देशों के 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ, 150 से अधिक घरेलू टूर ऑपरेटर्स सहित 700 से अधिक प्रतिभागियों की भागीदारी ने इसे ऐतिहासिक बना दिया है।

मप्र ट्रैवल मार्ट के इस भव्य आयोजन में पधारे 27 विभिन्न देशों के अंतरराष्ट्रीय टूर ऑपरेटर्स, भारत के विभिन्न राज्यों से आए राज्य के प्रतिनिधि, सम्मानित टूर ऑपरेटर्स, होटलियर्स, निवेशक और पर्यटन उद्योग के सभी साथियों का मप्र की जनता की ओर से भारत के हृदय प्रदेश में स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में अतिथि देवो भवः की परंपरा है, और यह आयोजन केवल एक व्यापारिक सम्मेलन नहीं, बल्कि संस्कृतियों के संगम का एक महापर्व है। यह आयोजन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'देखो अपना देश' और 'वोकल फॉर लोकल' के विजन को साकार करने की दिशा में हमारा एक दृढ़ कदम है।

### प्रदेश के हर कोने तक विकास हो

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार का यह दृढ़ विश्वास है कि विकास का प्रकाश प्रदेश के हर कोने तक पहुँचना चाहिए। पर्यटन की अपार संभावनाओं को केवल कुछ बड़े केंद्रों तक सीमित न रखकर, हमने ग्वालियर-चंबल, विंध्य और सागर जैसे क्षेत्रों की क्षमता को उजागर करने के लिए रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव की एक अभिनव श्रृंखला प्रारंभ की। मुझे यह साझा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे यह प्रयास सफल रहे हैं। ग्वालियर में आयोजित रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में हमें 3,500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, वहीं रीवा में आयोजित कॉन्क्लेव ने 3,000 करोड़ के निवेश को आकर्षित किया।*

---

धार में भिलाला समाज समागम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# भिलाला समाज ने जगाई सामाजिक चेतना, जनजातियों का समग्र कल्याण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनजातीय वर्ग का समग्र कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी कोशिश है कि जनजातीय वर्ग का कोई भी व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि भिलाला समाज एक साहसी और संस्कारित समाज है, जिसने मां नर्मदा के आशीर्वाद से नशामुक्ति और मृत्युभोज जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा नाश की जड़ है, जो कई पीढ़ियों को बर्बाद कर देता है। समाज की कुरीतियों को खत्म करने का प्रयास एक सामाजिक क्रांति का संकेत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को धार के किला मैदान में जय ओमकार आदिवासी भिलाला समाज संगठन की ओर से आयोजित 12 वें प्रांतीय वार्षिक सामाजिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में भिलाला समाज की ओर से युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन, रोजगार पंजीयन शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, नशामुक्ति जागरूकता शिविर, कैरियर मार्गदर्शन शिविर सहित सामाजिक कुरीतियों के निवारण के लिए जागरुकता शिविर भी आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने पीथमपुर थाना (बगदून) के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में जय ओमकार आदिवासी भिलाला समाज संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बीएस जामोद ने सम्मेलन की रूपरेखा और भावी गतिविधियों पर प्रकाश डाला।



### जनजातीय नायकों का सम्मान

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने धार जिले की भिलाला समाज की जुझारू महिला नेत्री को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान देकर समाज का गौरव बढ़ाया है। राज्य सरकार ने अलीराजपुर का नाम परिवर्तन कर आलीराजपुर कर दिया है। क्रांतिसूर्य टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना और महाराजा शंकर शाह व कुंवर रघुनाथ शाह की जयंती को भव्य रूप से मनाकर हमारी सरकार ने जनजातीय नायकों और परम्पराओं को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज का राष्ट्ररक्षा और स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान रहा है। भगोरिया के उल्लास को हमने राज्यस्तरीय पर्व का दर्जा देकर जनजातीय लोक परंपराओं को सम्मानित किया है।*

### प्रत्येक समाज को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक समाज को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्योग के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब भारत माता के लाल हैं, ऐसे में भेदभाव का कोई स्थान नहीं है। राज्य सरकार ने समाज के वंचित वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया है। हमारी सरकार ने सबको विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य किया है।*

---

मैनिट में निकला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन

# समस्त संसार को अपना परिवार मानकर उसकी सेवा, सत्कार और आदर करें : दीपक विस्पुते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनेट) का परिसर शनिवार को घोष की धुन के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का पथ संचलन निकाला गया। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में मैनेट समेत 12 राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के 256 विद्यार्थी एवं प्राध्यापकों ने पूर्ण गणवेश में बड़े हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल विभाग के संघचालक सोमकांत उमालकर ने की और मुख्य अतिथि विजय अग्रवाल रहे।

वहीं, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में आरएसएस के अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में विस्पुते ने 'पंच परिवर्तन' के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके माध्यम से हम अपनी भारत माता और इस पृथ्वी को स्वच्छ एवं सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने प्रकृति और समाज दोनों को शुद्ध रखने के लिए इन परिवर्तनों को अपनाने का आह्वान किया। वसुधैव कुटुम्बकम को ध्येय वाक्य बताते हुए उन्होंने कहा कि संपूर्ण जगत अपना घर है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को समस्त संसार को अपना परिवार मानकर उसकी सेवा और आदर करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में पहली बार आयोजित हुए इस पथ संचलन ने सभी में एक नए उत्साह का संचार किया। यह कार्यक्रम देश के किसी भी एनआईटी में पहली बार हुआ है।



**भोपाल।** जहांगीराबाद में भी संघ का पथ संचलन निकला।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्रेणी मिलन का संयुक्त पथ संचलन आज

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भोपाल विभाग शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्रेणी मिलनों का संयुक्त पथ संचलन रविवार 12 अक्टूबर को शाम 4 बजे तात्या टोपे नगर स्टेडियम भोपाल में होगा। इस अवसर पर श्रेणी मिलन के तहत इसमें पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व पुलिस अधिकारी, चिकित्सक, अधिवक्ता, युवा उद्यमी, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधी, विभिन्न मातृभाषा के प्रतिनिधी, शिक्षक, कृषक शामिल होंगे। संचलन तात्याटोपे नगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर न्यू मार्केट होते हुए वापिस तात्याटोपे नगर में समाप्त होगा।*

---

इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब पर बनाते थे फर्जी आईडी

# फर्जीवाड़ा कर ठगी करने वाले 11 आरोपी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत कार्रवाई करते हुए जमशेदपुर (झारखंड) और बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 36 मोबाइल फोन और अन्य सामग्री जब्त की गई है। जांच में सामने आया कि ये गैंग बीते दो वर्षों से फर्जी कॉल सेंटर चलाकर देशभर के हजारों लोगों को धोखा दे रहा था।

आरोपी इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब पर महिलाओं की तस्वीर लगाकर 262 फर्जी आईडी बनाते थे। इन आईडी से नकली मोबाइल नंबर शेयर किए जाते थे। विवाह में इच्छुक लोग जब इन नंबरों पर कॉल करते, तो उन्हें फर्जी बायोडाटा, पता और नंबर भेजकर रकम ऐंठ ली जाती। रकम म्यूल बैंक अकाउंट के जरिए ट्रांसफर कराई जाती थी। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देश पर साइबर अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। साइबर क्राइम पोर्टल पर रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच में एचडीएफसी बैंक के 79 खातों में संदिग्ध लेनदेन पाए गए, जिस पर थाना डीडी नगर में अपराध दर्ज कर रेंज साइबर थाना रायपुर द्वारा विवेचना शुरू की गई। पहले चरण में 4 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी। उनकी पूछताछ और मोबाइल विश्लेषण से अन्य साथियों के नाम सामने आए। इसके बाद जमशेदपुर में 3 और बिलासपुर में 8 आरोपियों को दबोच लिया गया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में कई अन्य नाम भी सामने आए हैं, जो फर्जी आईडी बनाने और म्यूल बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने में शामिल थे। इस गैंग के नेटवर्क को तोड़ने के लिए व्यापक जांच जारी है और सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जाएगा।

---

10 अक्टूबर को गोड़ा पुल नाका में मिला था शव

# अंधे कत्ल मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले के थाना अभनपुर क्षेत्र के ग्राम आमनेर में बीड़ी मांगने के मामूली विवाद से शुरू हुआ झगड़ा हत्या तक पहुंच गया। पुलिस ने इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 10 अक्टूबर को आमनेर स्थित गोड़ा पुल नाला में युवक का शव पानी में तैरता मिला था।

मृतक की पहचान सोनू पाल (26 वर्ष), निवासी ग्राम गातापारा, थाना अभनपुर के रूप में हुई। उसके चेहरे और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। जांच में सामने आया कि 9 अक्टूबर की रात सोनू पाल शराब दुकान के पास शराब पी रहा था। इसी दौरान उसने सुमित बांदे, अजय रात्रे और गुलशन गायकवाड़ से बीड़ी मांगी। मना करने पर विवाद हो गया। तीनों आरोपी सोनू को 'नशा कराने' के बहाने मोटरसाइकिल से आमनेर नाले के पास ले गए और वहां हाथ-मुक्का, कड़ा और पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। शव को पानी में फेंककर फरार हो गए। एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट व थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीनों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



## गार्ड की हत्या का आरोपी धराया

**रायपुर।** जिले के खम्हारडीह थाना क्षेत्र के कचना स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में बीती रात हुई गार्ड की हत्या का आरोपी भिंगराज बघेल (32 वर्ष) गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद कर ली गई है। जानकारी के अनुसार, 10 अक्टूबर की रात लगभग 10 बजे शराब दुकान बंद होने के बाद पीड़ित और स्टाफ दुकान का हिसाब कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति शराब मांगने आया, जिसे गार्ड संदीप पटेल ने मना कर दिया। आरोपी ने गार्ड और स्टॉफ को गाली दी और वहां से चला गया। कुछ देर बाद आरोपी फिर लौटा और लोहे के रॉड से गार्ड संदीप पटेल पर प्राणघातक हमला किया। गार्ड की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



---

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने की मृतक के परिजनों से बात

# भाजपा संगठन और सरकार पीड़ित परिवार के साथ किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा: खंडेलवाल

**प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने मृतक युवक के घर पहुंचकर परिजनों को दी सांत्वना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को भोपाल में पुलिस की पिटाई से मृत युवक उदित गायकी के परिजनों से बात की। खण्डेलवाल के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने मृतक उदित गायकी के अशोका गार्डन स्थित निवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से मृतक के परिजनों की बात कराई।

खण्डेलवाल ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली संवेदनशील भाजपा सरकार ने दोषियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार पीड़ित पक्ष के साथ हैं और हरसंभव मदद करेंगे।

### पीड़ित परिवार से मिले पटवारी, दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग



राजधानी में पुलिस की पिटाई से हुई युवक की मौत के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीड़ति परिवार से मुलाकात की है। उन्होंने मृतक युवक से मुलाकात करते हुए ढांढस बंधाया। पटवारी ने कहा कि यह घटना बताती है कि पुलिस अब हत्या करने लगी है। प्रदेश भर में कानून का पुलिस ने मजाक बना दिया है। ऐसी पिटाई की कि युवक की मौत हो गई। पीड़ति परिवार ने बताया कि पुलिसकर्मी भी शराब ने नशे में थे। नशे की हालत में युवक की पिटाई की। जीतू ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश को नशे में झोक दिया है। पुलिसकर्मी शराब पीकर पीट रहे हैं। डीएसपी का साला भी सुरक्षित नहीं है। यह घटना भोपाल में हुई है। इतने अफसर रहते हैं फिर भी पुलिस को सिर्फ वसूली में मन लगता है। अब तो पुलिस पर भी भरोसा नहीं रहा है। दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करता हूं।

---

तीन कुकर बम बरामद, नारायणपुर पुलिस ने किए नष्ट

# आईईडी घटना के 24 घंटों में नक्सलियों की दूसरी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले के बारसूर इलाके में जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी लगाने वाले छह नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से आईईडी भी जब्त किया था। घटना के 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि नारायणपुर पुलिस ने थाना कोहकामेटा क्षेत्र के ग्राम कोडलियार बिचपारा के जंगलों से तीन नग कुकर बम बरामद किए, जिन्हें बाद में नष्ट कर दिया गया।

**थाना कोहकामेटा क्षेत्र के ग्राम कोडलियार बिचपारा के जंगलों से तीन नग कुकर बम बरामद**



बताया जा रहा है कि नारायणपुर जिले में सर्चिंग पर निकले जवानों ने एक बार फिर नक्सलियों के नापाक मंसूबों को विफल कर दिया। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने पांच-पांच किलो वजनी तीन नग कमांड कुकर आईईडी बम लगाए थे। नक्सलियों ने ये कुकर बम नारायणपुर जिले के थाना कोहकामेटा क्षेत्र के ग्राम कोडलियार बिचपारा और नीचेपारा के बीच के जंगलों में लगाए थे। सर्चिंग के दौरान जवानों को तीन नग कुकर कमांड आईईडी बरामद हुए। सभी आईईडी का वजन पांच-पांच किलोग्राम बताया गया। सुरक्षा बल की बीडीएस टीम ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सभी बमों को नष्ट कर दिया। इसके अलावा, शनिवार को नक्सलियों की सूचना पर दंतेवाड़ा जिले के बारसूर क्षेत्र में पुलिस बल भेजा गया था, जहां से पांच पुरुष नक्सलियों के साथ एक महिला नक्सली को भी गिरफ्तार किया गया। उनके पास से भी आईईडी बरामद किए गए हैं।

## परीक्षण हेतु लिये गये खाद्य पदार्थों के 11 नमूने

# खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने गरूड़ दलों की कार्यवाही जारी

**रविवार को तीन दुकानों में की गई जांच**

जबलपुर।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने जिला प्रशासन द्वारा गठित गरूड़ दलों की कार्यवाही आज रविवार को भी जारी रही। गरूड़ दलों द्वारा खाद्य पदार्थों के विक्रय प्रतिष्ठानों से खोवा के चार, दुग्ध उत्पादों के पांच एवं अन्य खाद्य पदार्थों के दो नमूने परीक्षण हेतु लिये गये। इसके साथ ही एक्सपायरी डेट अंकित न होने के कारण पैकेट बंद नमकीन, सलोनी, लड्डू तथा दूषित पाये जाने पर खोवा, कलाकंद एवं दूध और दही का विनिष्टिकरण भी कराया गया तथा दुकानदारों पर जुर्माना रोपित किया गया।



एसडीएम रांझी श्रीमती मोनिका बाघमारे के नेतृत्व में गठित गरूड़ दल द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित शंकर स्वीट्स एवं रामजी यादव डेयरी एंड स्वीट्स तथा रांझी बाजार स्थित न्यू नरेन्द्र डेयरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रामजी यादव डेयरी एवं स्वीट्स से खोबे का नमूना तथा शंकर स्वीट्स से घी और खोबे का नमूना परीक्षण हेतु लिया गया। शंकर स्वीट्स से एक्सपायरी डेट अंकित न होने के कारण नमकीन के 9 पैकेट, सलोनी के 84 पैकेट, राजगीर के लड्डू के 32 पैकेट एवं चिप्स के 53 पैकेट के विनिष्टिकरण की कार्यवाही भी की गई तथा 6 हजार 350 रूपये का जुर्माना लगाया गया।

इसी प्रकार न्यू नरेन्द्र डेयरी से भी पनीर, घी तथा दूध के नमूने लिये गये और एक्सपायरी डेट अंकित न होने के कारण अनमोल बूंदी के 82 पैकेट का विनिष्टिकरण कराया गया एवं 820 रूपये का जुर्माना रोपित किया गया। न्यू नरेन्द्र डेयरी के भंडार ग्रहण को खाद्य पदार्थों का अस्वास्थकर परीस्थितियों में संग्रहण पाये जाने पर सील कर दिया गया है।

तहसीलदार अधारताल द्वारा अधारताल स्थित विशन स्वीट्स एवं कृष्णा मिल्क डेयरी तथा विजय नगर स्थित श्री कृष्ण डेयरी का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार नीलू बाघरी के नेतृत्व में किये गये इस निरीक्षण में विशन स्वीट्स से खोवा एवं छेना के रसगुल्ले के नमूने लिये गये तथा कीट (कॉकरोच) से दूषित पाये जाने पर 2 क्विंटल खोवा एवं कलाकंद का विनिष्टिकरण कराया गया। इसी प्रकार कृष्णा मिल्क डेयरी से खोवा एवं पनीर के नमूने लिये गये तथा मक्खियां पाई जाने पर 100 लीटर दूध एवं 10 किलोग्राम दही विनिष्टि कराया गया। निरीक्षण की कार्यवाही में श्री कृष्ण डेयरी से खोवा का नमूना लिया गया।

**विशन स्वीट्स का लायसेंस निलंबित**

खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने गरूड़ दल द्वारा रविवार को की गई निरीक्षण की कार्यवाही के दौरान अधारताल स्थित विशन स्वीट्स में दूषित खोवा तथा रसगुल्ला में कीट पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन अभिहित अधिकारी एवं अनुज्ञापन अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा द्वारा इस प्रतिष्ठान का लायसेंस निलंबित कर दिया गया है तथा लायसेंस निलंबन की अवधि में खाद्य कारोबार के संचालन को प्रतिबंधित कर दिया गया है।



# काम्बिंग गश्त में 310 वारंटी गिरफ्तार

**चाकू लेकर घूमते चार आरोपी पकड़े गये**

**जबलपुर।** कानून व्यवस्था को सुदृढरखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिये पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शनिवार की रात 9 बजे से देर रात 2 बजे तक काम्बिंग गश्त की गई. इस दौरान 310 वारंटी पकड़े गये, वहीं अवैध हथियार लेकर घूमते हुये 4 लोग पकड़े गये. इनके पास से चार चाकू जप्त की गई. इसी तरह 22 आरोपियों से 39 लीटर कच्ची और 574 पाव देसी शराब जप्त की गई.काम्बिंग गश्त के लिये शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई. एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे।टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षों से फरार 125 गैर म्यादी वारिटयों एवं 87 जमानती वारंट तामील किए गए तथा 98 म्यादी वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर 39 लीटर कच्ची तथा 574 पाव देशी/विदेशी शराब जप्त की है। इसी प्रकार कांबिंग गस्त के दौरान अवैध हथियार रखकर घूमते हुए 4 आरोपियों को पकडा जाकर 4 चाकू जप्त किये गये । इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।



# 2 शराब तस्करों से देसी व अंग्रेजी शराब जप्त

**बेलबाग और बरेला पुलिस ने पकड़े आरोपी**

जबलपुर।

बरेला एवं बेलबाग पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 7 बाटल एवं 48 पाव अंग्रेजी शराब और 366 पाव देसी शराब जप्त की है। आरोपियों के पास से 4350 रुपये भी जप्त किये गये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिहोरा में 32 वर्षीय सतीश पटेल को गिरफ्तार किया गया. उसके पास से 2 बोरियों में तलाशी लेने पर कुल 316 पाव देशी शराब जप्त की गई. आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया की विक्रम पटेल एवं सोनू के कहने पर वह अवैध शराब बेच रहा था।

इसी तरह बेलबाग पुलिस ने मुख्बिर की सूचना पर गलगला में 32 वर्षीय राहुल सोनकर के पास से बैगपाईपर ब्रांड के 31 पाव और मैकडावल रम के 13 पाव 4 पाव ओल्डमंक रम, 2 बाटल बेगपाईपर व्हीस्की, 1 बाटल आफिसर च्वाईस, 6 बाटल मेकडबल, 50 पाव देशी शराब तथा नगदी 5 हजार 330 जप्त किये गये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# इंस्टाग्राम पर चाकू चमकाने वाला युवक गिरफ्तार

जबलपुर।

सोशल मीडिया पर हथियार लहराने और वीडियो अपलोड करने वालों पर अब पुलिस का शिकंजा कसने लगा है। रांझी थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम पर हाथ में चाकू लेकर वीडियो बनाकर अपलोड करने वाले युवक आदित्य राजपूत को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू भी जब्त किया है और कान पकड़वाकर सोशल मीडिया पर माफी मंगवाई है।थाना प्रभारी उमेश गोलानी ने बताया कि कुछ दिन पहले एक युवक द्वारा अपनी इंस्टाग्राम आईडी से ऐसा वीडियो पोस्ट किया गया था, जिसमें वह हाथ में चाकू लेकर पोज़ दे रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर आदित्य राजपूत को हिरासत में लिया।

पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की और उसके पास से चाकू भी जब्त किया गया। युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो डालने की बात स्वीकार की। बाद में पुलिस ने उसे कान पकड़वाकर सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई।

**पुलिस ने कान पकड़कर माफी मंगवाई**

### सोशल मीडिया पर बढ़ती हथियार संस्कृति पर चिंता

रांझी पुलिस का कहना है कि इस तरह के वीडियो न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि समाज में गलत संदेश भी फैलाते हैं। ऐसे मामलों में पुलिस अब सख्त कार्रवाई की नीति पर चल रही है।थाना प्रभारी ने बताया कि — "सोशल मीडिया पर हथियार दिखाकर वीडियो पोस्ट करना अपराध है। ऐसे युवक अपनी छवि दिखाने के चक्कर में अपराध की राह पकड़ लेते हैं। पुलिस ऐसे सभी मामलों में सख्ती से कार्रवाई करेगी।"

### पुलिस की दोहरी कार्रवाई पर उठे सवाल

रांझी पुलिस की चाकू वीडियो मामले में तत्परता की सराहना हो रही है, लेकिन साथ ही यह सवाल भी उठ रहे हैं कि जब सोशल मीडिया पर कांचघर दशहरा फायरिंग का वीडियो भी वायरल हुआ, तो उस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? स्थानीय लोगों का कहना है कि— "अगर पुलिस सभी मामलों में समान गंभीरता दिखाए, तो शहर में अपराधियों का खौफ खत्म हो जाएगा।"

### सोशल मीडिया पर हथियार दिखाना अपराध

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर हथियार या खतरनाक वस्तु लेकर वीडियो न बनाए या पोस्ट न करे। ऐसे कृत्य आर्म्स एक्ट, आईटी एक्ट और आईपीसी की धाराओं के तहत दंडनीय अपराध हैं।

# जयप्रकाश नारायण व नानाजी देशमुख जयंती भाजपा कार्यालय में मनाई गई

**जबलपुर।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं नानाजी देशमुख की जयंती भा.ज.पा. कार्यालय में संपन्न हुई, आज दिनांक 11 अक्टूबर को भा.ज.पा. संभागीय कार्यालय में लोकतंत्र सेनानी संघ एवं लोकतंत्र प्रहरी संघ के संयुक्त तत्वाधान में जयप्रकाश जी एवं नानाजी देशमुख के संयुक्त जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रत्नेश सोनकर नगर भा.ज.पा. अध्यक्ष एवं ग्रामीण भा.ज.पा. अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर चेनपुरिया ने की, कार्यक्रम का संचालन लोकतंत्र प्रहरी संघ के संभागीय प्रभारी एडवोकेट श्री शैलेश साहू ने की तथा कार्यक्रम का आभार लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला अध्यक्ष श्री अंजलि कुमार सिंह जी ने किया कार्यक्रम को श्री फूलचंद जी पालीवाल, श्रीमती प्रीति शुक्ला, श्री अजय पटेल, श्री राजू साहू, अध्यक्ष लोकतंत्र प्रहरी संघ आदि ने संबोधित किया, स्वागत कार्यक्रम श्री रमाकांत शर्मा जी द्वारा किया गया, इस अवसर पर शैलेंद्र सिंह ठाकुर, चंद कुमार जैन, चंदू डॉक्टर, अभय जैन, जया प्रसाद ताम्रकार, राजन सिंह ठाकुर, संत कुमार असाटी, रमाकांत शर्मा, डॉक्टर अभय जैन, गया प्रसाद ताम्रकार, अजय पटेल, मनोज वर्मा, गोविंद रैकवार, ऐश्वर्या सिंह ठाकुर, श्रीमती प्रीति शुक्ला, राजकुमार साहू राजू अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी प्रिडिक्शन शोभा सेवणकर महिला मोर्चा श्रीमती सीता बर्मन, श्रीमती शर्मा, राजेश साहू अभिषेक साहू, सीमा साहू समस्त लोकतंत्र सेनानी उपस्थित रहें।

# पहले दिन 81 फीसदी बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

**कलेक्टर ने रानी दुर्गावती चिकित्सालय में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ**

**जबलपुर।** पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने जिले में रविवार से प्रारंभ हुये राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तीन दिनों के अतिरिक्त चरण के पहले दिन 80. 98 फीसदी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। पहले दिन पोलियो की दवा पीने से छूट गए बच्चों को सोमवार और मंगलवार को घर-घर जाकर दवा पिलाई जायेगी। पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण का शुभारंभ कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने रानी दुर्गावती चिकित्सालय में बच्चों एवं नवजात शिशुओं को पोलियो की वैक्सीन पिलाकर किया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम राम प्रकाश अहिरवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जबलपुर अभिषेक सिंह एवं रानी दुर्गावती चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ नीता पाराशर एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण में जिले में 5 वर्ष तक की आयु के 3 लाख 89 हजार 454 बच्चों को पोलियो की वैक्सीन देने का का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के पहले दिन इन बच्चों को दवा पिलाने के लिये जिले में 2 हजार 476 पोलियो बूथ बनाये गये थे इनमें बी टाईप के 2हजार 268, सी टाइप के 78 तथा 31 मोबाइल बूथ एवं 99 ट्रांजिट बूथ शामिल हैं।



बरगी बांध अंतर्गत डूब क्षेत्र में मोटर वोट से वैक्सीनेटर टीम को भेजा गया। अभियान के पहले दिन रविवार को 3 लाख 15 हजार 389 बच्चों को पोलियो बूथ पर दवा पिलाई गई जो कुल लक्ष्य का 80.98 है।कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सभी वैक्सीनेटर टीम को अभियान के पहले दिन पोलियो बूथ पर आकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने वाले सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने पहले दिन पोलियो वैक्सीन लेने से छूट गये बच्चों को अभियान के दूसरे दिन सोमवार 13 अक्टूबर एवं तीसरे दिन मंगलवार 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर पोलियो की वैक्सीन पिलाने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने पोलियो की दवा पिलाने मोबाइल टीम में तैनात कर्मचारियों को दूरस्थ क्षेत्रों, श्रमिकों की बस्तियों, कंस्ट्रक्शन साइट एवं ईट भट्टा, क्रेशर आदि स्थानों पर शत-प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाने विशेष ध्यान देना होगा। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने अभियान के पहले दिन करीब 81 फीसदी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिये सभी पोलियो टीम को बधाई दी है। उन्होंने पोलियो टीमों से कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो दवा पीने से वंचित न रहे इसके लिए अगले दो दिनों में उन्हें कारगर रणनीति बनाकर पाँच वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे तक पहुँचना होगा।

## 100वें सेशन में झलकी किताबों की ताकत, बदली ज़िंदगियाँ

# भंवरताल में जबलपुर रीड्स का शतक सत्रः साहित्य और समाज का संगम

जबलपुर।

शहर की साहित्यिक फिज़ाओं में एक ऐतिहासिक पल दर्ज हुआ, जब भंवरताल गार्डन में आयोजित हुआ जबलपुर रीड्स का 100वां सेशन। दो साल पहले नयन और संस्कार जैन द्वारा शुरू की गई यह छोटी-सी रीडिंग कम्युनिटी आज एक जनांदोलन का रूप ले चुकी है, जिसने न केवल किताबों से जुड़ाव बढ़ाया है, बल्कि ज़िंदगियों को भी दिशा दी है।





### कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने की साहित्य की महत्ता पर चर्चा

मुख्य अतिथि कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, जो खुद भी एक लेखक हैं, ने साहित्य की शक्ति को रेखांकित करते हुए कहा, ₹पढ़ना केवल शौक नहीं, मानसिक और सामाजिक विकास की नींव है।₹ उन्होंने सभी को 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' और 'नौकर की कमीज़' जैसी किताबें पढ़ने की सलाह दी। साथ ही एनीमिया जागरूकता अभियान से जुड़ने की भी अपील की।

### 'पांचाली' की प्रस्तुति ने छूए दिल

कार्यक्रम में पूजा केवट की एकल प्रस्तुति पांचाली ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया, वहीं सिद्धार्थ चौहान ने साहित्यिक पहेलियों और चर्चाओं से माहौल को जीवंत रखा। अनिकेत सिंह की नाना पाटेकर शैली में मिमिक्री ने खूब तालियाँ बटोरीं।

### युवाओं ने कविता और शायरी से दी आत्म-अभिव्यक्ति को आवाज़

-पंकज, जो आयुर्वेद के छात्र हैं, ने मंच को एकता का बिंदु बताया और अपनी कविता से सभी को जोड़ा। कामिनी सोनी ने जबलपुर रीड्स से जुड़ने के बाद अपने जीवन में आए बदलाव को कविता के माध्यम से साझा किया।

-प्रो. मानवेन्द्र ने बताया कि पढ़ने के बाद होने वाला डिस्कशन सेशन सबसे प्रभावी हिस्सा होता है, जहाँ हर कोई खुलकर अपने विचार रखता है। लॉ छात्र अमान ने स्वीकारा कि शुरुआत में किताबों से डर लगता था, लेकिन अब वही किताबें आत्मविश्वास का स्रोत बन चुकी हैं।-रंगमंच कलाकार गौरव सेनी ने कहा कि किताबें अभिनय जैसी कलाओं की आत्मा होती हैं। कार्यक्रम में दर्शन जैन समेत कई अन्य सदस्यों ने अपनी रचनाओं से भी कार्यक्रम को साहित्यिक सौंधापन दिया। कार्यक्रम में खास बात यह रही कि कई सदस्य अपने माता-पिता के साथ आए, जिन्होंने भी मंच पर खुलकर संवाद किया। मंच की सुंदर सज्जा अंजली राउत ने की और संचालन डॉ. विशाल सिंह ने अपनी शेरो-शायरी से बांधे रखा। आशुतोष ने अन्य जिलों से आए साहित्यप्रेमियों का स्वागत करते हुए उन्हें भी मंच पर आमंत्रित किया।

### किताबों से जुड़ाव ने बदली ज़िंदगियाँ

जबलपुर रीड्स अब सिर्फ किताबों की बात नहीं करता, यह मंच बन चुका है आत्म-अभिव्यक्ति, संवाद और सामाजिक चेतना का। 100वें सत्र ने यह साबित कर दिया कि शब्दों की दुनिया में वो ताकत है, जो ज़िंदगियाँ बदल सकती है।

# 'क से ग' में खूब गूंजे गीत ग़ज़लों के स्वर, कविता पाठ ने किया मंत्रमुग्ध

जबलपुर।





संस्कृति थिएटर भंवरताल में मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रतिष्ठा आयोजन 'क से ग' (क से किताब- कविता... ग से गीत- ग़ज़ल) के आयोजन में किताब पर बात, आओ सुनें कविता और शाम ए गजल गीत के सत्रों में शहर के साहित्य प्रेमी श्रोताओं की जमकर उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रारम्भ वरिष्ठ रंगकर्मी स्व. अरुण पाण्डेय और वरिष्ठ रंगकर्मी स्व. सीताराम सोनी की स्मृति को समर्पित करते हुए आशुतोष द्विवेदी, विवेक पाण्डेय और अलंकृति श्रीवास्तव ने जनगीत प्रस्तुत किये। किताब की बात सत्र में कोलकाता से आए युवा आलोचक यतीश कुमार ने लोकनाथ के कविता संग्रह खुरदुरे पत्थर पर एवं वरिष्ठ आलोचक डॉक्टर निशा तिवारी ने यतीश कुमार की आत्म संस्मरणात्मक पुस्तक बोरसी भर आंच पर अपने समीक्षात्मक वक्तव्य दिए।

कविता पाठ सत्र में दीपक जायसवाल (दिल्ली), लोकनाथ (उमरिया), कुंदन सिद्धार्थ (जबलपुर), यतीश कुमार (कोलकाता) एवं विनोद पदरज (सवाई माधोपुर) ने मार्मिक एवं भावपूर्ण कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को भावुक कर दिया। शाम ए गजल गीत सत्र नवीन कानगो के ग़ज़ल पाठ से शुरु हुआ और फिर सुप्रसिद्ध वरिष्ठ नवगीतकार यश मालवीय के पूरे देश में प्रसिद्ध नवगीतों के पाठ से संपन्न हुआ।

इस संस्कृति थिएटर परिसर में युवा रंगोली कलाकार अंजलि राउत ने सभी रचनाकारों के चित्र और आयोजन के लोगो को रंगोली में जीवंत कर दिया। साथ ही परिसर का कला संयोजन दविन्दर सिंह ग्रोवर ने किया, मूर्तिकार आरती नागले ने दोनों पुस्तकों की थीम को अपने शिल्प में प्रस्तुत किया, छिंदवाड़ा से आए चित्रकार ध्रुव ने कविता पोस्टरों की प्रदर्शनी लगाई, त्रिलोक सिंह पुस्तकालय ने पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया, इन सभी प्रयोगों को दर्शकों की खूब सराहना मिली। इससे पहले कार्यक्रम के संयोजक विवेक चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की पूर्व पीठिका में कहा कि 'क' हिंदी वर्णमाला का पहला वर्ण भी है और किताब आदमी को और बेहतर आदमी बनाने का एक जरूरी औजार 'क' से ही आज के समय का सबसे जरूरी शब्द बनता है क्यों? जो कि इस क्रूर समय के सामने पूरी ताकत पूरे दमखम से खड़ा होता है, हमारे चारों ओर ऐसा बहुत कुछ है जो सब कुछ 'ख' से खा जाना चाहता है लेकिन हमें 'क स ख' का अतिक्रमण कर 'ग' की ओर बढ़ना होगा, क्योंकि 'ग' से हमारे पास गांधी हैं जो इस काली अमावस में एक दीये की तरह हैं जिसकी लौ टिमटिमा रही है हम सर्वग्रासी भूख के ख का अतिक्रमण करके ग पर पहुंचे हैं और यही रास्ता है यह पढ़ने का रास्ता है यह रचने का रास्ता है इसीलिए हम ऐसे रचनात्मक आयोजन कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष पलाश सुरजन, अपर संचालक वित्त रोहित सिंह कौशल, डॉ आरसी पाण्डेय, विवेक त्रिपाठी, अनमोल वाधवा, प्रकाश तिवारी, राजेश दीवान, एड निखिल तिवारी, वरिष्ठ कथाकार राजेंद्र दानी, डॉ समीर सिंघई, नरेश जैन, वरिष्ठ कवि अभय तिवारी, अनुराग जैन गढ़ावाल, राजकुमार ठाकुर, भारती शुक्ल, एडवोकेट अमित सिंह, अनिरुद्ध सिंह और 300 से अधिक सुधि श्रोता उपस्थित रहे।इस प्रतिष्ठा आयोजन में पीयूष श्रीवास्तव, संजय शर्मा, अलंकृति श्रीवास्तव, संजय इंगले, अजय यादव, मनीष शर्मा, राजेश शुक्ला, भास्कर वर्तक, डॉ. शैलेंद्र पाण्डेय, कृष्णकांत दीक्षित, प्रसून खरे, वासु गंगराडे, नरेंद्र सिंह, नीलेश मालवीय का सहयोग रहा।



## हिन्दी लेखिका संघ ने आयोजित किया दीपावली मिलन समारोह

**जबलपुर।** हिंदी लेखिका संघ मध्यप्रदेश द्वारा दीवाली मिलन समारोह का भव्य आयोजन शनिवार, 11 अक्टूबर को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन संघ की खेल प्रभारी रेखा चौधरी ने हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में किया। समारोह का आयोजन संघ की अध्यक्षा डॉ. कामना श्रीवास्तव के संयोजन में तथा सलाहकार अर्चना मलैया के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर संघ की वरिष्ठ सदस्याएँ डॉ. कामना कौस्तुभ, छाया सक्सेना प्रभु, आरती शर्मा, डॉ. शोभा सिंह, मीना भट्ट, डॉ. गीता गीत, डॉ. अम्बर प्रियदर्शी, ज्योति मिश्रा, रेखा चौधरी, प्रतिमा अखिलेश, डॉ. मुकुल तिवारी, चंद्रप्रकाश वैश्य और सावनी राजू उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में दीवाली की उमंग और उत्साह के साथ विभिन्न मनोरंजक खेलों, कविताओं, गीतों और मस्ती भरे पलों का आनंद लिया गया। नई सदस्याओं का संघ में सादर स्वागत किया गया और सभी ने एक-दूसरे को दीवाली की शुभकामनाएँ दीं।

श्रवणी राजू, डॉ. मुकुल तिवारी, आरती शर्मा, अम्बर प्रियदर्शी, मीना भट्ट, छाया त्रिवेदी ने विभिन्न बौद्धिक खेलों में पुरुस्कार प्राप्त किये। साहित्य सृजन के साथ साथ समाज संस्कृति और बौद्धिक खेलों में भी हिंदी लेखिका संघ जबलपुर सक्रिय रहती है। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षा डॉ. कामना श्रीवास्तव ने सभी सदस्याओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि "लेखिका बहनों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी पहचान है। जीत-हार से ऊपर हमारी एकता और उत्साह हमारी शान है।" पूरे आयोजन में उत्साह और सौहार्द का सुंदर समागम देखने को मिला।



## बच्चों को वितरित की खेल सामग्री और विद्यालय को भेंट किया रोटी मेकर

**बरेला।** स्थानीय रेस्टोरेंट संचालक और समाज सेवी अभिषेक कुमार यादव ने विगत दिवस पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा गौर मे अध्यनरत बच्चों को खेल सामग्री और मध्यान्ह भोजन हेतु मेकर भट्टी ( रोटी बनाने ) प्रदान की ।इस अवसर पर संकुल प्राचार्य श्रीमती आभा वानखेड़े ने अभिषेक कुमार यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह एक अनूठी पहल है । इस अवसर पर सालीवाडा गौर ग्राम पंचायत के सरपंच श्री सौरभ राय, पीएम श्री प्रभारी श्री ध्रुव कुमार गोलहानी एवं शाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

## पथ संचलन कार्यक्रम में शामिल हुए सैकड़ों स्वयंसेवक



**बरेला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन और शस्त्र पूजन कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने उत्साह से सहभागिता की । थाने के सामने रामलीला रंगमंच में एकत्र हुएसैकड़ों स्वयंसेवकों ने शस्त्रों के पूजन के बाद संघ की प्रार्थना की। इसके बाद पूर्ण अनुशासन और उत्साह के साथ नगर में स्वयं सेवकों ने पथ संचलन किया, स्वयंसेवकों के पथ संचलन पर नगर में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के जिला पदाधिकारी ,खंड और अनेक लोग उपस्थित रहे।

# स्वदेशी संकल्प आत्मनिर्भर भारत की नींव : कुलस्ते

## 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य

जबलपुर। मंडला के सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने यहां कहा की स्वदेशी का मूलमंत्र ही आत्म निर्भर भारत का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा स्वदेशी एक नारा नहीं बल्की हर एक भारतीय का संकल्प और जीवन पध्दती है। प्रधानमंत्री के लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के संदर्भ में श्री कुलस्ते यहां भाजपा के संभागीय कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, आत्मनिर्भर अभियान के जिला संयोजक डॉ जितेंद्र जामदार, सह संयोजक श्रीमती तनुश्री सिंह, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकान्त साहू, सह मीडिया प्रभारी रवि शर्मा उपस्थित थे।




पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री कुलस्ते ने कहा की हर भारतवासी स्वदेशी अपना कर आत्म निर्भरता में अपना योगदान दे सकता है। यही आव्हान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।

सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा स्वदेशी का संकल्प एक नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नीव है। यह एक आह्वान है कि अपने देश में उत्पादों को अपनाए, अपनी संस्कृति को गले लगाएं, और अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करें। हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी हमारा मंत्र है, हमारा लक्ष्य है, और हमारी शक्ति है। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा 'स्वदेशी' सिर्फ आर्थिक विषय नहीं, यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि स्वदेशी एक ऐसा अभियान है जो देश के भविष्य को मजबूत करता है और इसका नेतृत्व समाज, विशेषकर युवाओं को करना चाहिए। देश के युवा स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा को बढ़ावा देकर देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहभागिता करें।

**आजादी के बाद पश्चिमी मॉडल अपनाया-** सांसद श्री कुलस्ते ने कहा देश की आजादी के बाद की सरकारों ने पश्चिमी मॉडल और आयात पर निर्भर मिश्रित अर्थव्यवस्था अपनाई, स्वदेशी को प्रोत्साहन नहीं दिया, वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद स्वदेशी को बढ़ावा दिया गया। वर्ष 2014 से पहले हमारी सेनाओं को बुलेट प्रूफ जैकेट तक विदेशों से मंगाई जाती थी। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।



## एनएमएमएस छात्रवृत्ति चयन परीक्षा में 6271 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**जबलपुर।** राष्ट्रीय मेरिट कम मींस छात्रवृत्ति योजना चयन परीक्षा 12 अक्टूबर को जिले के 21 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कुल 6710 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 6271 (93.5%) ने परीक्षा में सहभागिता की। यह परीक्षा कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी।चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक 1000 प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। पात्रता हेतु कक्षा 10 में 60% अंक एवं नवमी से बारहवीं तक प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण होना आवश्यक है।जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा के सफल आयोजन में शिक्षकों और अधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## सेंट अलॉयसियस कॉलेज में ईडी फेस्ट का आयोजन किया गया

जबलपुर।



सेंट अलॉयसियस कॉलेज की उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ द्वारा अंडर 25 जो ज़ेरोधा स्टॉक एंड फाइनेंस कंपनी द्वारा संचालित है, में ईडी फेस्ट का आयोजन किया गया। पहले दिन अंडर 25 की टीम द्वारा ई समिट का आयोजन किया गया, जिसमें स्टैंडअप कॉमेडियन प्रवित्त अरोरा, गायक दिव्यांश खन्ना और मनोवैज्ञानिक अरूबा कबीर शामिल थे। मंच संचालन मुंबई कॉलेज से सानिया ने किया। बंगलौर से आई अंडर 25 टीम ने पहली बार जबलपुर के किसी कॉलेज के साथ मिलकर यह कार्यक्रम किया। दूसरे दिन आईआईटी बॉम्बे के सहयोग से एनईसी (NEC) के लिए इलुमिनेट वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें अरौबा कबीर पठान, फाउंडर, एनसो वेलनेस, हृदयेश रॉय, फाउंडर, केचुआ ऑर्गेनिक्स और रिया सरीन, एडमिशन शाला पुणे मुख्य वक्ता थे।प्रकोष्ठ की इस उपलब्धि पर प्रिंसिपल डॉ. जे. बेन एंटन रोज़ ने डॉ आशु जैन एवं समस्त प्रकोष्ठ को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापकगणों तथा डॉ रीता, डॉ सुरभि, डॉ अमिता, काजल, जागृति, वेनिश का सहयोग रहा। छात्र मंडल से प्रिंसी तिवारी, इत्यादि का सहयोग रहा।



## अयोध्यावासी महिला मंडल ने सुन्दर कांड का आयोजन किया

**जबलपुर।** अयोध्यावासी महिला मंडल की कार्यकर्ता भावना गुप्ता ने बताया कि उजारपुरवा स्थिति अयोध्यावासी समाज द्वारा निर्मित किए गए मंदिर में सुन्दर कांड का आयोजन समाज की महिलाओं के द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ किया गया। सभी के द्वारा भगवान श्रीराम की आरती की गई और सभी को प्रसाद दिया गया। आयोजक भावना गुप्ता ने सभी महिला मंडल की महिलाओं का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया और अपने आराध्य श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त किया।



## सुनील श्रीवास्तव बने प्रदेश महामंत्री, कायस्थ महासभा ने किया सम्मानित

**जबलपुर।** सुनील श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा म.प्र. के प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर उनका अभिनंदन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, डॉ. रेनू श्रीवास्तव, भानु श्रीवास्तव, विवेक खरे, ममता श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, विजय खरे, नीलेश भटनागर आदि ने पुष्पगुच्छ भेंट कर करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा केन्द्रीय पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।




**श्रीमती चंद्रकली उपाध्याय-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री कामता प्रसाद उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकली उपाध्याय (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या रानी अरोरा-** बेदी नगर मेडिकल रोड निवासी श्री मुलकराज अरोरा की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या रानी अरोरा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अंकित रोतिया-** घमापुर निवासी श्री अशोक रोतिया के पुत्र श्री अंकित रोतिया (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जैशनी सोनकर-** दंगल मैदान घमापुर निवासी श्री रामा सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती जैशनी सोनकर (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कांति लाल ओसवाल-** होम साइंस कॉलेज के सामने निवासी श्री कांति लाल ओसवाल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम बक्शी-** प्रगति टावर महानद्दा निवासी श्री किशन बक्शी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बक्शी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती इंद्रा बाई-** बीटी रोड गढ़ा पचमठा मंदिर के पास निवासी श्री रमेश की धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रा बाई (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम पाठक-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री राम गोपाल पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम पाठक (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गोमती बाई-** राजीव गांधी नगर कटंगा केंट निवासी श्री बृज लाल की धर्मपत्नी श्रीमती गोमती बाई (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री चौहान-** पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री राज प्रकाश चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री चौहान (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अमर चौधरी-** छिवला गौरीघाट निवासी श्री द्वारका चौधरी के पुत्र श्री अमर चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना राजपूत-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री मुन्ना राजपूत (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सहदेव दास स्वामी-** व्हीकल रोड मड़ई मस्जिद के पास निवासी सहदेव दास स्वामी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप चौधरी-** शंकर चौक ठक्कर ग्राम मदार टेकरी रोड निवासी श्री कंधी लाल चौधरी के पुत्र श्री प्रदीप चौधरी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला-** कवर्धा हाउस दूसरे पुल के पास निवासी श्री मोहन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती शीला (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
ब्लैक&व्हाईट 300/-
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

## महाकौशल क्षेत्र के रोटेरियन हुए सम्मानित, पुरुषार्थ का हुआ अभिनंदन

**जबलपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 की 'अभिनंदन' अवार्ड सेरेमनी के तहत जबलपुर में महाकौशल क्षेत्र के रोटेरियन का सम्मान किया गया। प्रांतपाल अखिल मिश्र ने कहा, "व्यक्ति का नहीं, उनके पुरुषार्थ का अभिनंदन है।" मंडला, बालाघाट, दमोह, नरसिंहपुर, गाडरवारा, नैनपुर और जबलपुर के रोटेरियन को सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। आयोजन अध्यक्ष संजय बुधिया ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# नर्मदाजल परियोजना में मौत का खेल मजदूरों की जान से निर्मम खिलवाड़!

**पनागर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत महगवां टगर में नर्मदा जनपद जल परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पानी की टंकी पर हो रहा कार्य अब मौत का खेल बन चुका है। परियोजना स्थल पर सुरक्षा नियमों की घोर अवहेलना करते हुए मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के ऊंचाई पर काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ना सेफ्टी बेल्ट, ना हेलमेट, ना किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था मजदूरों की जिंदगी को मानो सस्ता और फेंकने योग्य साधन समझ लिया गया है। परियोजना स्थल की यह भयावह स्थिति हर पल किसी बड़े हादसे की आशंका को जन्म दे रही है। सूत्रों के अनुसार परियोजना के मैनेजर मदन मोहन ने असंवेदनशील और अमानवीय बयान देते हुए कहा कि "जब मौत आती है, तो जाति या धर्म पूछकर नहीं आती।"

यह कथन न केवल उनकी निर्ममता और गैरजिम्मेदारी को उजागर करता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि मजदूरों की सुरक्षा इस परियोजना के लिए कोई मायने नहीं रखती। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और प्रबंधन के बीच भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और मिलीभगत का खेल चल रहा है। लाभ की लालच में सुरक्षा नियमों को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। मजदूरों की जान के साथ यह निर्मम खिलवाड़ किसी अपराध से कम नहीं स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश और असंतोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि नर्मदा जल परियोजना की निष्पक्ष



जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों पर कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो यह परियोजना किसी दिन जनहानि की बड़ी त्रासदी में बदल जाएगी।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे आगे टीसीएस रही




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,94,148.73 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज रही। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,293.65 अंक या 1.59 प्रतिशत चढ़ गया।

### बीएमडब्ल्यू इंडिया की तीसरी तिमाही में बिक्री 21% बढ़ी



**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने इस साल तीसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में अपनी अब तक की सबसे अधिक 4,204 कारों की बिक्री की। यह पिछले साल की समान अवधि की बिक्री से 21 प्रतिशत अधिक है। जर्मनी की लक्जरी वाहन विनिर्माता बीएमडब्ल्यू को उम्मीद है कि जीएसटी दर में कटौती भारत में बढ़ेगी अनुमान से कहीं अधिक है।

### बीते सप्ताह मांग बढ़ने से मूंगफली तेल में सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार में मांग बढ़ने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन तथा संभावित सट्टेबाजी की वजह से दाम ऊंचा लगाये जाने के कारण पाम-पामोलीन के दाम में मजबूती रही। निर्यात मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन तथा आवक बढ़ने के बीच बिनौला तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

### एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स ने 108 करोड़ का कोष जुटाया



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाने वाली कंपनी एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स ने सीरीज-ए इक्विटी वित्त पोषण के तहत 108 करोड़ रुपये की राशि जुटायी है। एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि इस राशि से कंपनी को अपनी विनिर्माण बढ़ाने, एवं विकास को मजबूत करने और 2027 तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के लिए आईपीओ की तैयारी में मदद मिलेगी।

### हमलों को रोकने साइबर योद्धाओं की टीम 24 घंटे काम करती है

# एनएसई पर रोज होते हैं 17 करोड़ साइबर हमले टीम सुनिश्चित करती है निर्बाध परिचालन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को प्रतिदिन लगभग 17 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने को एक्सचेंज को चौबीसों घंटे काम करने के लिए 'साइबर योद्धाओं' की एक समर्पित टीम की आवश्यकता होती है।*

एनएसई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान एक दिन में सबसे अधिक 40 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ा था। इसे डीडीओएस सिमुलेशन के रूप में डिजाइन किए गया था। हालांकि, साइबर हमलावर कर्मियों, मशीनों और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वित प्रयासों के कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाए।

#### कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण

एनएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''एक्सचेंज पर हर दिन लाखों साइबर हमले होते हैं। लेकिन हमारी तकनीकी टीमें, उनकी प्रणाली और तकनीक विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके चौबीसों घंटे इन हमलों का मुकाबला करती हैं। उन्होंने कहा कि साइबर हमलों की संख्या प्रतिदिन 15 करोड़ से 17 करोड़ के बीच है, जिससे टीमों और प्रणालियों के लिए यह कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

#### एक्सचेंज उन्नत सॉफ्टवेयर से लैस

दोनों साइबर सुरक्षा केंद्रों की तकनीकी टीमें लगातार सक्रिय रहती हैं और वित्तीय बाजार के बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर होने वाले हमलों को बेअसर करने और उन्हें रोकने के लिए उन्नत सॉफ्टवेयर से लैस हैं। अधिकारी ने कहा, ''तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों, मशीनों और तकनीक से युक्त मजबूत साइबर सुरक्षा संरचना, एनएसई के संचालन को सुरक्षित बनाती है।''

#### परिणाम एक्सचेंज को प्रस्तुत किए जाते हैं

एनएसई ने अपने संचालन के लिए मजबूत आंतरिक साइबर सुरक्षा उपाय लागू किए हैं और एनएसई अकादमी के माध्यम से एक साइबर सुरक्षा बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जाता है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेडिंग सदस्यों को नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और साइबर-जुझारू क्षमता ऑडिट करवाना पड़ता है, जिसके परिणाम एक्सचेंज को प्रस्तुत किए जाते हैं।




- आपरेशन सिंदूर के दौरान एक दिन में 40 करोड़ साइबर हमले किए गए
- हमले डीडीओएस सिमुलेशन के रूप में डिजाइन किए गया थे
- टीम विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके हमलों का मुकाबला करती हैं

#### हमला उद्योगों के लिए भी गंभीर खतरा

अधिकारी ने बताया कि डीडीओएस हमला सर्वर पर कई स्रोतों से आने वाले ट्रैफिक को बढ़ा देता है, जिससे वह क्रैश हो जाता है या वैध उपयोगकर्ताओं के लिए अनुपलब्ध हो जाता है। यह शेयर बाजार जैसे निर्बाध संचालन पर निर्भर उद्योगों के लिए एक गंभीर खतरा है।

#### हमलों से सुरक्षा के लिए सख्त प्रोटोकाल

सुरक्षा व्यवस्था में ई-मेल, बाहरी डेटा, पेन ड्राइव और डिस्ट्रिब्यूटिड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमलों से सुरक्षा के लिए सख्त प्रोटोकॉल शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन माध्यमों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि का पता चलने पर 'पॉप-अप' और 'अलर्ट' तुरंत जारी किए जाते हैं।

#### वित्तीय बाजार की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा

एनएसई नेतृत्व ने कहा कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में न केवल एक्सचेंज के सिस्टम, बल्कि 'हमसे जुड़ी हर चीज प्रभावित होगी। अधिकारियों ने आगे कहा कि बढ़ते वैश्विक अंतर्संबंध और प्रणाली की जटिलता ने बड़े पैमाने पर साइबर हमलों के जोखिम को और भी प्रासंगिक बना दिया है, जिससे वित्तीय बाजारों की स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है।

#### विदेशी निवेशकों के लिए वेबसाइट बंद की गई

शीर्ष अधिकारियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हुई एक घटना के बारे में जानकारी साझा की।अधिकारियों ने बताया कि उस अवधि के दौरान अत्यधिक सुरक्षा खतरे के जवाब में एनएसई ने एहतियाती उपाय के रूप में विदेशी उपयोगकर्ताओं के लिए अपनी वेबसाइट तक पहुंच को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित करने का एक सचेत निर्णय लिया।

## बाल्को ने भारत के सबसे बड़े स्मेल्टर से पहली धातु का किया उत्पादन

एजेंसी ▶▶| कोरबा



- बाल्को ने 525 किलो एम्पीयर के स्मेल्टर से पहले धातु का उत्पादन

वेदांता एल्युमीनियम की इकाई भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) ने देश के सबसे बड़े 525 किलो एम्पीयर (केए) स्मेल्टर से पहली धातु का उत्पादन करके भारत के एल्युमीनियम क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने यह जानकारी दी।

कंपनी ने बयान में कहा कि यह सफलता बाल्को की मौजूदा 10 लाख टन सालाना विस्तार परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही यह एल्युमीनियम प्रगलन प्रौद्योगिकी में एक नया राष्ट्रीय मानक स्थापित करती है। बाल्को संयंत्र छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित है।

#### भारतीय मानक को छोड़ा पीछे

बयान में कहा गया कि 525 केए प्रगालक तकनीकी प्रगति में एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने 378 केए के पिछले भारतीय मानक को पीछे छोड़ दिया है। बयान में कहा गया कि यह उपलब्धि भारत की एल्युमीनियम आत्मनिर्भरता और औद्योगिक विकास को गति देने में बाल्को की भूमिका को रेखांकित करती है।

#### बाल्को मिलियन टन क्लब में शामिल

बाल्को के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और निदेशक राजेश कुमार ने कहा, ''मिलियन टन क्लब में शामिल होने के साथ, बाल्को भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा में एक नया अध्याय लिख रही है।''उन्होंने कहा, ''इस विस्तार के जरिये हम न केवल घरेलू क्षमता को बढ़ा रहे हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं, संबद्ध उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं और छत्तीसगढ़ तथा उसके बाहर आर्थिक वृद्धि को गति दे रहे हैं।''

## पर्यटन क्षेत्र 25 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| भोपाल

- जीडीपी में 20 लाख करोड़ रुपए का योगदान देता है

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 20 लाख करोड़ रुपये का योगदान देता है और इसके सालाना 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने शनिवार को मध्य प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित 'एमपी ट्रैवल मार्ट' को संबोधित करते हुए कहा कि इस बदलाव के मूल में यह विश्वास निहित है कि पर्यटन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है, न कि एक सहायक उद्योग। शेखावत ने कहा, ''पर्यटन अब हमारे राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। यह 8.4 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है।'' उन्होंने कहा, ''भारत में पिछले साल 2.20 करोड़



पर्यटक आए और घरेलू यात्रियों ने 2.94 अरब यात्राएं कीं। भारत में पर्यटन क्षेत्र के सालाना 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने का अनुमान है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि ये आंकड़े एक सशक्तीकरण की कहानी बयां करते हैं।उन्होंने कहा, ''कारीगरों को नए बाजार मिल रहे हैं, परिवार होम-स्टे चला रहे हैं।

***देश भर में यात्रा को सुगम बनाया*** *शेखावत ने कहा कि इस बदलाव के मूल में यह विश्वास है कि पर्यटन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है, न कि कोई सहायक उद्योग, और राजमार्गों, हवाई अड्डों, अंतर्देशीय जलमार्गों और डिजिटल बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व निवेश ने देश भर में यात्रा को सुगम बनाया है।*

## सिटी टेक्नोलॉजीज करेगा एआई डेटा सेंटर स्थापित

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने रविवार को यहां सिफी टेक्नोलॉजीज के 1,500 करोड़ रुपये के एआई एज डेटा सेंटर और ओपन केबल लैंडिंग स्टेशन की आधारशिला रखी। पचास मेगावाट की यह सुविधा नैस्डैक में सूचीबद्ध सिफी टेक्नोलॉजीज की अनुषंगी कंपनी सिफी द्वारा विशाखापत्तनम में सरकार द्वारा आवंटित 3.6 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है। जिससे समुद्र के नीचे संपर्क और एआई बुनियादी ढांचा मजबूत होगा।' तेलुगू देशम पार्टी के एक बयान में कहा गया, ''लोकेश ने विशाखापत्तनम में सिफी टेक्नोलॉजीज के 1,500 करोड़ रुपये के एआई एज डेटा सेंटर और ओपन केबल लैंडिंग स्टेशन (सीएलएस) की आधारशिला रखी, जो डिजिटल बुनियादी ढांचे में एक नए युग का प्रतीक है।''

## एचसीसी को हिंडाल्को से 204 करोड़ का मिला ठेका

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (एचसीसी) ने कहा कि उसे ओडिशा में आदित्य एल्युमीनियम स्मेल्टर विस्तार परियोजना के तहत पॉट शेल निर्माण, आपूर्ति और स्थापना के लिए हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड से 204 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। एल्युमीनियम गलाने की क्षमता को 2,00,000 टन प्रति वर्ष बढ़ाने की बड़े पैमाने की पहल का प्रमुख हिस्सा है।

## भारत ने 7.75 लाख टन चीनी का किया निर्यात ...



**नई दिल्ली।** भारत ने इस साल सितंबर तक समाप्त हुए चीनी विपणन सत्र में लगभग 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। चीनी व्यापार संगठन ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (एआईएसटीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। चीनी का विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। 2024-25 के लिए भारत में चीनी निर्यात की अनुमति 20 जनवरी 2025 को दी गई थी, जिसमें कुल 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की मंजूरी शामिल थी। एआईएसटीए के अनुसार, मिलों ने 2024-25 के विपणन सत्र के फरवरी से सितंबर के बीच कुल 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। इसमें इस वर्ष सितंबर तक सफेद चीनी का निर्यात 6.13 लाख टन, रिफाइंड चीनी का 1.04 लाख टन और कच्ची चीनी का 33,338 टन हुआ है। अबतक हुए कुल निर्यात में सबसे अधिक चीनी जिबूती भेजी गई है, जो 1.46 लाख टन है।


**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र संख्या 43/2025

निविदा सं 20255017 जिसके खुलने की तिथि 14/10/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/96/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं– Tender No. & short Description : 20255017 Description- सप्लाई फिटमेंट एंड कमीशनिंग ऑफ the एनर्जी optimizer इन इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव, Tender Opening date: From 14/10/2025, To 28/10/2025, अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट: https://www.ireps.gov.in. देखें।

(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**खड -1 ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमंडल अधिकारी दक्षिण ( उत्पा.) वनमंडल बालाघाट मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या / / ई-टेंडरिंग / 2025-26/2096 बालाघाट, दिनांक-09-10-25

1. वनमंडल अधिकारी दक्षिण ( उत्पा.) वनमंडल बालाघाट द्वारा म.प्र. भण्डार क्रम नियम एवं रोना उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022 ) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | कानस त्रिकोण (Steel Trinngular Fiel's 200mm hy. Tapper) प्रति नग | 2700 | 1,000/- Tax extra |
| 2 | आरा प्रति नग 1.5 मीटर साईज (PEG TOOTH SAW) (1500 mm x 140x2.0 N1.6MM) | 10000 | |
| 3 | ऐड पट्टी प्रति नग | 1000 | |
| 4 | जोंगा रस्सा प्रति किलोग्राम | 1000 | |
| 5 | Measuring Tap 10 Mtr. ( नाप तौल विभाग द्वारा निर्धारित मानकों अनुसार) प्रति नग | 1000 | |
| 6 | Measuring Tap 02 Mtr. ( नाप तौल विभाग द्वारा निर्धारित मानकों अनुसार) प्रति नग | 1000 | |
| 7 | Measuring Tap 05 Mtr. ( नाप तौल विभाग द्वारा निर्धारित मानकों अनुसार) प्रति नग | 1000 | |
| 8 | ब्लेक जापान पेट, प्रति लीटर | 2300 | |
| 9 | गेरू प्रति किलोग्राम | 1000 | |
| 10 | चूना प्रति किलोग्राम | 3500 | |
| 11 | आईल चाक सफेद प्रति नग | 1000 | |
| 12 | एल्यूमिनियम (सिल्वर पेंट) प्रति लीटर | 5500 | |
| 13 | तारपीन प्रति लीटर | 2000 | |
| 14 | ऑईल पेंट (काला / हरा / सफेद) प्रति लीटर | 2000 | |
| 15 | खडिया चाक प्रति किलोग्राम | 1000 | |
| 16 | नायलोन रस्सा (20 एम.एम.) प्रति किलोग्राम | 1000 | |

निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय बेवसाई www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है । इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 09/10/2025 बजे 11:00 AM से दिनांक 23/10/2025 बजे 5:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in

| क्रमांक | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Published Date | 09/10/2025 | 17:00 PM |
| 2 | Document Sale Start Date | 09/10/2025 | 17:00 PM |
| 3 | Bid Submission Start Date | 09/10/2025 | 17:00 PM |
| 4 | Bid Submission End Date | 23/10/2025 | 17:00 PM |
| 5 | Bid Opening Date | 24/10/2025 | 17:00 PM |

वनमंडल अधिकारी
दक्षिण ( उत्पा.) वनमंडल
बालाघाट

G-19908/25 "स्वच्छता ही सेवा"


## बीते माह टाटा मोटर्स मारुति की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी, हुंडई की घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- खुदरा बिक्री में पिछले महीने सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई
- हुंडई और टोयोटा की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट

टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की खुदरा बिक्री में पिछले महीने सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई है। सितंबर के यात्री वाहन पंजीकरण के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

वहीं दूसरी ओर सितंबर में हुंडई मोटर इंडिया और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बाजार हिस्सेदारी में सालाना आधार पर गिरावट आई है। टाटा मोटर्स ने पिछले महीने अपनी बाजार हिस्सेदारी में सुधार देखा और पिछले साल की समान अवधि की तुलना में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 13.75 प्रतिशत हो गई। पिछले साल इस महीने में कंपनी ने 32,586 वाहन बेचे थे और कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 11.52 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार, मारुति सुजुकी इंडिया ने सितंबर में कुल 1,23,242 इकाइयों की खुदरा बिक्री की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 41.17 प्रतिशत हो गई। सितंबर, 2024 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 40.83 प्रतिशत और बिक्री 1,15,530 वाहन रही थी। कुल मिलाकर, पिछले महीने यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 2,99,369 इकाई रही, जो पिछले साल सितंबर के 2,82,945 इकाई के आंकड़े की तुलना में छह प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन महीने में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 37,659 यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 12.58 प्रतिशत रही।

#### हुंडई की बाजार हिस्सेदारी 11.96 फीसदी रही

पिछले साल इसी अवधि में उसने 35,863 वाहन बेचे थे और उसकी बाजार हिस्सेदारी 12.67 प्रतिशत रही थी। हुंडई मोटर इंडिया की खुदरा बिक्री पिछले महीने 35,812 इकाई रही। जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 11.96 प्रतिशत रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 38,833 वाहन बेचे थे और उसकी बाजार हिस्सेदारी 13.72 प्रतिशत रही थी।

#### टोयोटा की बाजार हिस्सेदारी घटकर 6.78 फीसदी रह गई

इसी तरह, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने घटकर 6.78 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 7.35 प्रतिशत थी। कंपनी की खुदरा बिक्री पिछले महीने 20,303 इकाई रही, जबकि सितंबर, 2024 में यह 20,792 इकाई थी। किआ इंडिया की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने सालाना आधार पर मामूली घटकर 6.78 प्रतिशत रही।

## एसीएमई समूह डीआरआई के लिए करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** एसीएमई समूह डायरेक्ट रिड्यूस आयरन (डीआरआई) सुविधा स्थापित करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में 12 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की क्षमता वाली इकाई स्थापित की जाएगी, जिसमें ग्रीन एचबीआई/जीआरआई (ग्रीन हॉट ब्रिकेटेड आयरन और ग्रीन डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन) का उत्पादन किया जाएगा, जिसका उपयोग हरित इस्पात के निर्माण में किया जाएगा। ''हमारी नई सुविधा कुछ न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन वाले ग्रीन एचबीआई और डीआरआई उत्पादों का उत्पादन करेगी, जो देश में स्वच्छ प्रौद्योगिकी समाधान के अगुवा के रूप में हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।/''





**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रिसाली**

क्र. /भ.अ.वि./2025/153 रिसाली, दिनांक 08.10.2025

**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, रिसाली क्षेत्रान्तर्गत अवैध कॉलोनियों का नगर पालिक निगम (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन तथा शर्त) नियम 2013 के नियम 15 (क) अतर्गत 31 जुलाई 2019 तक अस्तित्व में आयी अनाधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण किये जाने हेतु अभिन्यास तैयार किया गया है, जिस हेतु संबंधित क्षेत्र के भूस्वामी / निवासियों से उक्त स्थल के तैयार अभिन्यास में आपत्ति / सुझाव दिनाक 28/10/2025 तक आमंत्रित किया जाना है। उक्त प्रस्तावित कोलोनियों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | स्थल/कॉलोनी का नाम | खसरा क्र. | रकबा |
|---|---|---|---|
| 01 | सरस्वती कुंज पूर्व रिसाली | 652/1249, 654, 655, 658, 659, 660, (P)665 | 2.00 हेक्टेयर |

उक्त निर्धारित अवधि के भीतर अपनी आपत्ति / सुझाव लिखित रूप से कार्यालय, नगर पालिक निगम रिसाली के भवन अनुज्ञा शाखा में भवन निर्माण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रिसाली



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड छिन्दवाड़ा**

**निविदा आमंत्रण सूचना** निविदा जारी करने का दिनाक 08.10.2025

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://WWW.mptenders.gov.in पर आमंत्रित है निविदाओ हेतु निविदा प्रपत्र डाउन लोड / क्रय करने की दिनांक 08 अक्टूबर 2025 समय 10.30 बजे से प्रारंभ है । निविदा का विवरण निम्नानुसार है कार्य का नाम - छिन्दवाड़ा जिले के खंड छिंदवाडा अधीन विकासखण्ड बिछुआ के ग्रामों मे स्थापित हैण्डपंपो का एक वर्ष तक नियमित निरीक्षण संधारण ग्रीसिंग एवं आवश्यकतानुसार क्लोरिनेशन आदि कार्य ।

| ई- टेण्डर आई.डी क्र. | निविदा क्रमांक दिनांक | विकास खण्ड /हैण्डपंपो की संख्या | अनुमानित लागत (रु.लाख) में | अमानत राशि रुपए | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि /समय | बिड ओपन करने की तिथि /समय | ठेकेदार की श्रेणी | हैण्डपंप संधारण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025- PHED - 456333-1 | 37/25-26 dt 08/10/2025 | बिछुआ हैण्डपंप 984 | 13.28 | 26560 | 2000 | 23/10/2025 5:30PM | 24/10/2025 5:30PM | म.प्र.लो.नि. वि.की नवीन केन्द्रीकृत पद्धति में पंजीकृत | 1 वर्ष |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए. टी. एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किए जा सकते है । विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती है ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड छिंदवाडा म.प्र.

G-19869/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स ) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 18/ वर्ष 2025 - 26 / कार्य.यं. **निविदा सूचना** नरसिंहपुर, दिनांक 08/10/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_PWDRB_410420_8 | नरसिंहपुर | बी.टी. रिन्युवल | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत करेली एवं तेन्दूखेड़ा रेस्ट हाउस एप्रोच मार्ग लंबाई 0.70 कि.मी. का बी.टी. रिन्युवल कार्य ।(आठवां आमंत्रण) | 13.93 | 28,000 | 2,000 | आठवां आमंत्रण | 01 माह (वर्षा ऋतु रहित) | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2025_PWDRB_456198_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण भवन | गोटेगांव उपसंभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों के समस्त प्रकार के मरम्मत का कार्य । | 19.05 | 40,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 03 माह (वर्षा ऋतु सहित) | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 3 | 2025_PWDRB_456199_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण भवन | जिला नरसिंहपुर के उपसंभाग नरसिंहपुर अंतर्गत प्रस्तावित वीवीआईपी दौरे के दौरा कार्यक्रम के लिए कंक्रीट हेलीपैड का निर्माण । | 19.95 | 40,000 | 2,000 | तृतीय आमंत्रण | 03 माह (वर्षा ऋतु सहित) | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 4 | 2025_PWDRB_456210_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण भवन | उपसंभाग नरसिंहपुर के अंतर्गत जिला मुख्यालय के वीवीआईपी आवासीय बंगलों के एस. आर. एम. ओ.डब्ल्यू. एवं समस्त प्रकार के रखरखाव और नवीनीकरण मरम्मत के कार्य । | 19.50 | 40,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 03 माह (वर्षा ऋतु सहित) | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 5 | 2025_PWDRB_456391_1 | नरसिंहपुर | निर्माण | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत सिद्ध सरोवर मेंहगवां गुनदे से सडूमर (वाटर पाईप लाईन एवं पोल शिफ्टिंग कार्य सहित) मार्ग लंबाई 1. 00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 84.35 | 84,500 | 10,000 | प्रथम आमंत्रण | 03 माह (वर्षा ऋतु सहित) | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 50.00 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 22/10/2025, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 22/10/2025, (17.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग ( भ/ स ) - संभाग नरसिंहपुर

G-19867/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

## चिंतन

# चीन-अमेरिका में फिर शुरू होगी आर्थिक जंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर 'आर्थिक जंग' को भड़काते हुए चीन पर 100% अतिरिक्त शुल्क लगा दिया। इससे दोनों देशों के बीच 'ट्रेड वार' और तेज होगी। दोनों देशों के बीच अधिकांश व्यापार ठप होने की आशंका है। दूसरी तरफ, ट्रंप का कहना है कि यह कदम चीन द्वारा दुर्लभ धातुओं के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों के जवाब में उठाया है। वहीं, चीन ने भी इसका कड़ा विरोध किया और कहा कि वह टकराव नहीं चाहता, लेकिन उकसाए जाने पर जवाबी कार्रवाई करेगा। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि वे टैरिफ युद्ध से डरते नहीं हैं और अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे। बता दें कि रेयर अर्थ मिनरल्स का सबसे ज्यादा इस्तेमाल स्मार्टफोन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक कार, सेमीकंडक्टर या चिप से जुड़े उद्योगों, पानी से चलने वाले टरबाइन और जेट इंजन जैसे उत्पादों में किया जाता है। इस टकराव का असर पूरी दुनिया की सप्लाई चेन पर पड़ेगा। चीन का दुनिया की 70% रेयर अर्थ सप्लाई और 90% प्रोसेसिंग पर नियंत्रण है। ऐसे में अमेरिका या यूरोप के किसी देश के लिए इन खनिजों के बिना तकनीकी उत्पादन जारी रखना असंभव है। इस कदम से टेक कंपनियों, ऑटोमेकर्स और डिफेंस सेक्टर की लागत कई गुना बढ़ेगी। शुक्रवार को ट्रंप ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की। नया टैरिफ 1 नवंबर से प्रभावी होगा। चीन से अमेरिका में आने वाले सामानों पर पहले से 30% टैरिफ है। ऐसे में चीन पर कुल 130% टैरिफ लगेगा। इससे पहले ट्रंप ने चीन पर 145% टैरिफ लगाया था, तब चीन ने यूएस पर 125% टैक्स लगाया था। बातचीत के बाद अमेरिका ने टैरिफ 30% और चीन ने 10% किया था। कुछ समय की शांति के बाद अब दोनों देश फिर ट्रेड वॉर की कगार पर खड़े हैं। इस फैसले से इसी माह होने वाली अमेरिका और चीन के राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात भी अधर में लटक सकती है। भारत के संदर्भ में इसे देखें तो अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी तेल खरीद पर नाराजगी के चलते भारत पर 50% टैरिफ लगाया है, जिसका भारत ने कड़ा विरोध करते हुए उसे पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया है। हालांकि चीन-अमेरिका के बीच ट्रेड वार में भारतीय निर्यातकों को फायदा हो सकता है। चीन से जाने वाला सामान अमेरिका में महंगा होगा। इससे अब अमेरिकी बाजार में चीन की जगह भारत ले सकता है। इससे कपड़ा, खिलौना और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे सेक्टरों में निर्यात बढ़ेगा। इससे पहले चीन ने रेयर-अर्थ एलिमेंट्स और संबंधित वस्तुओं पर निर्यात नियंत्रण उपाय जारी किए थे। चीन के पास दुनिया के 17 प्रमुख रेयर अर्थ खनिज हैं। पहले वह इनमें से 7 पर नियंत्रण रखता था, उसने 5 और पर निर्यात प्रतिबंध लगा दिए। अब चीन का नियंत्रण 12 पर हो गया। अब कोई विदेशी कंपनी अगर इन खनिजों का इस्तेमाल करेगी, तो उसे चीनी सरकार से लाइसेंस लेना होगा। तकनीक के रथ पर सवार 21वीं शताब्दी का उभार बहुत हद तक रेयर अर्थ मिनरल्स पर टिका है। लेकिन इसमें महारत रखने वाले चीन ने जैसे ही निर्यात नियमों पर सख्ती लागू की तो अमेरिका ने भी ड्रैगन के सभी उत्पादों पर 100% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इससे दुनिया के दो बड़े देशों के बीच 'आर्थिक जंग' गहराने का खतरा बढ़ गया है। यदि यह जंग और बढ़ती है तो सभी देशों को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।



संदेश
राजीव खंडेलवाल

# नोबेल पुरस्कार ने अपनी इज्जत बचाई

> वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाना विश्व के सभी लोकतांत्रिक (तथाकथित) तानाशाहों के लिए स्पष्ट संदेश है। जो भी व्यक्ति लोकतंत्र को बचाने और उसे सशक्त बनाने के लिए कदम उठाएगा, विश्व उसके शांतिपूर्ण प्रयासों को नमन करेगा, चाहे वह सत्ता के विरुद्ध ही क्यों न खड़ा हो। वास्तव में नोबेल शांति पुरस्कार का उद्देश्य भी यही है-शांति को बढ़ावा देना, मानवाधिकारों की रक्षा करना और संघर्षों के समाधान में योगदान देना। इस बार नोबेल समिति ने न केवल एक सच्चे लोकतंत्र सेवी को सम्मानित किया, बल्कि स्वयं "नोबेल" की गरिमा और प्रतिष्ठा भी अक्षत रखी।

नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने 10 अक्टूबर को ओस्लो में वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की है। यह सम्मान उन्हें वेनेजुएला के नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण संक्रमण के लिए किए गए उनके अथक प्रयासों के कारण दिया गया। वस्तुतः मारिया को यह पुरस्कार दिया जाना विश्व के सभी लोकतांत्रिक (तथाकथित) तानाशाहों के लिए स्पष्ट संदेश है। जो भी व्यक्ति लोकतंत्र को बचाने और उसे सशक्त बनाने के लिए कदम उठाएगा, विश्व उसके शांतिपूर्ण प्रयासों को नमन करेगा, चाहे वह सत्ता के विरुद्ध ही क्यों न खड़ा हो। वास्तव में नोबेल शांति पुरस्कार का उद्देश्य भी यही है-शांति को बढ़ावा देना, मानवाधिकारों की रक्षा करना और संघर्षों के समाधान में योगदान देना। नोबेल पुरस्कार में एक मिलियन अमेरिकन डॉलर अर्थात 8.30 करोड़ रुपये की राशि भी मिलेगी। अंततः नोबेल पुरस्कार की जीत हुई।

जब से डोनाल्ड ट्रंप ने वर्ष 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार पाने की "हुंकार" लगाते हुए स्वयंभू दावेदारी भरी थी, तभी से ट्रम्प की दादागिरी, सनक व ''टैरिफ वार'' के ''हथियार'' का उपयोग कर विश्व में ट्रम्प के बढ़ते दबाव के कारण "नोबेल पुरस्कार" बहुत डरा हुआ ''असहज'' हो गया था। एक वजह यह भी थी कि "नोबेल" किसी "कसाई के खूंटे से बंधने" के लिए तैयार नहीं था और न ही घुटने टेकने के लिए तैयार था। क्योंकि "नोबेल" तो "शांति का प्रतीक" है, जिसे कोई "शांति दूत" ही प्राप्त करने का अधिकारी हो सकता है। जबकि विश्व के विभिन्न हिस्सों में चल रहे अधिकांश युद्धों में विश्व का "दादा" बनने की चाह में ट्रंप की भूमिका प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रही है। ट्रम्प पहले युद्ध को भड़काने और बढ़ाने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाते हैं, और फिर "चौधरी" बनकर ''चौधराहट'' कर सैन्य शक्ति और बमबारी के दम पर शांति स्थापित करने की नौटंकी कर "नरेटिव" बनाने की कोशिश करते हैं। ट्रंप की यह तथाकथित "शांति स्थापना" असल में 24 कैरेट की नहीं, बल्कि 5 माइक्रोन गोल्ड-पॉलिश वाली थी। दिखने में चमकदार, पर असली नहीं। सच तो यह है कि अगर अमेरिका अपने सैन्य उद्योगों व सामानों के लिए बाजार के लिए युद्ध न भड़काए, तो विश्व में स्वयंमेव शांति बनी रह सकती है। आखिर "जिसका धंधा ही कफन और ताबूत का हो, वह शांति कैसे चाहेगा!" यही कारण है कि इस बार वास्तव में शांति और लोकतंत्र दोनों की जीत हुई है। पिछले छह महीनों से डोनाल्ड ट्रंप हर मंच पर जबरदस्त लॉबिंग कर प्रयासरत थे कि उन्हें 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार मिल जाए। ट्रम्प ने दूसरे देशों पर भी जबरदस्ती दबाव बनाया। इतने अति आत्मविश्वास में थे कि उन्होंने वाईट हाउस में नोबेल पुरस्कार मिलने की आशा में स्वागत कार्यक्रम की तैयारी भी चालू कर दी थी। उनका तर्क था कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम से लेकर विश्व के कई हिस्सों में "शांति स्थापित करने" के सफल प्रयास किए हैं। अमेरिका के प्रतिष्ठित समाचार पत्र "द गार्जियन" के अनुसार, ट्रंप नोबेल पुरस्कार पाने की दृष्टि से इतने मोहग्रस्त हो गए थे कि उन्होंने अपनी विदेश नीति ही इस उद्देश्य से गढ़ ली थी। परंतु ट्रंप यह भूल गए कि "नोबेल"




पाने के लिए सिर्फ युद्धविराम नहीं, बल्कि मन और मंशा दोनों की शांति जरूरी है। अतः ''ट्रंप कार्ड'' (तुरूप का एक्का) नहीं चला। ट्रंप ने "नई टैरिफ नीति" लाकर "टैरिफ वॉर" छेड़ दी। यानी तथाकथित शांति की बात करते-करते नई ''अशांति'' पैदा कर दी। नोबेल के लिए जिस शांति की आवश्यकता है, वह सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक राजनैतिक, संवैधानिक, व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक समस्त क्षेत्रों में। सच तो यह है कि "कच्चे घड़े में पानी भरने के प्रयास में घड़ा बिखर जाता है" | हुआ यही। आज चर्चा इस बात की नहीं कि नोबेल पुरस्कार किसे मिला, बल्कि इस बात की ज्यादा है कि ट्रंप को नहीं मिला! यही असल में "नोबेल पुरस्कार" की जीत है, जिसने ट्रंप के बनाये "नरेटिव" को पूरी तरह ध्वस्त कर अपनी सर्वकालीन प्रतिष्ठा बनाये रखी। वैसे विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्ष प्रेसिडेंट ट्रंप द्वारा नोबेल पुरस्कार की ''गंभीर दावेदारी करने'' नोबेल पुरस्कार की महत्ता व प्रतिष्ठा पर मोहर लगी। "नोबेल पुरस्कार" डोनाल्ड ट्रंप जैसे व्यक्ति के पास न जाकर सचमुच में उसने अपनी इज्जत बचा ली। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि "चक्की में से साबुत निकल आने वाले" ट्रंप ने भारत में अपने संपर्कों के माध्यम से किस तरह का दबाव बनाने की कोशिश की थी। परंतु अंततः वे औंधे मुंह ही गिर पड़े। "ऑपरेशन सिंदूर" के बाद भारत-पाक युद्ध विराम का श्रेय लेने के लिए उन्होंने लगभग 50 बार दावा किया। यद्यपि भारत ने अधिकतम रूप से इससे इंकार किया। परन्तु प्रधानमंत्री मोदी ने उनका नाम लेकर कभी सीधा खंडन नहीं किया। ट्रंप के "पालित जमूरे" पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के साथ परस्पर घोर विरोधी इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ट्रंप को नोबेल पुरस्कार दिए जाने के लिए नामजद किया। इसी प्रकार अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव सहित पांच देशों ने भी उसी तर्ज पर उनका समर्थन किया। अहा! "सूप बोले तो चलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद।" ''विश्व का सबसे पुराना'' लोकतंत्र वाला देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने "विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र" देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के विरुद्ध की गई सैन्य कार्रवाई से टैरिफ वार की धमकी द्वारा "बातचीत की टेबल" पर लाने का दावा कर अपने लिए "नोबेल" का रास्ता खोला। परंतु सच यह है कि "कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय के मद में चूर" ट्रंप ने खुद को "पीस प्रेसिडेंट" बताते हुए नौ महीने के कार्यकाल में "आठ युद्धों को समाप्त करने" का झूठा दावा किया। लोकतंत्र का सीधा संबंध शांति से होता है। यही कारण है कि तानाशाही शासक वाला देश वेनेजुएला में लोकतंत्र की रक्षा हेतु 30 वर्षों से संघर्षरत मारिया को यह पुरस्कार मिला।

आज जब हम चारों ओर नजर दौड़ाते हैं, तो पाते हैं कि लोकतांत्रिक देशों में भी "प्राकृतिक शांति" नहीं, बल्कि "दादागिरी की शांति" हावी है। लोकतंत्र भी आजकल निर्वाचित निरंकुश में बदल गया। ट्रंप अपनी "दादागिरी" स्थापित करने के लिए कभी युद्ध करवाते हैं, कभी रुक जाते हैं। नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए आपको "शांति दूत" बनना पड़ता है, न कि ''शांति का व्यापारी''। लेकिन आज की विश्व व्यापी राजनीति में भी ''परसेप्शन और ब्रांडिंग'' का बोलबाला है। इसलिए ट्रंप पहले युद्ध के मैदान ''सजाते'' हैं, दो देशों के बीच तनाव को बढ़ाते हुए युद्ध के दुष्चक्र में झोंक देते हैं, फिर कैमरे के सामने शांति के ''मसीहा'' बनने का असफल प्रयास करते हैं। इस बार नोबेल समिति ने न केवल एक सच्चे लोकतंत्र सेवी को सम्मानित किया, बल्कि स्वयं "नोबेल" की गरिमा और प्रतिष्ठा भी अक्षत रखी। इसलिए कहा जा सकता है। "नोबेल जीता नहीं, बल्कि इस बार सचमुच 'शांति' ने जीता है।"

*(लेखक पूर्व बैतूल नगर सुधार न्यास अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## स्वास्थ्य
मुनीष भाटिया




# त्योहारों की मिठास में घुल रहा मिलावट का ज़हर

भारत त्योहारों का देश है, जहाँ हर पर्व खुशियों, रिश्तों और मिठास का प्रतीक माना जाता है। दिवाली, दशहरा, रक्षाबंधन या होली, हर उत्सव में मिठाइयाँ हमारे भावनात्मक जुड़ाव का हिस्सा बन जाती हैं। कोई रिश्ता बिना मिठाई के अधूरा लगता है, क्योंकि यह मिठाई हमारी संस्कृति की पहचान है। दुखद सच्चाई यह है कि आज यही मिठाई धीरे-धीरे ज़हर में बदलती जा रही है। हर त्योहारी सीजन में मिलावटी मिठाइयों और नकली मावे का कारोबार चरम पर पहुँच जाता है, जिससे न केवल त्योहारों की पवित्रता प्रभावित होती है बल्कि आम लोगों का स्वास्थ्य भी गंभीर खतरे में पड़ जाता है। त्योहारों के समय मिठाइयों की मांग अचानक कई गुना बढ़ जाती है। बढ़ती मांग के बीच कुछ व्यापारी लालच के चलते शुद्धता की जगह सस्ते और हानिकारक विकल्पों का सहारा ले लेते हैं। असली दूध या खोये की जगह सिंथेटिक मावा बनाया जाता है, जिसमें यूरिया, डिटर्जेंट, तेल और स्टार्च जैसी चीजें मिलाई जाती हैं। यह दिखने में भले ही असली लगे, पर शरीर के लिए ज़हर साबित होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे पदार्थ लिवर, किडनी और दिल पर सीधा असर डालते हैं और लंबे समय में कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। त्योहारों से पहले देश के अलग-अलग राज्यों में खाद्य विभाग और पुलिस द्वारा भारी मात्रा में नकली मावा और दूध की खेप पकड़ी जाती है। पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली-एनसीआर, आगरा, मथुरा, कानपुर, झांसी, ग्वालियर और भोपाल में लाखों लीटर मिलावटी दूध और सैकड़ों किलो नकली मावा पकड़ा गया है। कई बार ये खेपें राज्यों की सीमाओं के पार से ट्रक भरकर लाई जाती हैं, ताकि त्योहारों के समय अचानक बढ़ी हुई मांग को पूरा किया जा सके। यह स्पष्ट होता है कि त्योहारों की भीड़-भाड़ और बढ़ते उपयोग ने मिलावटखोरों के लिए एक बड़ा और संगठित बाजार तैयार कर दिया है, जहाँ लालच के आगे न तो सेहत की चिंता बची है और न ही नैतिकता की परवाह। आज मिठाइयों की चमक जितनी बढ़ी है, उतनी ही उसमें खतरे की परतें भी चढ़ी हैं। बाजारों में बिकने वाली चमकीली बर्फी और रंगीन मिठाइयाँ आकर्षक ज़रूर लगती हैं, लेकिन अक्सर इनमें कृत्रिम रंगों और रसायनों का प्रयोग किया जाता है। ये रंग खाद्य उपयोग के लिए प्रमाणित नहीं होते। इन्हें वस्त्र या पेंट उद्योग में इस्तेमाल किया जाता है, पर सस्ते दामों में आसानी से मिलने के कारण कई व्यापारी इन्हें मिठाइयों में मिला देते हैं। ये रंग शरीर में एलर्जी, पेट के संक्रमण, त्वचा संबंधी रोग और दीर्घकाल में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकते हैं। भारतीय मिठाइयों की पहचान कहे जाने वाली 'चांदी का वर्क' भी अब शुद्धता की गारंटी नहीं रह गया है। परंपरागत रूप से यह वर्क असली चांदी से बनाया जाता था, जो शरीर के लिए हानिकारक नहीं है। परंतु अब कई जगहों पर एल्यूमिनियम से बने नकली वर्क का उपयोग हो रहा है, जो सस्ता होता है लेकिन स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। यह एल्यूमिनियम शरीर के तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचाता है और लंबे समय तक सेवन करने पर याददाश्त कमजोर होने, सिरदर्द और न्यूरोलॉजिकल विकारों का कारण बन सकता है। कई बार मिठाई बनाने वाली इकाइयों पर छापेमारी भी होती है और मिलावटी मावा या रंगीन पदार्थ जब्त किए जाते हैं। परंतु सच्चाई यह है कि ये कार्रवाइयाँ अक्सर सीमित और दिखावटी रह जाती हैं। कई बार पकड़े गए व्यापारी मामूली जुर्माना भरकर फिर वही कारोबार शुरू कर देते हैं। स्थायी सुधार तब तक संभव नहीं, जब तक खाद्य सुरक्षा कानूनों को सख्ती से लागू न किया जाए और दोषियों को कठोर दंड न मिले। मिलावटी मिठाइयाँ सिर्फ स्वाद की धोखाधड़ी नहीं, बल्कि जीवन के साथ खिलवाड़ हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह और भी खतरनाक साबित होता है। त्योहारों के मौसम में खाद्य सुरक्षा विभाग को राज्य स्तर पर विशेष अभियान चलाने चाहिए। प्रयोगशालाओं की क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि नमूनों की जांच तेजी से हो सके। दोषियों पर सख्त दंड और सार्वजनिक नामांकन का प्रावधान होना चाहिए। साथ ही, ग्रामीण और शहरी इलाकों में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को बताया जाए कि असली और नकली मावे में अंतर कैसे पहचाना जाए। यदि हम मिलावटी मिठाइयों के मोह में स्वास्थ्य खो दें, तो त्योहारों की खुशी का अर्थ ही समाप्त हो जाएगा। कुछ पल की नकली मिठास का असर वर्षों तक शरीर पर भारी पड़ता है। आज आवश्यकता है सामूहिक प्रयास की, सरकार, व्यापारी और उपभोक्ता तीनों की साझा जिम्मेदारी ही इस संकट का स्थायी समाधान बन सकती है। शुद्धता से भरा एक छोटा टुकड़ा मिठाई, नकली चमक से भरे किलो भर ज़हर से कहीं बेहतर है।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित
**दर्शन**

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

## मृत्यु अटल है, जो समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
**प्रेरणा**

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बाद मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन में आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## सटाका




## आज की पाती

### न्यूनतम पेंशन में की जाए वृद्धि

केंद्र सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कर्मचारी पेंशन योजना के तहत प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन में वृद्धि कर सकती है। अभी यह न्यूनतम पेंशन लगभग 1000 रुपए है। अगर सरकार इस पेंशन को लगभग 7500 रुपए कर देती है तो इससे करोड़ों लोगों को खुशी होगी और इससे इनकी बुढ़ापे में अपने खर्चे की टेंशन कुछ कम होगी। देश के हर कर्मचारी, चाहे वो सरकारी नौकरी का हो या निजी किसानों-संस्थान का, को पेंशन महंगाई के हिसाब से मिलनी चाहिए। 60 वर्ष के बाद तो किसी भी व्यक्ति में इतनी एनर्जी नहीं रह जाती कि वो अपने खर्चे पूरे करने के लिए और कोई नौकरी कर ले या काम धंधा कर ले। इसलिए उचित पेंशन जरूरी है।

- विकास जोशी, बिलासपुर

## ट्रेंड

### आपातकाल के कष्ट

आज की युवा पीढ़ी शायद नहीं जानती कि आपातकाल के समय हमने क्या-क्या कष्ट झेले थे। घुटनों और कोहनियों पर डंडे मारे गए, नाखियाँ दी गईं, किसी को बिजली के करंट के झटके दिए गए, किसी को बर्फ की सिल्ली पर सुला दिया गया

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री



### आत्मनिर्भर भारत

दिल्ली के बाजारों, दिवाली मेलों और मिलन समारोहों में इस बार उत्साह का नया रंग है। हर आयोजन में आत्मनिर्भर भारत का संदेश है। आयोजक सभी नागरिकों को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक कर रहे हैं और व्यापार को नई दिशा मिली है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### महिलाओं का उत्पीड़न

उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में महिलाओं के उत्पीड़न, दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं। सरकार को इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है।

- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### लैंगिक समानता जरूरी

लैंगिक समानता सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रगति की आधारशिला है। हमें हर बालिका के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने होंगे, उन्हें बदलाव की अग्रिम पंक्ति में रखकर, उनकी आकांक्षाओं पर प्राथमिकता देकर और उन्हें निर्णय लेने के क्षेत्र में शामिल करके।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस



## करंट अफेयर

# फिलीपीन के जहाज को चीनी तटरक्षक बल ने मारी टक्कर

चीनी तट रक्षक के एक जहाज ने रविवार को विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपीनी निवासियों के एक द्वीप के पास लंगर डाले फिलीपीन सरकार के एक जहाज पर पहले तो जोरदार पानी की बौछार की और फिर उसे टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। फिलीपीन के तट रक्षक बल ने यह जानकारी दी। हालांकि इस घटना में फिलीपीन के मछुआरों को सहायता प्रदान करने वाले मत्स्य बेड़े का हिस्सा रहे 'बीआरपी दातु पगबुया' जहाज के फिलीपीनी चालक दल के सदस्यों में से किसी को भी चोट नहीं आई। मनीला, बीजिंग और चार अन्य देशों के बीच लंबे समय से जारी क्षेत्रीय विवादों के बीच ताजा घटना में चीन के तट रक्षक बल ने फिलीपीन के कब्जे वाले थिटू द्वीप के पास पगबुया को निशाना बनाया। चीन ने इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। फिलीपीन तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमोडोर जे टैरियला ने एक बयान में कहा कि इस तरह की आक्रामकता फिलीपीन को ''किसी भी विदेशी ताकत को अपनी जमीन का एक इंच भी सौंपने'' के लिए मजबूर नहीं करेगी।




## ऑफ बीट

# विटामिन बी3 सप्लीमेंट से त्वचा कैंसर के खतरे कम

त्वचा कैंसर दुनिया का सबसे आम प्रकार का कैंसर है। इस कैंसर का कारण लगातार धूप में रहने, गोरी त्वचा और उम्र बढ़ने से जुड़ा है। रोकथाम की मौजूदा रणनीतियां पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाव और 'सनस्क्रीन लोशन' के इस्तेमाल पर केंद्रित हैं। यह भी देखने में आया है कि एक बार त्वचा कैंसर का पता चलने पर कई बार रोगियों को इसकी पुनरावृत्ति का सामना करना पड़ता है। निकोटिनामाइड एक सस्ता और व्यापक रूप से उपलब्ध सप्लीमेंट है, जिसका इस्तेमाल त्वचा कैंसर से बचाव के लिए किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि विटामिन बी3 का यह रूप पराबैंगनी किरणों से होने वाली क्षति के बाद त्वचा की प्राकृतिक मरम्मत प्रणालियों को मजबूत करता है, सूजन कम करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को असामान्य कोशिकाओं का पता लगाने तथा उन्हें हटाने में मदद करता है। नये अध्ययन में 12,000 से अधिक रोगियों, जिन्होंने एक महीने से अधिक समय तक प्रतिदिन दो बार 500 मिलीग्राम निकोटिनामाइड लेना शुरू किया, की तुलना 21,000 से अधिक रोगियों से की गई, जिन्होंने इसे नहीं लिया। निकोटिनामाइड लेने वालों में फिर से त्वचा कैंसर के विकास का जोखिम 14 प्रतिशत कम देखा गया।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (म.प्र.)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# स्टेप अप एसआईपी : बच्चे की पूरी पढ़ाई फ्री, फिर भी 50 लाख बचेंगे

भविष्य | बिजनेस डेस्क

अगर आपको भी बच्चे की पढ़ाई और अन्य खर्च से समय रहते मुक्ति पानी है तो आपके लिए स्टेप अप एसआईपी एक अहम निवेश का विकल्प साबित हो सकती है। इसके जरिये निवेश करने से आपको बड़ी राहत मिलेगी। स्कूल की बढ़ती फीस और हायर एजुकेशन की चिंता अक्सर अभिभावकों को सताती हैं। निवेश के जानकारों का कहना है कि समय रहते इस पर ध्यान दिया जाए तो इस टेंशन को 'बाय-बाय' कहा जा सकता है। इसके लिए आपको एसआईपी के जरिये निवेश करना होगा और इसे बढ़ाते जाना होगा। यह योजना आपके बच्चे की शिक्षा का खर्च उठा सकती है। साथ ही, बच्चे के 22 साल का होने तक आपके पास 50 लाख रुपये से ज्यादा बच सकते हैं। इसके लिए आपको बच्चे के जन्म से हर महीने 10,000 रुपये की एसआईपी शुरू करनी होगी। इसे 10 साल तक हर साल 10% बढ़ाना होगा। 10 साल बाद कॉन्ट्रिब्यूशन बंद कर देना है। फिर बच्चे की 10 से 22 साल की उम्र तक हर महीने 25,000 रुपये निकालने हैं। यह सब बिना किसी एजुकेशन लोन के संभव है।

## यह दिया सुझाव

99% माता-पिता बिना किसी स्कीम के स्कूल फीस पर लाखों रुपये खर्च करते हैं। 'क्या हो अगर 10 साल की एसआईपी आपके बच्चे की शिक्षा को लगभग मुफ्त में फंड कर सके... और फिर भी उनके सपनों के लिए लाखों छोड़ जाए?' उन्होंने एक स्टेप-अप एसआईपी स्ट्रैटेजी का सुझाव दिया है। यह स्ट्रैटेजी महंगे एजुकेशन लोन की जगह ले सकती है। यह लंबी अवधि की वित्तीय योजना है।

## कैसे काम करती है स्कीम?

यह योजना इस तरह काम करती है। जब आपका बच्चा पैदा हो तब हर महीने 10,000 रुपये की एसआईपी शुरू करें। अगले 10 सालों तक हर साल एसआईपी की राशि को 10% बढ़ाएं। 10 साल पूरे होने के बाद एसआईपी में पैसा डालना बंद कर दें। जब बच्चा 10 साल का हो जाए तब से 22 साल का होने तक हर महीने 25,000 रुपये निकालें। यह पैसा बच्चे की फीस के लिए होगा। इस योजना में 12% सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर) मानी गई है।

## क्या है पूरा गणित?

निवेश के गणित के अनुसार, आप 10 साल में कुल 19.12 लाख रुपये का निवेश करेंगे। तब तक यह राशि बढ़कर 32.69 लाख रुपये हो जाएगी। अगले 12 सालों में आप एजुकेशन के लिए कुल 36 लाख रुपये निकालेंगे। इसके बावजूद आपके खाते में 51 लाख रुपये बचे रहेंगे। उन्होंने कहा, 'पैसे निकालते समय भी कंपाउंडिंग काम करती है।' इसका मतलब है कि बचा हुआ पैसा बढ़ता रहता है। इससे भुगतान के दौरान भी धन बढ़ता रहेगा।

## दंग कर देने वाले रिजल्ट

इस योजना की तुलना एजुकेशन लोन से करें। 36 लाख रुपये के एजुकेशन लोन पर 11% ब्याज दर से 10 साल के लिए ईएमआई लगभग 50,000 रुपये प्रति माह होगी। यह एसआईपी से निकाली गई राशि से दोगुना है। इसमें ब्याज का भारी बोझ भी होता है। कौशिक ने कहा कि यह रणनीति आपकी आय वृद्धि से मेल खाती है। उन्होंने बताया, '10 हजार रुपये महीने से शुरू करें और 10वें साल तक आप सालाना 2.8 लाख रुपये का निवेश कर रहे होंगे जो प्रमोशन और वेतन वृद्धि के अनुरूप है।' उनके कुछ सुझाव भी हैं। कम लागत वाले इंडेक्स फंड का उपयोग करें। आपात स्थितियों के लिए हमेशा कुछ लिक्विडिटी बनाए रखें। अपनी प्रगति की सालाना समीक्षा करते रहें। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, '10 साल के लिए एक अनुशासित, स्टेप-अप एसआईपी एक दशक के ओवरटाइम से कहीं ज्यादा कर सकती है।' यह तनाव-मुक्त और स्मार्ट कंपाउंडिंग का तरीका है।

100 रुपये प्रॉफिट कमाने के बाद 100 रुपये गंवाने पर भी चुकाने होंगे 30 रुपये

# क्रिप्टो नहीं, टैक्स का मायाजाल पैसे गंवाए तो भी देना होगा कर




निवेश मंत्रा | बिजनेस डेस्क

- सीए ने निवेशकों को बताया क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले नफे-नुकसान का गणित
- क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करते हैं तो इस पर लगने वाले टैक्स के

*अगर आप बाजार में शॉर्ट टर्म निवेश करना चाहते हैं तो आपके कुछ स्कीम बाजार में मौजूद हैं। इनमें रिटर्न भी बढ़िया मिलता है इसे लिक्विड फंड के नाम से जाना जाता है। ऐसे निवेश में पैसा उन सिक्योरिटीज में निवेश करते हैं, जिनकी मैच्योरिटी 91 दिनों से अधिक नहीं होती है। निवेशकों का पैसा इसके जरिए मनी मार्केट, शॉर्ट टर्म कॉरपोरेट डिपॉजिट और ट्रेजरी में लगाया जाता है।*

देश में कई सालों से लोग क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं। कई तो इससे मोटा मुनाफा भी कमा चुके हैं और कई अपनी जमापूंजी गंवा चुके हैं। लेकिन अब सरकार ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नियम कड़े कर दिए हैं। क्रिप्टोकरेंसी में होने वाली कमाई पर 30 फीसदी का टैक्स लगता है। खास बात यह है कि आपने क्रिप्टोकरेंसी में 100 रपये का प्रोफिट कमाया और बाद में उसे इसी एसेट्स में गंवा दिया तो भी आपको 30 रुपये टैक्स देना होगा। पिछले कुछ सालों में क्रिप्टोकरेंसी में निवेश का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। वहीं पिछले साल डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव जीता था। तब से क्रिप्टो में और तेजी देखने को मिली है। इसे देखते हुए अब काफी भारतीय बिटकॉइन, इथेरियम, बाइनेंस, डॉगकॉइन आदि क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने लगे हैं। चूंकि क्रिप्टोकरेंसी पर किसी भी सरकार का केंद्रीय बैंक का कंट्रोल नहीं है, ऐसे में इसमें होने वाले प्रॉफिट पर भारत में टैक्स से जुड़े नियम काफी सख्त हैं। दरअसल, क्रिप्टोकरेंसी में टैक्स का नियम कुछ ऐसा है कि इसमें पैसे कमाने पर ही नहीं बल्कि पैसे गंवाने पर भी इनकम टैक्स चुकाना पड़ सकता है। फिर चाहे आपका पूरा पोर्टफोलियो घाटे में ही क्यों ना चल रहा हो। भारत के सख्त क्रिप्टो टैक्स नियमों के तहत, निवेशकों को हर रुपये के मुनाफे पर फ्लैट 30% टैक्स देना होता है, भले ही कुल मिलाकर नुकसान हुआ हो। एक्सपर्ट का कहना है कि यह सिस्टम दुनिया के सबसे कठोर नियमों में से एक है, जिससे भारतीय क्रिप्टो निवेशकों को राहत मिलने की गुंजाइश बहुत कम है। इस टैक्स सिस्टम को लेकर एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) ने अपनी राय रखी और क्रिप्टोकरेंसी निवेशकों को अगाह किया है कि इसमें सोच समझकर ही निवेश करें, वरना यह घाटे का सौदा हो सकता है।




## क्रिप्टो टैक्सेशन की बताई सच्चाई

एक सीए ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टो टैक्सेशन की सच्चाई बताई है। उन्होंने पोस्ट के जरिए मैसेज दिया है कि भले ही आपने क्रिप्टो में 100 रुपये गंवाए हों, आपको 30 रुपये टैक्स के रूप में चुकाने पड़ सकते हैं। उन्होंने समझाया कि मान लीजिए कि आपने एक ही वित्तीय वर्ष में बिटकॉइन पर 100 रुपये का मुनाफा कमाया, लेकिन इथेरियम पर 200 रुपये का नुकसान उठाया। किसी भी दूसरे निवेश में आपको कुल 100 रुपये का नुकसान होता। लेकिन क्रिप्टो में ऐसा नहीं है। बिटकॉइन से हुई 100 रुपये की कमाई पर आपको 30% यानी 30 रुपये टैक्स के रूप में चुकाने होंगे। फिर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इथेरियम या किसी दूसरी क्रिप्टो से आपको कितना नुकसान हुआ है। ऐसे में आपको कुल 130 रुपये

## क्या है क्रिप्टो से जुड़े नियम

- आयकर अधिनियम की धारा 115बीबीएच के तहत क्रिप्टो एसेट्स के लिए कुछ खास और कड़े नियम हैं।
- नुकसान की भरपाई नहीं (आप एक क्रिप्टो नुकसान को दूसरे मुनाफे से नहीं काट सकते)।
- नुकसान आगे नहीं ले जा सकते (इसे समायोजित नहीं कर सकते)।
- अधिग्रहण की लागत को छोड़कर कोई कटौती नहीं।
- ट्रेडिंग फीस जैसे चार्ज भी नहीं घटाए जाते
- इथेरियम पर 200 रुपये के नुकसान को अनदेखा कर दिया जाएगा और बिटकॉइन पर हुए 100 रुपये के मुनाफे पर 30% यानी 30 रुपये टैक्स देना होगा।
- कुल मिलाकर 130 रुपये का नुकसान होगा। यहां तक कि ट्रेडिंग फीस, गैस

## क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल या वर्चुअल मुद्रा है जो कंप्यूटर नेटवर्क पर सुरक्षित और विकेंद्रीकृत तरीके से काम करती है। यह पारंपरिक मुद्राओं की तरह नहीं है, जो सरकारों द्वारा नियंत्रित और जारी की जाती हैं।

### विशेषताएं

1. विकेंद्रीकृत : क्रिप्टोकरेंसी किसी एक केंद्रीय प्राधिकरण द्वारा नियंत्रित नहीं होती है।
2. डिजिटल : यह पूरी तरह से डिजिटल रूप में मौजूद होती है।
3. क्रिप्टोग्राफी : सुरक्षा के लिए क्रिप्टोग्राफिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है।
4. ब्लॉकचेन : अधिकांश क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित होती हैं।
5. सीमित आपूर्ति : कई क्रिप्टोकरेंसी की आपूर्ति सीमित होती है।

### प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी

1. बिटकॉइन : पहली और सबसे प्रसिद्ध क्रिप्टोकरेंसी।
2. एथेरियम : स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए जानी जाती है।
3. रिपल : अंतर्राष्ट्रीय भुगतान के लिए उपयोग।
4. लाइटकॉइन : बिटकॉइन का एक वैकल्पिक।
5. कार्डानो : शोध-आधारित ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म।

### उपयोग

1. डिजिटल भुगतानः ऑनलाइन लेनदेन के लिए।
2. निवेशः कई लोग क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करते हैं।
3. विकेंद्रीकृत अनुप्रयोग : एथेरियम जैसे प्लेटफॉर्म पर।
4. सीमापार लेनदेनः पारंपरिक तरीकों की तुलना में तेज और सस्ता।

### जोखिम

1. अस्थिरताः कीमतें बहुत तेजी से बदल सकती हैं।
2. सुरक्षा जोखिमः हैकिंग और चोरी का खतरा।
3. नियामक अनिश्चितताः विभिन्न देशों में नियम अलग-अलग हैं।
4. घोटालेः फ्रॉड और स्कैम का खतरा।
5. तकनीकी जोखिमः तकनीकी समस्याएं आ सकती हैं।

म्यूचुअल फंड्स, रिटायरमेंट प्लान या कर्ज चुकाने में लगाएं, जरूरतों के लिए 30%, इच्छाओं के लिए- 30%, वेल्थ बनाने के लिए-40% प्रयोग करें

# दिवाली बोनस का करें सही इस्तेमाल कर सकते हैं अपने लिए बड़ी बचत

तोहफा | बिजनेस डेस्क

*'बोनस को बांटने की प्रक्रिया में परिवार को जरूर शामिल करें, ताकि हर कोई मस्ती और अनुशासन के बीच बैलेंस समझे।' इस तरह समझदारी से खर्च और स्मार्ट निवेश के साथ आपका दिवाली बोनस न सिर्फ त्योहार को खास बनाएगा, बल्कि आपके भविष्य को भी बेहतर बनाने के काम आ*

दिवाली को महज कुछ दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में हर साल दिवाली पर ज्यादातर कंपनियां अपने कर्मचारियों को बोनस देती हैं। यह बोनस हमारे लिए खुशियों का तोहफा भी होता है, साथ ही अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का मौका भी। हालांकि अक्सर होता यह है कि जैसे ही बोनस हाथ में आता है, हम शॉपिंग, नई चीजें खरीदने और शौक पूरे करने में पैसा खर्च कर देते हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इस पैसे का स्मार्ट उपयोग क्या हो सकता है। इसका आप कहां सही इस्तेमाल कर सकते हैं। कैसे अपनी वेल्थ बना सकते हैं या कर्ज उतार सकते हैं।

## स्मार्ट तरीके से बांटें : सही बैलेंस बनाएं

बोनस को खर्च करने का सबसे अच्छा तरीका ये है कि इसे दो हिस्सों में बांट लें-एक हिस्सा त्योहार मनाने के लिए और दूसरा भविष्य की जरूरतों के लिए। बाजार के जानकारों के अनुसार बोनस का 50% हिस्सा त्योहार और लाइफस्टाइल पर खर्च करें और बाकी 50% म्यूचुअल फंड्स, रिटायरमेंट या कर्ज चुकाने जैसे लॉन्ग-टर्म गोल्स के लिए रखें। अगर आपके ऊपर ज्यादा जिम्मेदारियां हैं, तो तीन हिस्सों में बांट सकते हैं। जैसेः-
- जरूरतों के लिए- 30%
- इच्छाओं के लिए- 30%
- वेल्थ बनाने के लिए- 40%

## जिंदगी के स्टेज के हिसाब से बांटें।

इसे बांटने का हर किसी का तरीका अलग हो सकता है। 'अपने बोनस को अपनी जिंदगी के स्टेज के हिसाब से बांटें। अगर आपके ऊपर हाई-इंटरेस्ट कर्ज है, तो 60-70% बोनस उसको चुकाने में लगाएं।'



## सेलिब्रेशन के लिए बजट बनाएं

त्योहार की खुशी फाइनेंशियल टेंशन में न बदल जाए इसके लिए सही बजट बनाना जरूरी है। 'पहले अंदाजा लगाएं कि त्योहार में कितना खर्च होगा-गिफ्ट्स, घूमने-फिरने, सजावट, ट्रैवल और धार्मिक रस्मों पर।' इस खर्च को अपने बोनस और रेगुलर इनकम के साथ मिलाकर देखें। इससे आपको एक फिक्स्ड बजट मिलेगा और आप बाकी पैसों को पहले ही निवेश में डालकर अपने गोल्स को प्रायोरिटी दे सकते हैं।

## स्मार्ट तरीके से सेलिब्रेट करें

त्योहारों में ओवरस्पेंडिंग का खतरा हमेशा रहता है। 'बोनस को 'एक्स्ट्रा' पैसा समझकर फूंक न दें।' क्रेडिट कार्ड या पर्सनल लोन लेकर शॉपिंग करना तो बिल्कुल अवॉइड करें, क्योंकि इनके इंटरेस्ट रेट्स बहुत ज्यादा होते हैं और ये कर्ज के जाल में फंसा सकते हैं। बिना कर्ज के सेलिब्रेशन के लिए क्रिएटिव तरीके अपनाएं। 'पॉटलक गैदरिंग्स करें, दीया डेकोरेशन बनाएं या अर्ली-बर्ड ट्रैवल डील्स का फायदा उठाएं।'

## हाई-इंटरेस्ट कर्ज चुकाएं

अपने बोनस का कुछ हिस्सा क्रेडिट कार्ड के बिल, पर्सनल लोन या किसी भी हाई-इंटरेस्ट कर्ज को चुकाने में लगाएं। इससे भविष्य में आपका पैसा बचेगा। 'सबसे पहले अपने कर्ज की लिस्ट बनाएं, सबसे ज्यादा इंटरेस्ट वाले कर्ज को पहले चुकाएं। यहां तक कि आंशिक पेमेंट भी लोन की अवधि और टोटल इंटरेस्ट को कम कर सकता है।' अगर आपके पास महंगा कर्ज है, तो नए निवेश से पहले इसे चुकाना प्रायोरिटी होनी चाहिए।

## निवेश की स्ट्रैटजी

निवेश के लिए ऑप्शन्स आपकी जरूरतों पर निर्भर करते हैं। '3 साल से कम की अवधि के लिए लिक्विड फंड्स या रिकरिंग डिपॉजिट्स में निवेश करें। मीडियम से लॉन्ग-टर्म के लिए डायवर्सिफाइड इक्विटी म्यूचुअल फंड्स या इंडेक्स फंड्स चुनें।' अपने पोर्टफोलियो में डायवर्सिफिकेशन के लिए सोवरेन गोल्ड बॉन्ड्स या गोल्ड ईटीएफ भी जोड़ सकते हैं। महत्वपूर्ण है कि रिटर्न और लिक्विडिटी में बैलेंस बनाएं, ताकि आपका शॉर्ट-टर्म पैसा रिस्क में न आए। दिवाली बोनस आपके फाइनेंशियल गोल्स को तेजी से पूरा करने का मौका है। 'बोनस या तो एक हफ्ते की शॉपिंग में खत्म हो सकता है या सालों तक आपके लिए काम कर सकता है। इसे

# 'फंड ऑफ फंड्स' में करें निवेश, दोनों हाथों में रहेंगे लड्डू

बिजनेस डेस्क

सोना और चांदी की कीमत इस समय रॉकेट की रफ्तार से भाग रही है। वहीं, फेस्टिव सीजन के कारण इसकी कीमत में और तेजी आ सकती है। अगर आप धनतेरस पर सोना और चांदी दोनों में निवेश करना चाहते हैं तो ' कॉम्बो फंड ऑफ फंड्स ' एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकते हैं। दरअसल, इस समय म्यूचुअल फंड कंपनियां निवेशकों को दोनों धातुओं में आसानी से निवेश करने का मौका दे रही हैं। इसके लिए वे डुअल-एसेट पैसिव फंड्स (ऐसे फंड जो सोने और चांदी दोनों में निवेश करते हैं) लॉन्च कर रही हैं। पिछले दो साल में सोने की कीमत करीब दोगुनी हो गई है। वहीं, औद्योगिक मांग और सप्लाई में कमी के कारण चांदी भी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में निवेशक महंगाई से बचने और अपने पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए गोल्ड और सिल्वर फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) की ओर रुख कर रहे हैं।

## अलग-अलग निवेश की जरूरत नहीं

डुअल-एसेट पैसिव फंड्स में निवेश के बाद सोना और चांदी, दोनों में अलग-अलग निवेश करने की जरूरत नहीं पड़ती। यानी आप फिजिकल सोना-चांदी खरीदे या अलग-अलग ईटीएफ में निवेश किए बिना दोनों की तेजी का फायदा उठा सकते हैं। इस नई कैटेगरी में चार बड़े फंड्स सामने आए हैं। इनमें कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ, मिराए एसेट गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ, एडलवाइस गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ और मोतीलाल ओसवाल गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ शामिल हैं।

### 1. कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ

- यह फंड 20 अक्टूबर 2025 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। निवेशक सिर्फ 100 से निवेश शुरू कर सकते हैं।
- इसका मकसद कोटक गोल्ड ईटीएफ और कोटक सिल्वर ईटीएफ में निवेश करके लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न कमाना है।
- यह एफओएफ एक खास क्वांटिटेटिव मॉडल का इस्तेमाल करता है। यह मॉडल सोने और चांदी की कीमतों के उतार-चढ़ाव के आधार पर अपने आप तय करता है कि किस धातु में कितना पैसा लगाना है।

### 2. मिराए एसेट गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ

इस फंड में शुरुआत में 50:50 का आवंटन होता है, लेकिन सोने-चांदी के अनुपात (गोल्ड-सिल्वर रेश्यो) व महंगाई, ग्लोबल ब्याज दरें, डॉलर की मजबूती जैसे बड़े आर्थिक संकेतकों के आधार पर यह अनुपात बदलता रहता है। इस फंड का एक्सपेंस रेशियो 0.18% है और 7 अक्टूबर 2025 तक इसका एयूएम (एसेट्स अंडर मैनेजमेंट- फंड में कुल जमा राशि) 67 करोड़ रुपये था।

### 3. एडलवाइस गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ

यह फंड सितंबर 2022 में लॉन्च हुआ था। यह भारत का सबसे पुराना डुअल-मेटल फंड है और हाल के दिनों में धातुओं की तेजी से इसने काफी फायदा उठाया है। इसमें 500 रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं। यह फंड सोने और चांदी में लगभग बराबर हिस्सेदारी रखता है यानी 49.98% सोने में और 49.83% चांदी में। फंड ने पिछले एक साल में 57.9% का रिटर्न दिया है और पिछले तीन सालों में सालाना 31.97% का रिटर्न दिया है।

### 4. मोतीलाल ओसवाल गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ

यह फंड अक्टूबर 2022 में लॉन्च हुआ था और इसने पिछले दो सालों में एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है।
यह फंड 69.34% आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल गोल्ड ईटीएफ में और 30.17% निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ में निवेश करता है। इसका एयूएम 244.32 करोड़ रुपये है, एक्सपेंस रेशियो 0.15% है और कोई एग्जिट लोड नहीं है।

# एफडी साइलेंट वेल्थ ट्रैप, सिर्फ इससे ही नहीं बन पाओगे अमीर दूसरे विकल्पों पर भी दें ध्यान

सुझाव | बिजनेस डेस्क

अगर आप फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में निवेश को ही असली निवेश समझते हैं तो आप गलत हो सकते हैं। एक एक्सपर्ट ने एफडी में निवेश को 'साइलेंट वेल्थ ट्रैप' बताया है। यानी एक ऐसा जाल जिसमें आप अमीर बनने के लिए जाते हैं, लेकिन अंत में फंस जाते हैं। क्योंकि सिर्फ एफडी में निवेश करके अमीर नहीं बना जा सकता। एक्सपर्ट ने इसका कारण भी बताया है। जानकारों का कहना है कि बड़ा फंड बनाने के लिए सिर्फ एफडी में निवेश करना सही नहीं है। उन्होंने उन लोगों को भी चेतावनी दी है जो एफडी में निवेश को ही असली निवेश समझ लेते हैं। वह बताते हैं कि यह जाल तब बनता है जब लोग अपना ज्यादातर पैसा एफडी में रखते हैं। वे महंगाई के असर और पैसे बढ़ाने के मौकों को नजरअंदाज कर देते हैं। एफडी में आपका पैसा तो सुरक्षित रहता है, लेकिन आपको रिटर्न बेहद कम मिलता है। इसलिए सिर्फ एफडी के भरोसे नहीं रहें। निवेश के लिए एसआईपी जैसे विकल्प भी तलाशे।

## निवेश के लिए एसआईपी जैसे विकल्प भी तलाशें, तभी बढ़ा पाएंगे पैसा

### यह मिलता है ब्याज

आज एफडी की सालाना दरें लगभग 6.3% से 7% हैं, जबकि महंगाई करीब 2.1% है। आपकी असली कमाई लगभग 4.2 से 4.9% प्रति वर्ष है।' अगर आप 10 लाख रुपये एफडी में रखते हैं, तो एक साल बाद उसकी असली खरीदने की ताकत सिर्फ 10.42 लाख रुपये ही रह जाती है। इसका मतलब है कि आपका पैसा असल में बहुत कम बढ़ता है।

### लोगों को एफडी पर भरोसा क्यों

भारत के लगभग 70% परिवार अभी भी एफडी को ही अपनी बचत का मुख्य जरिया मानते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि लोगों को इसमें पैसे की पूरी सुरक्षा का भरोसा मिलता है। साथ ही, उन्हें पैसे के लेन-देन की कम जानकारी होती है और वे बाजार के उतार-चढ़ाव से डरते हैं।

### यह दी चेतावनी

उन्होंने चेतावनी दी कि सुरक्षा का यह भरोसा तभी तक सही है जब तक महंगाई कम रहती है। उन्होंने लिखा कि अगर महंगाई आपकी एफडी से मिलने वाले रिटर्न से ज्यादा हो जाती है तो आपकी असली दौलत कम होने लगती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वित्तीय सुरक्षा लापरवाही से नहीं, बल्कि निवेश को अलग-अलग जगह बांटने से मिलती है।

### निवेश का तरीका बताया

एक संतुलित निवेश का तरीका सुझाया। इसमें फिक्स्ड डिपॉजिट के साथ शेयर बाजार (जिसने पहले 12 से 15% सीएजीआर का रिटर्न दिया है), डेट फंड (6.5 से 8%) और महंगाई से बचाने वाले निवेश जैसे सोना या आरईआईटीएस को शामिल करना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि अपने निवेश को एक ही जगह न रखकर अलग-अलग जगह बांटें।

### ये हैं निवेश के विकल्प



1. **शेयर बाजार (इक्विटी)- शेयर :** कंपनियों के हिस्सेदारी वाले शेयर।
- **म्यूचुअल फंड :** पेशेवर प्रबंधन वाले फंड जो विविध शेयरों में निवेश करते हैं।
- **ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड):** शेयर बाजार में ट्रेड होने वाले फंड।

2. **फिक्स्ड इनकम निवेश- फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी):** बैंकों में निश्चित अवधि के लिए जमा।
- **बॉन्ड:** कंपनियों या सरकार द्वारा जारी कर्ज साधन।
- **डेब्ट म्यूचुअल फंड:** बॉन्ड और अन्य फिक्स्ड इनकम साधनों में निवेश।

### ये हैं निवेश के विकल्प

3. **रियल एस्टेट- आवासीय संपत्ति :** घर या फ्लैट।
- **वाणिज्यिक संपत्ति :** ऑफिस, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स।
- **आरईआईटी (रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट ट्रस्ट):** रियल एस्टेट में निवेश के लिए ट्रेडेबल यूनिट्स।

4. **सोना और कीमती धातुएं-भौतिक सोना :** सिक्के, बार।
- **गोल्ड ईटीएफ :** सोने में निवेश के लिए एक्सचेंज ट्रेडेड फंड।
- **सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड:** सरकार द्वारा जारी।

5. **म्यूचुअल फंड- इक्विटी फंड:** शेयर बाजार में निवेश।
- **हाइब्रिड फंड:** इक्विटी और डेट का मिश्रण।
- **डेब्ट फंड:** फिक्स्ड इनकम साधनों में निवेश।

6. पीपीएफ (पब्लिक प्रोविडेंट फंड)- लंबी अवधि की बचत योजना जो कर लाभ देती है।

7. एनपीएस (नेशनल पेंशन सिस्टम)- रिटायरमेंट के लिए पेंशन योजना।

8. यूएलआईपी (यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान)- निवेश और बीमा का मिश्रण।

9. क्रिप्टोकरेंसी- डिजिटल मुद्राएं जैसे बिटकॉइन, एथेरियम (उच्च जोखिम)।

10. एफडी और आरडी (रिकरिंग डिपॉजिट)- बैंकों में निश्चित आय के विकल्प।



# चैंपियन गिरता है... पर रुकता नहीं : कार्तिक

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन ने 'चंदू चैंपियन' के लिए अपना पहला फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार जीतने के बारे में खुलकर बात की। वहीं, कार्तिक आर्यन को फिल्मफेयर में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतते देख कबीर खान को गर्व महसूस हुआ। कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्मफेयर के दौरान की कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही उन्होंने लिखा, 'चैंपियन गिरता है।.. पर रुकता नहीं।' कार्तिक ने बताया यह पल उनके लिए सपने जैसा है। उन्होंने फिल्म के निर्देशक कबीर खान, निर्माता साजिद नाडियाडवाला और वर्दा खान नाडियाडवाला और पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

लाइफ Style

# चित्रांगदा

## हर कोई जवान दिखने की कोशिश कर रहा

बॉलीवुड में अभिनेताओं की बढ़ती उम्र हमेशा से बहस का विषय रही है। पुरुष अभिनेता फिल्मों में अपने से काफी छोटी उम्र की अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते रहते हैं। ऐसे में क्या महिला अभिनेत्रियों को अपनी उम्र बढ़ने से रोकने का दबाव महसूस होता है? इस पर चित्रांगदा सिंह ने अपनी बात रखी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री ने कहा 'यह सबके लिए है। अगर आप 70 साल की महिला का किरदार निभा रही हैं, तो आपको वैसा ही दिखना चाहिए। अगर आप 30 साल की उम्र की भूमिका निभाना चाहती हैं, तो आपको उसे निभाना आना चाहिए।' चित्रांगदा सिंह का कहना है कि 'निर्माताओं का ऐसा सोचना जायज है। पुरुष अभिनेताओं के लिए भी यही बात लागू होती है। अक्की (अक्षय कुमार) अपनी फिटनेस पर ध्यान देते हैं, अपने खान-पान पर ध्यान देते हैं। बेशक, जब किसी पुरुष अभिनेता का किरदार लिखा जाता है, तो महिला किरदार के बजाय ज्यादा लचीलापन होता है। मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई पक्षपात है। वे फिल्म को आगे बढ़ाते हैं।' चित्रांगदा सिंह ने आगे कहा 'समय बहुत बदल गया है। करीना कपूर कमाल का काम कर रही हैं। विद्या (बालन) बहुत काम कर रही हैं। ये सभी कलाकार अभी भी स्क्रीन पर अपनी अच्छी उपस्थिति बनाए हुए हैं। जहां तक एक खास तरह का दिखने के दबाव की बात है, निकोल किडमैन, डेमी मूर को ही देख लीजिए, हर कोई (जवान दिखने की) कोशिश कर रहा है, आपको भी यह कोशिश करनी होगी। बेशक कलाकारों को हर चीज में दबाव का सामना करना पड़ता है।'



हॉलीवुड मसाला




# गॉडफादर की रही थीं स्टार...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर और ऑस्कर विजेता अभिनेत्री डाएन कीटन का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कीटन को उनकी फिल्मों एनी हॉल, द गॉडफादर और फादर ऑफ द ब्राइड के लिए जाना जाता है। उनके अनोखे अंदाज, जीवंत व्यक्तित्व और अभिनय की गहराई ने उन्हें अपनी पीढ़ी की सबसे अलग अभिनेत्रियों में से एक बना दिया। कीटन का निधन हॉलीवुड और दुनिया भर के फिल्म प्रेमियों के लिए एक बड़ा सदमा है। उनके अभिनव और यादगार अभिनय ने फिल्मों को समय के पार स्थायी और प्रतिष्ठित बनाया।




# अमेरिका में रहकर भी भारतीय संस्कृति से लगाव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स ने हिंदुत्व को लेकर हाल ही में एक बड़ा बयान दिया है। आध्यात्मिक सोच के लिए भी दुनियाभर में मशहूर हुई एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। रॉबर्ट्स ने बताया कि उन्हें हिंदू धर्म से गहरी प्रेरणा मिली है और यही कारण है कि उन्होंने अपने बच्चों के नाम भी लक्ष्मी, गणेश और कृष्ण बलराम रखे हैं। जूलिया रॉबर्ट्स अमेरिका में जन्मी और पली-बढ़ी हैं, लेकिन भारत की आध्यात्मिक भूमि ने उन्हें हमेशा आकर्षित किया है। उन्होंने पहली बार हिंदू दर्शन से परिचय फिल्म 'ईट प्रे लव' की शूटिंग के दौरान भारत में कराया था। यहीं से उन्होंने हिंदू संस्कृति, पूजा-पाठ और ध्यान की विधियों को समझना शुरू किया। जूलिया रॉबर्ट्स ने एक इंटरव्यू में बताया कि हिंदू धर्म ने मानवता को जो अमूल्य धरोहरें दी हैं- गीता, वेद, योग, ध्यान और आयुर्वेद।



# अवॉर्ड मिलने पर हुईं इमोशनल

**मुंबई।** फिल्म जिगरा आलिया भट्ट के दिल के बहुत करीब है। यह उनकी पहली एक्शन ड्रामा फिल्म थी। इस फिल्म में आलिया का उम्दा अभिनय और एक्शन दर्शकों ने देखा। शनिवार को फिल्म जिगरा के लिए ही आलिया भट्ट को फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। वह अवॉर्ड फंक्शन में शामिल नहीं हो पाईं। लेकिन, आलिया ने एक स्पेशल पोस्ट इस अवॉर्ड और फिल्म 'जिगरा' की टीम के लिए की है। आलिया भट्ट अपनी पोस्ट में लिखती हैं, फिल्म 'जिगरा मेरे दिल के सबसे करीब रहेगी। सिर्फ उस कहानी के लिए नहीं, जो हमने सुनाई बल्कि उन बेहतरीन लोगों के लिए, जिन्होंने इसे यादगार बनाया। फिल्म के निर्देशक वसन बाला आपने इसे जिस तरह से बनाया है, उसके लिए । एक्टर वेदांग रैना और बाकी टीम ने जो ईमानदारी दिखाई, उसके लिए शुक्रिया।




# बच्चों के साथ की खूब सारी मस्ती...

**मुंबई।** फिल्म 'सैयारा' की कामयाबी के बाद अहान पांडे सुर्खियों में हैं। उनकी हर हरकत पर फैंस की नजर रहती है। फैंस उनकी तस्वीरों और वीडियो का इंतजार करते हैं। हाल ही में, अहान पांडे ने सीताराम मिल कंपाउंड मुंबई पब्लिक स्कूल के छात्रों के साथ कुछ वक्त गुजारा। स्कूल में अहान का दिन अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। बच्चों के साथ उनकी मुस्कुराते हुए और उनके साथ कक्षा में भाग लेते हुए तस्वीरें सामने आई हैं। अहान बच्चों के साथ मस्ती भरी बातें करते और तस्वीरें खिंचवाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह बच्चों के साथ जमीन पर बैठे हैं। उनके साथ चिल्लाते हैं और अपने हाथ से दिल बनाते हैं। उन्होंने कई बच्चों को अपना ऑटोग्राफ भी दिया है। सोशल मीडिया पर अहान की तस्वीरें और वीडियो आते ही फैंस ने लाइक करना और कमेंट करना शुरू कर दिया है।

टीवी मसाला

# केबीसी के मंच पर बच्चे ने अमिताभ संग की बदतमीजी

**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' हमेशा से ही दर्शकों का फेवरेट रहा है। इस शो का सीजन 17 भी इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। इस क्विज शो से अब तक कई कंटेस्टेंट मालामाल होकर जा चुके हैं। हर बार की तरह इस बार के 'कौन बनेगा करोड़पति' के इस सीजन को ऑडियंस काफी पसंद कर रहे हैं। शो को और भी खास बनता है इसके होस्ट यानी महानायक अमिताभ बच्चन का खास अंदाज। कई कंटेस्टेंट तो पैसों से ज्यादा बिग बी की एक झलक पाने की चाह में आते हैं। ऐसे में शो का हालिया



एपिसोड सुर्खियों में बना हुआ है। शो पर आए एक बच्चे की हरकत से बिग बी काफी खफा नजर आए। दरअसल, हालिया एपिसोड में 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के मंच पर गुजरात के छठी कक्षा के छात्र मयंक हॉट सीट पर बैठे। हॉट सीट तक पहुंचने को लेकर मयंक काफी एक्साइटेड दिखे। उनकी एक्साइटमेंट और उन्हें देखकर पहले तो लगता है कि वाकई में बच्चा काफी टैलेंटेड है। लेकिन जैसे-जैसे गेम शुरू होता है, उसके बात करने के तरीके से साफ पता चलता है कि वो अमिताभ बच्चन को कुछ समझ ही नहीं रहा है। अमिताभ बच्चन मयंक से पूछते हैं कि उन्हें कैसा लग रहा है तो इस पर मयंक ने कहा, 'मैं बहुत एक्साइटेड हूं। लेकिन हम सीधे पॉइंट पर आते हैं। आप मुझे गेम के नियम बताने मत बैठ जाना, क्योंकि मुझे सारे रूल्स के बारे में पता है।' ये सुनते ही बिग बी ने उसे बिना कुछ कहे मुस्कुरा दिया। इसे बाद वो हर सवाल का जवाब देने इस पर बच्चन साहब मुस्कुराकर आगे बढ़ जाते हैं और खेल की शुरुआत करते हैं। शुरुआत में बिग बी में जब बच्चे से सवाल करते हैं तो सवाल पूरा होने से पहले ही जवाब देने लगता है। ऐसे में एक-दो बार खुद महानायक उसकी इस हरकत को नजर अंदाज कर देते हैं। ऐसे में आखिर में उसका ओवरकॉन्फिडेंस उसे ले डूबता है। पांचवे प्रश्न पर आते ही वो आउट हो जाता है।

## सलमान की फटकार के बाद बदल सकता है कंटेस्टेंट का गेम

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 को शुरू हुए डेढ़ महीने का समय हो चुका है। इस समय में ऑडियंस ने अपने फेवरिट कंटेस्टेंट को पसंद कर लिया है।



सोशल मीडिया पर दोनों ग्रुप को लेकर पोस्ट वायरल हो रहे हैं। किसी को अमाल का गेम पसंद आ रहा है तो किसी को अभिषेक बजाज और अश्नूर की जोड़ी। कुछ ऐसे भी जो तान्या मित्तल की लक्ज़री लाइफस्टाइल को पसंद कर रहे हैं। वहीं, उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया जा रहा है। लेकिन, इस वीकेंड के वार पर सलमान खान ने तान्या समेत इन कई कंटेस्टेंट को फटकार लगाई है। कइयों को अपना गेम बदलने और सही दोस्त चुनने की सलाह दी है। ऐसे में उम्मीद है कि इस वीकेंड के वार के बाद कंटेस्टेंट का गेम बदलने वाला है। सलमान खान ने तान्या को जबरदस्त फटकार लगाई है। एक्टर ने कहा कि वो पहले दिन से ही क्लियर थीं कि उन्हें किसे दोस्त बनाना है और किसे नहीं।

# छोटे रोल से निराश हो गए थे सौरभ खत्म हो गई थी अभिनय में रुचि


**मुंबई।** 'जॉली एलएलबी 3' की रिलीज के बाद से लेखक और अभिनेता सौरभ शुक्ला सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन के उस मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की जब उनकी अभिनय में रुचि लगभग खत्म होने लगी थी। उन्होंने बताया कि एक दौर ऐसा भी था जब उन्हें फिल्मों में केवल छोटे-मोटे रोल ही मिलते थे, जिससे वह निराश हो जाते थे। हालांकि 'बर्फी' की शूटिंग के दौरान वह रणबीर कपूर से मिले और उनको अभिनय में दोबारा मजा आने लगा। सौरभ शुक्ला ने अपने निराशाजनक दौर के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि जब 'बर्फी' के निर्देशक अनुराग बसु ने उनसे संपर्क किया तो उन्होंने लगभग फिल्म छोड़ने का फैसला कर लिया था। सौरभ ने कहा 'मैं रणबीर से बर्फी में मिला था। मैं उस समय बहुत ही निराशा के दौर से गुजर रहा था। लोग कहते थे, 'सौरभ, तुम बहुत अच्छे एक्टर हो' लेकिन जब रोल मिलते थे, तो हमेशा कैमियो होते थे।'सौरभ



ने आगे कहा 'मैं वाकई संघर्ष कर रहा था। इसलिए, मैंने लोगों को बताना शुरू कर दिया कि मैं एक्टिंग नहीं करता। मैं एक लेखक हूं और मैंने फिल्में बनाई हैं। जब अनुराग ने मुझे यह फिल्म ऑफर की, तो मेरे पहले शब्द थे, 'अनुराग, अगर तुम्हारे पास मेरे लिए कुछ है, तो मुझे फोन करो। इस पर अनुराग ने कहा 'सर, अगर मेरे पास आपके लिए कुछ नहीं होता, तो मैं आपको क्यों बुलाता?' उन्होंने मुझे वह फिल्म दी, जो वाकई कमाल की थी।' सौरभ ने आगे कहा ''बर्फी' में मेरी मुलाकात रणबीर से हुई। वह बहुत आकर्षक, जवान, बातों और सपनों से भरा हुआ था। मुझे उसके साथ बैठकर बहुत अच्छा लगा। हम दोनों में एक-दूसरे के लिए सम्मान था। अभिनय करते हुए वह कुछ करता और मुझे उससे कुछ मिलता।

# ऐश्वर्या पर अभिषेक का इमोशनल बयान, छलक आए आंसू

**नई दिल्ली।** अभिषेक बच्चन की फिल्म 'आई वॉन्ट टू टॉक' जिसने भी देखी, उसने उनके अभिनय की तारीफ की। आखिरकार, उन्हें पहली बार बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। जीत की ट्रॉफी थामे अभिषेक बच्चन ने जब मंच पर बोलना शुरू किया, तो उनकी आंखों में आंसू छलक आए। उसने स्पीच में पत्नी ऐश्वर्या राय का जिक्र किया और फिर ट्रॉफी अपने पिता अमिताभ बच्चन और बेटी आराध्या बच्चन को डेडिकेट कर दी। अभिषेक बच्चन अपनी जीत से अभिभूत थे। ट्रॉफी थामने के बाद उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने भरी आंखों से इमोशनल स्पीच दी, जिसने उनके हर एक चाहनेवाले को इमोशनल कर दिया। वे बोले, 'इस साल मुझे इंडस्ट्री में काम करते हुए 25 साल पूरे हो गए हैं। मुझे याद नहीं कि मैंने कितनी बार इस अवॉर्ड की स्पीच के लिए प्रैक्टिस की है।' अभिषेक बच्चन ने आगे कहा, 'इसे जीतना मेरा सपना था और आज बहुत आभारी महसूस कर रहा हूं। परिवार के सामने अवॉर्ड मिलना, इसे और खास बनाता है।' अभिषेक ने आखिर में कहा, 'मैं यह अवॉर्ड तो खास लोगों को डेडिकेट करना चाहता हूं। यह फिल्म पिता और बेटी के बारे में है और मैं इसे अपने हीरो, मेरे पिता और अपने दूसरे हीरो, मेरी बेटी को डेडिकेट करना चाहता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद, मैं बता नहीं सकता, इसके मेरे लिए क्या मायने हैं।' अभिषेक ने फिर इमोशनल होते हुए पत्नी ऐश्वर्या राय और बेटी आराध्या बच्चन को याद किया। वे बोले, 'ऐश्वर्या और आराध्या से कहना चाहता हूं- मुझे बाहर जाने और सपनों को पूरा करने की अनुमति देने के लिए शुक्रिया। मुझे उम्मीद है कि यह अवॉर्ड जीतने के बाद, वे अपना त्याग समझ पा रहे हैं जिसकी वजह से मैं आज यहां खड़ा हूं।'



## पुराने कलाकारों को नए कलाकारों ने अपनी परफॉर्मेंस के जरिए दिया ट्रिब्यूट

# लापता लेडीज ने झटकी 13 ट्रॉफियां अवॉर्ड लेते कलाकार हुए भावुक

*मुंबई। फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 के मंच पर पूरा बॉलीवुड नजर आया। इस खास शाम को शाहरुख खान ने अपनी एंकरिंग से खास बना दिया। साथ ही शाहरुख और काजोल की परफॉर्म भी चर्चा में रही। कई पुराने कलाकारों को नए कलाकारों ने अपनी परफॉर्मेंस के जरिए ट्रिब्यूट दिया। अवॉर्ड नाइट में फिल्म 'लापता लेडीज' की धूम रही। कई कलाकार अवार्ड लेते हुए भावुक नजर आए।*

### कार्तिक और अभिषेक ने शेयर किया अवॉर्ड

अपने कॅरियर में अभिषेक बच्चन ने पहली बार बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड अपने नाम किया। अभिषेक को फिल्म 'आई वांट टू टॉक' के लिए यह अवॉर्ड मिला है। हालांकि, यह अवॉर्ड उन्हें संयुक्त रूप से कार्तिक आर्यन के साथ मिला। कार्तिक आर्यन को यह अवॉर्ड फिल्म 'चंदू चैंपियन'के लिए मिला। कार्तिक आर्यन और अभिषेक बच्चन अवॉर्ड लेते वक्त इमोशनल दिखे। अवॉर्ड फंक्शन में आलिया तो नहीं पहुंची थीं, लेकिन उन्होंने अपने नाम बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड किया। फिल्म 'जिगरा' में उम्दा अभिनय करने लिए आलिया को यह अवॉर्ड मिला है।

### शाहरुख को किया गया सम्मानित काजोल संग परफॉर्मेंस ने जीता दिल

फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 में शाहरुख और काजोल की हिट जोड़ी ने स्टेज पर अपनी परफॉर्मेंस से समा बांध दिया था। दर्शक मंत्रमुग्ध होकर दोनों को देखते रहे। वहीं शाहरुख खान को अवॉर्ड फंक्शन में भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने काजोल और करण जौहर के साथ यह अवॉर्ड लिया।



### अवॉर्ड फंक्शन में ये झलकियां भी चर्चा में रहीं

कीर्ति सेनन और लक्ष्य ने दिया शम्मी कपूर और जीनत अमान को ट्रिब्यूट। कीर्ति ने जीनत अमान और लक्ष्य ने शम्मी कपूर के गानों पर परफॉर्म किया। इनकी परफॉर्मेंस ने इवेंट में चार चांद लगा दिए थे। रवि किशन अवॉर्ड लेते हुए भावुक हुए। शाहरुख खान के साथ खड़े होकर उन्होंने अपने मन की बातें सबके साथ साझा कीं। 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा ने भी अवॉर्ड लेते हुए काफी एक्साइटेड दिखीं। डायरेक्टर किरण राव ने अपनी फिल्म 'लापता लेडीज' की पूरी कास्ट के साथ बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड लिया।

### फिल्मफेयर अवॉर्ड के विजेताओं की सूची

**बेस्ट लीड मेल एक्टर**
अभिषेक बच्चन और कार्तिक आर्यन
**बेस्ट लीड एक्ट्रेस**
आलिया भट्ट
**बेस्ट मेल एक्टर (क्रिटिक्स अवाड्र्स)**
राजकुमार राव
**बेस्ट लीड एक्ट्रेस (क्रिटिक्स अवाड्र्स)**
प्रतिभा रांटा
**बेस्ट सपोर्टिंग फीमेल एक्ट्रेस**
छाया कदम (लापता लेडीज के लिए)
**बेस्ट सपोर्टिंग मेल एक्टर**
रवि किशन (लापता लेडीज के लिए)
**बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स अवाड्र्स)**
शूजित सरकार (आई वांट टू टॉक के लिए)
**बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025**
नितांशी गोयल
**बेस्ट डेब्यू एक्टर (फिल्मफेयरअवॉर्ड 2025)** : लक्ष्य
**बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर (फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025)**
कुणाल खेमू, आदित्य सुहास जंभाले
**बेस्ट प्लेबैक सिंगर मेल**
अरिजीत सिंह (लापता लेडीज के लिए)

# दिवाली के लंबे सप्ताहांत के कारण आतिथ्य और यात्री सेवा क्षेत्र में उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिवाली के लंबे सप्ताहांत से पहले इस त्योहारी मौसम में आतिथ्य और यात्रा सेवा प्रदाताओं की मांग में जबर्दस्त वृद्धि देखी जा रही है। शहरी और मनोरंजन स्थलों के लिए अच्छी बुकिंग दर्ज की गई है, और इंटरसिटी बस सेवाओं में बुकिंग का स्तर 95-100 प्रतिशत तक पहुंच गया है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार मध्यम स्तर के होटल और मध्यम बाजार के घरेलू ग्राहकों के लिए एक प्रमुख प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है, जिससे यात्रियों के लिए कम प्रसिद्ध स्थलों की खोज करना आसान हो गया है।

■ शहरी और मनोरंजन स्थलों के लिए अच्छी बुकिंग दर्ज

## मनोरंजनक स्थलों की अच्छी बुकिंग दर्ज

### सबसे अधिक बुकिंग पांच महानगरों से

मागो ने आगे कहा कि सबसे अधिक बुक किए गए शीर्ष 10 गंतव्यों में से पांच महानगर हैं - दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई। मागो ने कहा, ''इस साल, त्योहार सप्ताह के शुरुआत में पड़ने के कारण, कई यात्री लंबे समय तक उत्सव का आनंद लेने के लिए उससे पहले वाले शुक्रवार से ही अपनी यात्राएं बुक कर रहे हैं।''

### होटल में बुकिंग बढ़ी है

होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष के बी काचरू ने कहा कि शुरुआती रुझानों से पता चलता है कि होटल में बुकिंग बढ़ी है। यह परिवार, दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने और त्योहार मनाने के लिए यात्रियों के उत्साह को दर्शाता है।



*यात्रा विकल्पों में व्यापक विविधता : काचरू ने कहा, ''यह यात्रा विकल्पों में व्यापक विविधता को दर्शाता है, क्योंकि घरेलू पर्यटक पारंपरिक महानगरों से आगे बढ़कर अधिक सार्थक और यादगार यात्राओं की ओर रुख कर रहे हैं।''*

### यात्री अनोखे अनुभवों की तलाश में

काचरू ने कहा, ''इस सीजन में बुकिंग का तरीका दर्शाता है कि यात्री सुविधा, लचीलेपन और चुनिंदा अनुभवों को प्राथमिकता देते हैं। काचरू, जो रेडिसन होटल समूह के दक्षिण एशिया के चेयरमैन भी हैं, ने आगे कहा कि दूसरी श्रेणी के शहरों और उभरते गंतव्यों में मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है, क्योंकि यात्री विरासत स्थलों, स्थानीय संस्कृति और अनोखे अनुभवों की तलाश में हैं।

### पारिवारिक व अवकाश यात्राओं की संख्या बढ़ी


धवन ने कहा, ''... दिलचस्प बात यह है कि विकास की गति दूसरी और तीसरी श्रेणी के 'कॉरिडोर' द्वारा संचालित हो रही है, जो अब कुल बुकिंग का लगभग 62 प्रतिशत हिस्सा है क्योंकि लोग त्योहारों के लिए अपने गृह नगर लौटते हैं। उन्होंने कहा, ''विमानन क्षेत्र में भी, यात्रा तरीके में बदलाव स्पष्ट है, जहां नियमित अवधि की तुलना में पारिवारिक और अवकाश यात्राओं की संख्या लगभग 65-70 प्रतिशत है।

## एमजंक्शन को टाटा समूह का इनोवेशन अवॉर्ड

**मुंबई।** एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड ने टाटा इनोविस्टा 2025 पुरस्कार जीता। टाटा इनोविस्टा टाटा समूह का प्रमुख मंच है जो समूह के भीतर नवाचार को पहचानने और सम्मानित करने के लिए आयोजित किया जाता है। एमजंक्शन को अपने ''दुनिया के पहले ब्रोकर-रहित, एक्स-फैक्ट्री टी ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के लिए 'बिजनेस मॉडल इनोवेशन' श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री विनया वर्मा ने यह पुरस्कार टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के हाथों प्राप्त किया। इस वर्ष, टाटा समूह की 100 से अधिक कंपनियों से आए 17,000 से भी अधिक प्रविष्टियों में से एमजंक्शन ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

## महंगाई के आंकड़े इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ अमेरिका-चीन शुल्क तनाव की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका

■ रिलायंस, इंफोसिस आदि कंपनियों के आएंगे परिणाम

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका और चीन के बीच नए शुल्क तनाव, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों और एचसीएल टेक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी।

भू-राजनीतिक घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को दिशा देंगे। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, इस सप्ताह बाजार की दिशा घरेलू संकेतकों, वैश्विक व्यापक आर्थिक रुझानों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर निर्भर करेगी। अमेरिका-चीन शुल्क युद्ध के नए सिरे से बढ़ने, जिसकी वजह से शुक्रवार को वॉल-स्ट्रीट पर भारी बिकवाली देखने को मिली, से वैश्विक जोखिम लेने की धारणा कम होने की संभावना है। व्यापार तनाव की वजह से डॉलर का बहिर्वाह बढ़ सकता है, जिससे उभरते बाजारों के शेयरों और मुद्राओं पर और दबाव बढ़ सकता है। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बड़े गिरावट के साथ बंद हुए। नैस्डैक कंपोजिट में 3.56 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एसएंडपी 500 में 2.71 प्रतिशत और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.90 प्रतिशत की गिरावट आई।

### घटनाक्रमों से भरा रहेगा पूरा सप्ताह

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह घटनाक्रमों से भरा रहेगा। सप्ताह के दौरान प्रमुख घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे आएंगे। आंकड़ों के मोर्चे पर, सरकार 13 अक्टूबर को सितंबर के लिए खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) के आंकड़े जारी करेगी, उसके बाद 14 अक्टूबर को थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े आएंगे।''

## भारत के एआई-आधारित भविष्य का प्रमुख केंद्र बनने की स्थिति में है भोपाल : मीक

# भोपाल का एआई विजन हुआ 10,300 करोड़ के इंडिया एआई मिशन से मजबूत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

भारत सरकार द्वारा घोषित 10,300 करोड़ के इंडिया एआई मिशन और 38,000 जीपीयू तैनाती ने इस दिशा को और मज़बूती दी है कि बीएचईल के 2,200 एकड़ रिक्त लैंड बैंक पर क्रेडाई भोपाल द्वारा विगत तिमाही प्रस्तुत एआई लाइटहाउस सिटी एवं क्लीन कंप्यूट कैपिटल प्रस्ताव समय से पहले और सही दिशा में था। कमाल का भोपाल अभियान फाउंडर और क्रेडाई भोपाल अध्यक्ष मनोज मीक ने कहाकि राज्य सरकार द्वारा सबमर टेक्नोलॉजी के साथ एमओयू और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर की कैबिनेट स्वीकृति के बाद अब भोपाल भारत के एआई-आधारित भविष्य का प्रमुख केंद्र बनने की स्थिति में है। यह पहल कंप्यूट, स्किल्स और रिस्पॉन्सिबल एआई जैसे राष्ट्रीय स्तंभों से पूर्णतः सामंजस्य रखती है। मीक ने कहाकि भारत सरकार की कैबिनेट ने इंडिया एआई मिशन के लिए 10,300 करोड़ रुपये से अधिक के आवंटन को मंजूरी दे दी है, जो भारत के एआई इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत सरकार का यह कदम भारत को एआई टेक्नोलॉजी की दुनिया में काफी आगे लेकर जा सकता है। भारत सरकार का यह इंडिया एआई मिशन पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के साथ-साथ मल्टी-मॉडल, डोमेन-स्पेसिफिक लार्ज लैंग्वेज मॉडल के तहत ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट डेवलप करने के लिए एक रूपरेखा भी प्रदान करेगा, जो जेनरेटर एआई प्लेटफार्म्स के लिए काफी जरूरी होगा।



### भारत में एआई-बेस्ड इकोसिस्टम को बनाया गया मजबूत और एक मल्टी-फेसेटेड फ्रेमवर्क

उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कैबिनेट की मंजूरी के बाद एक ब्रीफिंग में कहाकि भारत में एआई-बेस्ड इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एक मल्टी-फेसेटेड फ्रेमवर्क बनाया गया है कि जरूरतमंदों को इस एआई इकोसिस्टम को बनाने के लिए 10,000 से ज्यादा जीपीयू वाली सुपरकंप्यूटिंग कैपिसिटी उपलब्ध कराई जाएगी। इस मिशन के तहत एक राष्ट्रीय डेटा मैनेजर ऑफिसर नियुक्त किया जाएगा जो डेटा की क्वालिटी में सुधार करने और उन्हें एआई डेवलपमेंट में शामिल करने के लिए अलग-अलग सरकारी विभागों और मंत्रालयों के साथ समन्वय करेगा।

### 10 हजार करोड़ से एआई बेस्ड मिशंस पर काम करने वाली कंपनियों की होगी मदद

*सरल भाषा में समझें तो सरकार का कहना था कि इन 10,000 करोड़ रुपये से उन प्राइवेट कंपनियों की भी मदद की जाएगी, जो एआई बेस्ड मिशन्स पर काम कर रहे हैं. सरकार के इस कदम से देश में एआई का चलन काफी तेजी से बढ़ेगा, देश में नए एआई टूल्स बनेंगे और एआई के लिए बहुत सारे नए स्टार्ट-अप्स भी शुरू होंगे। भारत का प्रौद्योगिकी क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है। इस वर्ष वार्षिक राजस्व के 280 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार कर जाने का अनुमान है। प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में 6 मिलियन से अधिक लोग कार्यरत हैं। देश में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप हैं।*

## सीआईआई नेक्सजेन मोबिलिटी शो 2025 में भविष्य के मोबिलिटी नवाचारों की खोज

# टाटा मोटर्स ने दिया भविष्य के लिए तैयार समाधानों पर जोर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल



टाटा मोटर्स के अध्यक्ष और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, राजेंद्र पेटकर ने पुणे में सीआईआई नेक्सजेन मोबिलिटी शो 2025 के तीसरे संस्करण का दौरा किया और भारत के ऑटोमोटिव परिवर्तन को आगे बढ़ाने में कंपनी के नेतृत्व की पुष्टि की। अपने दौरे के दौरान, पेटकर ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, कनेक्टेड वाहनों और उन्नत ऑटोमोटिव तकनीकों में नवीनतम उपलब्धियों की खोज की, जिससे टाटा मोटर्स के नवाचार, स्थिरता और भविष्य के लिए तैयार समाधानों पर जोर दिया गया। सीआईआई नेक्सजेन मोबिलिटी नेशनल शो 2025 इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड और वैकल्पिक ईंधन तकनीकों में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करने वाला एक प्रमुख उद्योग मंच बनकर उभरा है। तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी, सहयोग को बढ़ावा देने और मोबिलिटी इकोसिस्टम के भविष्य को आकार देने के लिए अग्रणी ओईएम, कंपोनेंट निर्माताओं और प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तकों को एक साथ लाती है। यह शो भारत के स्वच्छ, स्मार्ट और अधिक कनेक्टेड परिवहन समाधानों की ओर बढ़ते बदलाव को दर्शाता है।

## विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 10 सूत्रीय चार्ट जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के दो पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, न्यायमूर्ति यू. यू. ललित और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने भारत की आर्थिक ईमानदारी को बनाये रखने और 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने के लिए सफेदपोश अपराधों के विरुद्ध एकजुट और ठोस कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया है। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम द्वारा आयोजित टीपीएफ- दायित्व नेशनल लीगल कॉन्फ्रेंस ऑन कॉम्बैटिंग व्हाइट कॉलर क्राइम" को संबोधित करते हुए दोनों न्यायविदों ने संस्थागत सुधार, कानूनी सामंजस्य और नैतिक पुनर्निर्माण की जरूरत पर जोर दिया। ताकि संस्थाओं में जनता का विश्वास फिर से बहाल किया जा सके। सम्मेलन में "व्हाइट कॉलर क्राइम पर नियंत्रण के लिए 10 सूत्रीय चार्ट भी जारी किया गया, जिसमें नीतिगत, संस्थागत और नैतिक उपायों का उल्लेख किया गया है। इस चार्टर का उद्देश्य पारदर्शिता को सशक्त बनाना, प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाना और पेशेवर जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

## टाटा प्राइमा ई-55एस इलेक्ट्रिक ट्रकों की डिलीवरी 'एनवीरो व्हील्स मोबिलिटी' को शुरू

**मुंबई।** टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स ने टाटा प्राइमा ई.55एस इलेक्ट्रिक ट्रकों की डिलीवरी एनवीरो व्हील्स मोबिलिटी को शुरू की। यह कंपनी ऊर्जा, खनन, सीमेंट और इस्पात जैसे क्षेत्रों में इको-फ्रेंडली परिवहन सेवाएं प्रदान करती है। इन इलेक्ट्रिक ट्रकों की पहली खेप चित्तौड़गढ़, राजस्थान में सौंपी गई। यह भारी-क्षमता वाले शून्य-उत्सर्जन ट्रक खनिज और अयस्कों के परिवहन में लगाए जाएंगे। एनवीरो व्हील्स मोबिलिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर तथा इनलैंड वर्ल्ड लॉजिस्टिक्स के डायरेक्टर प्रवीण सोमानी ने कहाकि लॉजिस्टिक्स को स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध कंपनी के रूप में, टाटा मोटर्स के इन उन्नत इलेक्ट्रिक ट्रकों को अपने बेड़े में शामिल करना हमारी हरित लॉजिस्टिक्स यात्रा का एक महत्वपूर्ण चरण है। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड ट्रक्स,राजेश कौल ने कहाकि हमें एनवीरो व्हील्स मोबिलिटी को प्राइमा ई-55एस इलेक्ट्रिक प्राइम मूवर्स की पहली खेप सौंपते हुए बहुत खुशी हो रही है।



## नाबार्ड हिंदी समारोह में हुआ कवि सम्मेलन व पुरस्कार वितरण

**भोपाल।** नाबार्ड, मध्य प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों के लिए विविध रुचिकर हिन्दी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं एवं स्टाफ सदस्यों में हिन्दी में कार्यालयीन कार्य करने के लिए जागरूकता प्रसारित की गई। हिन्दी पखवाड़े के दौरान की गई हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करने हिन्दी समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर एक कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर सी. सरस्वती, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, मध्य प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय ने चारों साहित्यकारों यथा रूपाली सक्सेना, मांडवी मुग्धा, सत्यदेव सोनी और धर्मेंद्र सोलंकी का स्वागत एवं अभिवादन किया। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं अध्यक्ष, नाबार्ड शाजी केवी के हिन्दी दिवस संदेश का वाचन सभी सदस्यों के मध्य किया गया। विजेंद्र सिंह, उप महाप्रबंधक ने गृहमंत्री का और सुशील कुमार, उप महाप्रबंधक ने अध्यक्ष, नाबार्ड के हिन्दी दिवस संदेश का वाचन किया।





## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

## घरेलू बीयर उद्योग ने सरकार से आयात में छूट की मांग की

**नई दिल्ली।** एल्युमीनियम कैन की भारी कमी से जूझ रहे घरेलू बीयर उद्योग ने सरकार से विदेशों से निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण मानदंडों (क्यूसीओ) में 'अल्पकालिक नियामकीय छूट' देने का आग्रह किया है। ब्रूअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के अनुसार, बीयर उद्योग को 500 मिलीलीटर के कैन की 12-13 करोड़ इकाइयों की वार्षिक कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो देश में कुल बीयर बिक्री का लगभग 20 प्रतिशत बैठता है। इससे सरकारी राजस्व में लगभग 1,300 करोड़ रुपये की कमी आने का अंदेशा है।

# एल्युमीनियम कैन की कमी से जूझ रहे बीयर उद्योग

## उद्योग को 500 मिली की 13 करोड़ इकाइयों कि कमी का सामना करना पड़ रहा

### भारत अपनी क्षमता तक पहले ही पहुंच चुका

प्रमुख एल्युमीनियम कैन आपूर्तिकर्ता बॉल बेवरेज पैकेजिंग इंडिया और कैन-पैक इंडिया, भारत में अपनी विनिर्माण इकाइयों में अधिकतम घरेलू क्षमता तक पहले ही पहुंच चुकी हैं। इन कंपनियों का कहना है कि वे कम से कम 6-12 महीनों तक आपूर्ति नहीं बढ़ा पाएंगी, जब तक कि नई उत्पादन लाइन नहीं जुड़ जाती।



कैन आयात के लिए सितंबर तक समय दिया गया था

सरकार ने बिना बीआईएस प्रमाणन वाले एल्युमीनियम के कैन के आयात के लिए आपूर्तिकर्ताओं को 30 सितंबर, 2025 तक का विस्तार दिया है। हालांकि, बीएआई के अनुसार, यह देश में कैन का आयात करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**यूबीएल ने भी मुद्दे को उठाया :** यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ ने भी इस मुद्दे को उठाया है। उद्योग के लिए, चुनौती 'मुद्रास्फीति से ज्यादा आपूर्ति की है, खासकर पैकेजिंग सामग्री की, क्योंकि भारत में कैन की कमी है।

### एक अप्रैल 2025 से बीआईएस लागू किया गया

सरकार द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) के माध्यम से एल्युमीनियम कैन को एक अप्रैल, 2025 से अनिवार्य बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) प्रमाणन के दायरे में लाया गया था। इसके चलते देश में बीयर के साथ-साथ अन्य पेय पैकेजिंग उद्योग के लिए अल्पकालिक आपूर्ति की समस्याएं पैदा हुई हैं।

### क्यूसीओ के कारण कैन आयात नहीं किया जा सकता


इसके अलावा, क्यूसीओ के कारण बीयर उद्योग विदेशी विक्रेताओं से कैन आयात नहीं कर सकता क्योंकि बीआईएस प्रमाणन में कई महीने लग सकते हैं, जिससे आपूर्ति बाधित होने का खतरा पैदा हो सकता है। क्यूसीओ मानदंडों में ढील की मांग

बीएआई, जो तीन प्रमुख बीयर विनिर्माताओं - एबी इनबेव, कार्ल्सबर्ग और यूनाइटेड ब्रूअरीज - का प्रतिनिधित्व करती है, ने सरकार से एक साल के लिए क्यूसीओ मानदंडों में ढील देने की मांग की है। इनकी भारत में बिकने वाली बीयर में कुल हिस्सेदारी 85 प्रतिशत है।

## वेदांता समूह के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी वायसराय रिसर्च के वेदांता समूह की कंपनियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के आग्रह वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। न्यायालय ने पूछा कि भारत के बाहर की कंपनियां इस बात को लेकर इतनी चिंतित क्यों हैं कि हम अपना कामकाज कैसे चलाते हैं? न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की पीठ ने शक्ति भाटिया नामक एक वकील की जनहित याचिका को खारिज कर दिया। इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा था कि भाटिया याचिका वापस ले लेंगे।

## शब्द पहेली - 6017



**बाएँ से दाए**
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 6016 का हल



## सूडोकु नवताल - 6027

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6026 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

भारत की ओर से कीर्ति वर्धन सिंह करेंगे प्रतिनिधित्व

# ट्रंप ने पीएम मोदी को न्योता भेजा, मिस्र में होने वाले गाजा शांति सम्मेलन के लिए आया निमंत्रण

*आज मिस्र में आयोजित होने वाले गाजा शांति सम्मेलन के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित किया गया है। हालांकि, इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह वहां जाएंगे।*

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज (13 अक्टूबर) को गाज़ा के लिए मिस्र में होने वाले "शांति सम्मेलन" में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। शांति सम्मेलन में शामिल होने के लिए मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी की तरफ से भी प्रधानमंत्री मोदी की न्योता आया है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार यह निमंत्रण शनिवार को अमेरिका और मिस्र की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया था।



फाइल फोटो

### 20 से अधिक देशों के नेता भाग लेंगे

*हालांकि प्रधानमंत्री कार्यालय ने अभी तक यह पुष्टि नहीं की है कि मोदी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे या नहीं। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता के अनुसार, "शांति सम्मेलन" सोमवार दोपहर शर्म-अल-शेख में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता अब्देल फतह अल-सीसी और डोनाल्ड ट्रंप संयुक्त रूप से करेंगे, और इसमें 20 से अधिक देशों के नेता भाग लेंगे। बयान में कहा गया है।*

### हमास हस्ताक्षर नहीं करेगा

हालांकि, शांति प्रक्रिया में कई बड़ी बाधाएं हैं। फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास ने कहा है कि वह शांति समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करेगा। उन्होंने ट्रंप की योजना के कई तत्वों से असहमति जताई है, खासकर निरस्त्रीकरण और गाजा से फिलिस्तीनियों के स्थानांतरण के प्रस्तावों को खारिज किया। हमास ने इसे "बेतुका" बताया है, जो भविष्य में संभावित जटिलताओं की ओर इशारा करता है।

### युद्धविराम और गाजा का पुनर्निर्माण

शिखर सम्मेलन का मुख्य फोकस है इजराइल और हमास के बीच हाल ही में हुए युद्धविराम को मजबूत करना और गाजा में मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण के प्रयासों पर काम करना। सम्मेलन में उम्मीद है कि नेता युद्धविराम का समर्थन करेंगे और गाजा के लिए दीर्घकालिक शांति का रोडमैप तैयार करेंगे। मिस्र, कतर, तुर्की और अमेरिका की मध्यस्थता में शर्म अल-शेख में तीन दिन की गहन वार्ता के बाद शुक्रवार को युद्धविराम लागू हुआ। पहले चरण में शामिल हैं गाजा शहर, राफा, खान यूनिस और उत्तरी गाजा से इजराइली सैनिकों की वापसी होगी।

ट्रंप के हवाले से लिखा था मिस्टर पीएम आप महान हैं

### सम्मेलन में पीएम मोदी का ट्रंप से मुलाकात का अवसर बन सकता है

अगर प्रधानमंत्री मोदी इस सम्मेलन में शामिल होते हैं, तो यह राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात का अवसर बन सकता है। बीते एक दशक से अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों में जो गर्मजोशी दिख रही थी, हाल के महीनों में कम होती दिखी। अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाए हैं और एच-1बी वीज़ा शुल्क भी बढ़ाया है। अमेरिका भारत पर यूक्रेन युद्ध में रूस का साथ देने का आरोप लगा रहा है। इस बीच एक नया डेवलपमेंट ये भी सामने आया कि भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने 11 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान सर्जियो गोर ने पीएम मोदी को एक तस्वीर भेंट की, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ऑफिस 'वॉइट हाउस' में खींची हुई पीएम मोदी और डॉनल्ड ट्रंप की फोटो है। इस तस्वीर में ट्रंप के हवाले से लिखा गया है, 'मिस्टर प्रधानमंत्री, आप महान हैं।

## खबर संक्षेप

### कैलिफोर्निया में क्रैश हुआ हेलिकॉप्टर, 5 घायल

**सैंकरामेंटो।** शनिवार दोपहर को हंटिंगटन बीच शहर में एक बड़ा हादसा हो गया एक हेलिकॉप्टर



अचानक नीचे गिर गया, जिससे एक बच्चे समेत पांच लोग घायल हो गए। हादसा दोपहर करीब 2 बजे बीच बुलेवार्ड और ट्विन डॉल्फिन्स ड्राइव के पास, पैसिफिक कोस्ट हाईवे के पास हुआ। हेलिकॉप्टर में दो लोग सवार थे। हादसे के बाद उन्हें तुरंत मलबे से निकाल लिया गया। वहीं, सड़क पर मौजूद तीन राहगीर भी हादसे की चपेट में आ गए।

### पटाखा फैक्टरी में लगी आग, 80 घर खाक

**लीमा।** पेरू की राजधानी लीमा में आग लगने के कारण 80 घर झुलसकर राख हो गए हैं। मीडिया



को मिली जानकारी के मुताबिक, पैम्प्लोना अल्टा इलाके में ये घटना हुई है, जहां जगह-जगह पहाड़ी ढलान पर बनी झुग्गी-झोपड़ी जैसी बस्ती है, यहां ज्यादातर घर लकड़ी और टीन की छतों से बने हुए हैं। पेरू की राजधानी लीमा के दक्षिणी इलाके में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया।

### पाक में पुलिस फायरिंग से 11 प्रदर्शनकारियों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान में कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के सदस्यों और पुलिस



के बीच हिंसक झड़प में 11 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा कई घायल हुए। इससे पहले 2 लोगों की मौत की खबर थी। ये प्रदर्शनकारी गाजा में ट्रंप के पीस प्लान का विरोध कर रहे थे। दरअसल पाकिस्तान ने इस प्लान का समर्थन किया है। इसे लेकर देश में तनाव बढ़ गया है।

रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

# भारत ने 26/11 मुंबई हमले के आतंकियों को मारने का दुर्लभ मौका गंवाया, सौ फीसदी थी सटीक जानकारी

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद/नई दिल्ली

*खुलासा हुआ है कि मुंबई हमलों के शुरूआती हफ्तों में मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा के कई शीर्ष आतंकियों की लोकेशन ट्रैक की गई थी। पाकिस्तान ने इन आतंकियों की "असामान्य मूवमेंट" को जानबूझकर दिखाया था, ताकि भारत को संकेत मिले कि पाकिस्तान उन आतंकी मास्टरमाइंड्स को "कुर्बान" करने को तैयार है।*

भारत के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा है कि भारत के पास 26/11 मुंबई हमले के बाद आतंकियों को मारने का बहुत बड़ा मौका था। अधिकारी, जो मुंबई हमले के बाद भारत की प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करने वाली टीम का हिस्सा था, उन्होंने खुलासा करते हुए कहा है कि नई दिल्ली ने पाकिस्तान स्थित शीर्ष आतंकवादी नेतृत्व को खत्म करने का एक दुर्लभ ऑपरेशनल मौका गंवा दिया।

इस टीम ने आकलन किया था कि अगर भारत कार्रवाई करता है तो पाकिस्तान भारत के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला करने की स्थिति में ही नहीं था और तनाव बढ़ने से बचने के लिए जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के टॉप लीडर्स की 'कुर्बानी' देने के लिए तैयार हो गया था। रिपोर्ट में उस बड़े अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा है कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने पूरी ऑपरेशनल मंजूरी दे दी थी। अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से तनाव बढ़ने का खतरा बेहद कम था।

» ***खुफिया एजेंसियों ने दी थी ऑपरेशन की मंजूरी***

» ***आंतकियों की लोकेशन ट्रैक की गई थी***



### कुख्यात आतंकियों को लेकर थी सटीक जानकारी

अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा कि मुंबई हमलों के शुरूआती हफ्तों में मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा के कई शीर्ष आंतकियों की लोकेशन ट्रैक की गई थी। इन आतंकियों की असामान्य मूवमेंट को जानबूझकर दिखाया गया, ताकि भारत को संकेत मिले कि पाकिस्तान उन्हें कुर्बान करने को तैयार है। अधिकारी के मुताबिक वे जानते थे कि हम देख रहे हैं। उन्होंने कुछ हद तक खुलकर इन आतंकियों को मूव कराया ताकि हम कार्रवाई करें। लेकिन हमने वह कदम नहीं उठाया।

### अंतिम फैसला राजनीतिक नेतृत्व के हाथों में था

अधिकारी के मुताबिक पाकिस्तान की सैन्य, वित्तीय और कूटनीतिक कमजोरी की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली को कार्रवाई करने की पूरी मंजूरी है, और आकलन से पता चलता है कि इस्लामाबाद सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार था, और नई दिल्ली के हमले की आशंका से डरा हुआ था। सूचनाओं ने यह संकेत दिया था कि पाकिस्तान न तो संसाधनों से लैस था और न ही मनोवैज्ञानिक रूप से युद्ध के लिए तैयार। भारत की सभी खुफिया एजेंसियों ने "ऑपरेशनल क्लियरेंस" दे दी थी, लेकिन अंतिम फैसला राजनीतिक नेतृत्व के हाथों में था। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा है कि हमने अपनी पूरी रिपोर्ट दी, इनपुट्स शेयर किए और बताया कि पाकिस्तान सैन्य रूप से कमजोर स्थिति में है। वह किसी सीमित जवाबी कार्रवाई को सहन कर सकता था, लेकिन बड़े युद्ध के लिए तैयार नहीं है।

मुत्तकी ने पिछली बार नहीं बुलाने पर दी सफाई



## अफगान मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बैठी दिखीं महिला पत्रकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने रविवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं थीं। इससे पहले शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया था। इस पर विवाद भी खड़ा हो गया था। मुत्तकी ने पिछली बार महिला पत्रकारों को न बुलाने पर सफाई भी दी। उन्होंने बताया-यह सिर्फ तकनीकी कारणों से हुआ था।

### अफगानिस्तान ने वाघा बॉर्डर खोलने का अनुरोध किया

बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री ने काबुल और दिल्ली के बीच उड़ानों की संख्या बढ़ाने की घोषणा की। इसके अलावा दोनों पक्षों ने व्यापार और अर्थव्यवस्था पर समझौता किया। अफगानिस्तान ने भारत को विशेष रूप से खनिज, कृषि और खेल क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। बैठक में चाबहार बंदरगाह पर भी चर्चा हुई। अफगानिस्तान ने वाघा बॉर्डर को खोलने का अनुरोध किया है।

### अर्थव्यवस्था, व्यापार और अन्य मुद्दों पर चर्चा की

*मुत्तकी ने भारत के विदेश मंत्री से मुलाकात की और अर्थव्यवस्था, व्यापार और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री ने घोषणा की कि भारत काबुल में अपने मिशन को एम्बेसी में अपग्रेड करेगा और काबुल के डिप्लोमैट्स जल्द ही नई दिल्ली आएंगे।*

*12 लोग घायल, 4 हालत नाजुक, जांच जारी*

## अमेरिका के मिसिसिपी के स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग, 4 लोगों की मौत



एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के मिसिसिपी राज्य में देर रात हुई एक सामूहिक गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य लोग घायल हुए हैं। इनमें से चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। यह घटना लीलैंड नाम के शहर की है, जो राज्य की राजधानी जैक्सन से लगभग 190 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, यह घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे शहर की मुख्य सड़क पर हुई।

### गोलीबारी के बाद घायलों को अस्पताल भेजा

*उसी समय इलाके में लोगों की भीड़ अधिक थी, क्योंकि शहर के हाई स्कूल में होमकमिंग फुटबॉल गेम आयोजित किया गया था। यह एक पारंपरिक अमेरिकी उत्सव है जो हर साल शरद ऋतु में मनाया जाता है, जिसमें पुराने छात्र वापस स्कूल आकर अपने समुदाय और स्कूल की भावना का जश्न मनाते हैं। गोलीबारी के तुरंत बाद चार घायलों को एयरलिफ्ट कर पास के बड़े अस्पतालों में भेजा गया।*

पीएम ने प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी

## पीएम मोदी ने सेशेल्स के नए राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी को जीत की दी बधाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स के राष्ट्रपति चुनाव में डॉ. पैट्रिक हर्मिनी की जीत पर हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि डॉ. हर्मिनी को राष्ट्रपति चुनाव में मिली जीत पर वे उन्हें अपनी शुभकामनाएं देते हैं और उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में लिखा, सेशेल्स के राष्ट्रपति चुनाव में डॉ. पैट्रिक हर्मिनी को उनकी जीत पर हार्दिक बधाई। हिंद महासागर का जल हमारा साझा धरोहर है, जो हमारे दोनों देशों की जनता की आकांक्षाओं और जरूरतों को पोषित करता है। मुझे विश्वास है कि उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में भारत और सेशेल्स के बीच लंबे समय से चले



आ रहे बहुआयामी और परखे हुए संबंध और अधिक गहराई और गति प्राप्त करेंगे। प

रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत और सेशेल्स के बीच संबंध केवल भौगोलिक निकटता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये साझा संस्कृति, समुद्री विरासत और पारस्परिक विकास की भावना से जुड़े हैं। दोनों देशों ने वर्षों से समुद्री सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सहयोग किया है।

सरकार ने घोषित की 'महामारी'

## जापान में फैली बीमारी के कारण 4000 से अधिक लोग अस्पतालों में हुए भर्ती

एजेंसी ⏭ टोक्यो

जापान इन दिनों तेजी से बढ़ रहे फ्लू संक्रमण की चपेट में है, देखते ही देखते यहां 4000 से अधिक लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराने की नौबत आ गई है। जापान सरकार ने आधिकारिक तौर पर 'देशव्यापी फ्लू महामारी' घोषित कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक देशभर के लगभग 3,000 अस्पतालों में कुल मिलाकर 4030 फ्लू मरीजों के भर्ती होने की सूचना मिली है।

ओकिनावा, टोक्यो और कागोशिमा शहर सबसे ज्यादा प्रभावित बताए जा रहे हैं। यहां तेजी से बिगड़ते हालात के बीच संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए 130 से ज्यादा स्कूल, किंडरगार्टन और चाइल्डकैअर सेंटर अस्थाई तौर पर बंद कर दिए गए हैं। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार साफ होता है



कि जापान में इन दिनों हालात कमोबेश कुछ वैसे ही हैं जैसे कि कोरोना महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में देखे जा रहे थे। जापान में फैल रही ये बीमारी कोई नई नहीं है, फ्लू हर साल फैलता रहता है हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस साल इसके मामले मौसम की अपेक्षा से पांच सप्ताह पहले ही देखे जाने लगे हैं, जिसने स्वास्थ्य सेवाओं पर न सिर्फ अतिरिक्त दवाब बढ़ा दिया है साथ ही सेहत को लेकर कई चुनौतियां भी देखी जा रही हैं।

### सितंबर से देखी जा रही है फ्लू संक्रमण की दिक्कत

*22 सितंबर से 28 सितंबर के बीच जापान में 4,000 से अधिक लोगों का इन्फ्लूएंजा का इलाज किया गया। 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक इन्फ्लूएंजा के इलाज वाले रोगियों की संख्या बढ़कर 6,000 से अधिक हो गई है। जापान के 47 प्रांतों में से 28 में फ्लू के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इन मामलों को एशियाई देशों के लिए भी चुनौतीपूर्ण मान रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, वायरस के व्यवहार और प्रकृति में कई प्रकार का परिवर्तन नोटिस किया जा रहा है जो इस तीव्र प्रकोप का प्रमुख कारण है। होक्काइडो के स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर योको त्सुकामोटो ने मीडिया से बात करते हुए कहा, इस साल फ्लू का मौसम बहुत जल्दी शुरू हो गया है।*

ताकत वतन की हमसे है

## बीएसएफ को मिले 167 नए जांबाज श्रीनगर में पासिंग आउट परेड संपन्न

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

श्रीनगर स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर हुमहामा में आयोजित पासिंग आउट परेड में 167 रंगरूटों ने सफल प्रशिक्षण के बाद बल में शामिल होकर राष्ट्र सेवा की शपथ ली। मुख्य अतिथि आईजी सोलोमन यश कुमार मिंज ने परेड का निरीक्षण करते हुए जवानों के आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रशिक्षण की सराहना की। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र हुमहामा स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में शनिवार को रंगरूटों की पासिंग आउट परेड और सत्यापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें 167 रंगरूट बीएसएफ में शामिल होने के लिए पास आउट हुए।



### आईजी ने कांस्टेबलों की भव्य सत्यापन परेड का निरीक्षण किया

आईजी एसटीसी कश्मीर (बीएसएफ) सोलोमन यश कुमार मिंज मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि का स्वागत एसटीसी बीएसएफ कश्मीर के कमांडेंट योगिंदर अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि ने बीएसएफ रिक्रूट कांस्टेबलों की भव्य सत्यापन परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रक्षा की पहली पंक्ति होने के नाते बीएसएफ अपनी स्थापना के बाद से न केवल हमारी सीमाओं की प्रभावी ढंग से रक्षा कर रही है इसने अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ विदेशी प्रायोजित आतंकवाद और आंतरिक उग्रवाद से लड़ने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सीमाओं पर उत्पन्न होने वाले आतंकवाद और नार्को टेरर के खतरों को खत्म करने के लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच घनिष्ठ सहयोग और समन्वय आवश्यक है। मुख्य अतिथि ने जोर देकर कहा कि एक कुशल तंत्र और प्रतिक्रिया प्रणाली के साथ बीएसएफ विशाल चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

चीन ने दुर्लभ खनिज निर्यात पर प्रतिबंध का किया बचाव

चीन ने दी अमेरिका को चेतावनी, कहा-उठाएंगे सख्त कदम

## अमेरिका और चीन के बीच छिड़ा व्यापार युद्ध, ट्रंप के 130 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भड़का चीन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ गया है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने के बाद चीन ने इसे सही नहीं बताया और भड़क गया है। इस कदम से दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है। चीन का कहना है कि यह व्यापार नियमों का उल्लंघन है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगा।*

चीन ने रविवार को दुर्लभ खनिजों और उनसे जुड़ी वस्तुओं पर अपने नए निर्यात नियंत्रण उपायों का बचाव किया और कहा कि यह वैश्विक शांति की रक्षा के लिए उठाया गया जायज कदम है। इसके साथ ही चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीनी निर्यात पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी को अमल में लाते हैं, तो वह सख्त कदम उठाएगा। बीजिंग ने गुरुवार को दुर्लभ खनिजों, लिथियम बैटरियों और इन खनिजों से बनी अत्यधिक कठोर सामग्री के खनन और प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) से जुड़ी तकनीकों और उपकरणों के निर्यात पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की थी।

ये नए नियंत्रण उपाय तत्काल प्रभाव से लागू हो गए और इसमें उत्पादन तकनीकों का विदेशी स्थानांतरण भी शामिल है। इन नियंत्रण उपायों (जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए) में उत्पादन तकनीकों का विदेशी स्थानांतरण भी शामिल है।

चीन ने कहा कि यह फैसला इस वजह से लिया गया है, क्योंकि कुछ विदेशी कंपनियां चीन से मिली सामग्री का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए कर रही थीं। चीन के इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नवंबर से चीनी वस्तुओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी।



### दोनों देशों के बीच ट्रेड

अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए गए 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क के बाद दोनों देशों में ट्रेड वार देखने को मिल रहा है। चीन ने अमेरिका के इस कदम को उसके दोहरे मापदंड का आरोप लगाया है। दुनिया की सबसे बड़ी दो अर्थव्यवस्था के बीच अगर तनाव बढ़ता है तो इसका असर दुनिया की अन्य अर्थव्यवस्थाओं पर भी देखने को मिल सकता है।

### चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने ट्रंप की धमकी की जवाब दिया

रविवार को चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में ट्रंप की धमकी पर जवाब दिया और अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह 'राष्ट्रीय सुरक्षा' की अवधारणा का जरूरत से ज्यादा विस्तार कर रहा है और चीन के खिलाफ निर्यात नियंत्रण उपायों का दुरुपयोग कर रहा है, जिसमें सेमीकंडक्टर और चिप क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है।

# पेनल्टी किक पर गोल करने से चूके रोनाल्डो

एजेंसी ▶▶| लंदन



दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पेनल्टी किक पर गोल करने से चूक गए लेकिन आखिरी क्षणों में रुबेन नेवेस के गोल की बदौलत पुर्तगाल ने विश्व कप क्वालीफाइंग के यूरोपीय चरण में आयरलैंड को 1-0 से हराकर ग्रुप एफ की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। रोनाल्डो मैच के 75वें मिनट में पेनल्टी पर चूक गए लेकिन नेवेस ने (90+1 मिनट) में गोल कर टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने ग्रुप तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हंगरी पर पांच अंक की बढ़त कायम कर ली है। ग्रुप के दूसरे मैच में हंगरी ने डेनियल लुकाक्स और ज़ोम्बोर ग्रुबर के गोल की मदद से आर्मेनिया को 2-0 से हराया। स्पेन ने ग्रुप ई के मैच में जॉर्जिया को 2-0 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

# 1990 के बाद क्वालीफाई करने के करीब यूएई

एजेंसी ▶▶| दोहा

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 2026 फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे दौर में ओमान को 2-1 से हराकर 1990 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया है। यूएई को स्वतः क्वालीफिकेशन के लिए अब मंगलवार को मेजबान कतर के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरुरत है। इस हार से ओमान की तीन-टीम वाले ग्रुप ए को जीतकर पहली बार विश्व कप के लिए स्वतः क्वालीफाई करने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। टीम हालांकि अब भी दूसरे स्थान पर रहकर पांचवें दौर में आगे बढ़ सकती है। यह विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की सह मेजबानी में आयोजित होगा।



## खबर संक्षेप



### जापान ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में पहुंची जोशना

**नई दिल्ली।** स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने जापान के योकोहामा में चल रहे जापान ओपन पीएसए चैलेंजर में मिस्र की नारदीन गैरास को सीधे गेमों में हराकर के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में पूर्व में नंबर 10 पर रही इस 39 साल की खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त गैरास को 11-8, 15-13, 11-9 से हराया। जोशना अंतिम चार में अब चौथी वरीयता प्राप्त मिस्र की राणा इस्माइल से भिड़ेंगी। पूर्व एशियाई चैंपियन और विश्व युगल चैंपियन ने इससे पहले दूसरे दौर में फ्रांस की पांचवीं वरीयता प्राप्त लॉरेन बाल्टायन को 11-7, 11-4, 11-9 से और पहले दौर में मलेशिया की एनरी गोह को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया था।

### न्यूजीलैंड को हराकर जोहोर कप में भारत का अजेय अभियान जारी



**जोहोर।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपना अजेय अभियान जारी रखा। भारत के लिए अर्शदीप सिंह (दूसरे मिनट), पीबी सुनील (15वें मिनट), अरिजीत सिंह हुंडल (26वें मिनट) और आर कुमुर (47वें मिनट) ने गोल किए जबकि न्यूजीलैंड के लिए गस नेल्सन (41वें मिनट) और ऐडन मैक्स (52वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने इससे पहले टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में ब्रिटेन को 3-2 से हराया था। भारत ने पहला गोल शुरुआती क्वार्टर के दूसरे मिनट में कर दिया जिसमें अर्शदीप ने आसान मौके को गोल में बदल दिया। उन्होंने दाईं ओर से सर्कल में तेजी से दौड़ लगाई और शॉट लगाया, लेकिन शुरुआत में न्यूजीलैंड के गोलकीपर ने इसे बचा लिया लेकिन वह रिबाउंड पर गोल करने में कामयाब रहे।

### वाशेरोट ने जीता शंघाई मास्टर्स खिताब



**शंघाई।** वैलेंटिन वाशेरोट ने क्वालीफाइंग दौर से मुख्य दौर में जगह बनाने के बाद रविवार को अपने चचेरे भाई आर्थर रिंडरनेच को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 204वें स्थान पर काबिज 26 साल के वाशेरोट एटीपी मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे कम रैंकिंग वाले विजेता है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर का खिताब जीतने वाले मोनाको के पहले खिलाड़ी भी है। वाशेरोट ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराया था जबकि रिंडरनेच ने चार ग्रैंडस्लैम का फाइनल खेलने वाले दानिल मेदवेदेव को शिकस्त दी थी।

## वेस्टइंडीज दूसरी पारी में 173/3, भारत से अभी 97 रन पीछे

# फॉलोऑन के बाद वेस्टइंडीज का पलटवार कैंपबेल और होप की शतकीय साझेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और शाई होप के अर्धशतकों के साथ दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को चौथे दिन खींचने में सफल रही। वेस्टइंडीज फालोऑन मिलने के बाद रविवार को तीसरे दिन स्टंप्स तब अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 173 रन बना लिए। टीम को पारी की हार से बचने के लिए अभी और 97 बनाने होंगे। स्टंप्स के समय कैंपबेल 87 और होप 66 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच में भारत का पलड़ा अब भी काफी भारी है लेकिन कैंपबेल की आत्मविश्वास से भरी पारी से दिन का तीसरा सत्र वेस्टइंडीज के नाम रहा। यह पूरी श्रृंखला का पहला ऐसा सत्र है, जो वेस्टइंडीज के नाम रहा। कैंपबेल ने 145 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। खासकर कुलदीप यादव के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। उनकी और होप की साझेदारी से वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले हौसला बढ़ेगा।

■ भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट को चौथे दिन खींचने में सफल वेस्टइंडीज



### कुलदीप का कमाल

*कुलदीप यादव ने शनिवार को दूसरे टेस्ट में सबसे पहले एलिक एथानाजे को सबसे पहले आउट किया, जिनका कैच रवींद्र जडेजा ने लिया। फिर रविवार की सुबह उन्होंने शे होप को आउट किया। कुलदीप यादव का तीसरा विकेट टेविन इमलैच के तौर पर आया। इसके बाद उन्होंने जेडन ग्रीव्स को पवेलियन भेजा। लेफ्ट आर्म स्पिनर ने पांचवां शिकार जेडन सील्स का किया।*

### गिल ने लपका कमाल का कैच

पहली पारी में 270 रन की बढ़त होने के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज को फालोऑन करने को कहा। चाय के विश्राम से पहले मोहम्मद सिराज ने सपाट पिच पर तेगनारायण चंद्रपॉल (10) को और एक तेज शॉर्ट गेंद फेंकी, जो अपने पुल-शॉट पर नियंत्रण नहीं रख पाए। कप्तान शुभमन गिल ने डाइव लगाकर कैच लपक कर उनकी पारी का अंत किया। एलिस अथानजे (सात) को वाशिंगटन सुंदर ने एक बेहतरीन ऑफ स्पिन लेती गेंद पर आउट किया। बता दें कि साउथ अफ्रीका के पॉल एडम्स ने 45 टेस्ट में 4 बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया है। वॉर्डल ने इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में रेड बॉल मैच में साल 1957 में 5वीं बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया था। इस गेंदबाज ने पहली पारी में 20.2 ओवरों में 61 रन देकर 5 बैटर्स को आउट किया था।

### कुलदीप ने 5 विकेट लेकर रचा इतिहास



5 विकेट लेकर कुलदीप यादव ने इंग्लैंड के स्पिनर जॉनी वॉर्डल के सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। ये रिकॉर्ड लेफ्ट आर्म स्पिनर के जरिए है। वॉर्डल ने अपने 9 साल के इंटरनेशनल करियर में 28 टेस्ट खेले हैं और 5 बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया। कुलदीप ने अब 15 टेस्ट मैचों में 5 बार 5 विकेट लेकर कमाल कर दिया है।

### स्कोर बोर्ड

| वेस्टइंडीज दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉन कैंपबेल नाबाद | 87 | 145 | 9 | 2 |
| चंद्रपॉल का गिल बो सिराज | 10 | 30 | 1 | 0 |
| एलिस अथानजे बो सुंदर | 07 | 17 | 1 | 0 |
| शाई होप नाबाद | 66 | 103 | 8 | 2 |

**अतिरिक्त :** 28,
**कुल योग:** 49 ओवर में दो विकेट पर 173 रन
**गेंदबाजी :** सिराज 6-2-10-1, जडेजा 14-3-52-0, वाशिंगटन 13-3-44-1, कुलदीप 11-0-53-0, बुमराह 4-2-9-0, जायसवाल 1-0-3-0

## विश्व जूनियर चैंपियनशिप

# स्पर्धा में लय बरकरार रखने की कोशिश करेंगे भारतीय शटलर



एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

मिश्रित टीम स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय दल सोमवार से शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी इसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा। भारत का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 साल पहले पुणे में रहा था जब साइना नेहवाल ने लड़कियों के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता के इतिहास में कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिनमें चार रजत पदक शामिल हैं। इस चरण में भारत के पास एक और स्वर्ण पदक जोड़ने का सबसे अच्छा मौका लड़कियों के एकल वर्ग में है, जिसमें जूनियर विश्व नंबर एक तन्वी शर्मा और चाइना ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची उन्नति हुड्डा शामिल हैं। दोनों खिलाड़ियों को ड्रॉ के अलग-अलग हिस्सों में रखा गया है, जिससे भारतीयों के बीच संभावित फाइनल की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### उन्नति करेंगी किउ अन्ना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत

एशियाई अंडर-19 कांस्य पदक विजेता तन्वी को शुरुआती दौर में बाई मिली है और इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त थलिता विर्यावान के खिलाफ संभावित क्वार्टरफाइनल उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आठवीं वरीय उन्नति दूसरे दौर में हांगकांग की लियू होई किउ अन्ना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत कर सकती हैं। भारत की एशियाई अंडर-19 कांस्य पदक विजेता वेन्नाला के और विश्व में 41वें नंबर की रक्षिता श्री को अंतिम चार में पहुंचने के लिए कुछ कठिन मुकाबलों से गुजरना होगा।

### लड़कों के लिए पदक दौर तक पहुंचने का रास्ता कठिन

लड़कों के एकल वर्ग के दावेदारों के लिए पदक दौर तक पहुंचने का रास्ता और भी कठिन होगा, जहां लालथाजुआला हमार का सामना विश्व जूनियर नंबर एक और शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबैदिल्लाह से अंतिम 32 में होने की संभावना है। 11वीं वरीयता प्राप्त रौनक चौहान को चीन के ली जी हैंग के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

## वनडे में किया 5 हजार का आंकड़ा पार

# स्मृति ने रचा इतिहास, 1 कैलेंडर ईयर में बनाए 1 हजार रन

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम




भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप ग्रुप मैच के दौरान महिला वनडे में एक कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। उनतीस साल की इस सलामी बल्लेबाज ने महिला वनडे में 5,000 रन भी पूरे किए और मिताली राज के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली केवल पांचवीं और दूसरी भारतीय बल्लेबाज बन गईं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं और उन्होंने सबसे कम पारियों में 1,000 रन बनाए। मंधाना ने 112 पारियों और 5,569 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे उन्होंने स्टेफनी टेलर की 129 पारियों और सूजी बेट्स की 6,182 गेंदों की संख्या को पीछे छोड़ दिया। मंधाना ने हालांकि टूर्नामेंट में धीमी शुरुआत की लेकिन इस बाएं हाथ की बल्लेबाज ने शानदार वापसी करते हुए 66 गेंद में 80 रन (नौ चौके और तीन छक्के) बनाकर फॉर्म में वापसी की और प्रतिका रावल के साथ 155 रन की साझेदारी की, जो इस प्रतियोगिता में सलामी बल्लेबाजों के बीच पहली शतकीय साझेदारी भी थी।

### एक ओवर में बनाए 16 रन

इस मैच से पहले मंधाना के 17 मैच में 982 रन थे। उन्होंने आठवें ओवर में 1,000 रन का आंकड़ा छुआ, जिसमें उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू की धज्जियां उड़ाते हुए इस ओवर में चौका, छक्का और चौका जड़ा, जिससे 16 रन बने। मंधाना ने इस तरह महिला वनडे में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क (1997 में 970 रन) का एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत सकारात्मक तरीके से की और किम गार्थ के पहले ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर खाता खोला। लेकिन मोलिनू के ओवर में मंधाना ने पहली गेंद को मिड-ऑन के ऊपर से चौका जड़ा, अगली गेंद को डिफेंड किया, फिर तीसरी गेंद पर लांग-ऑन के ऊपर से छक्का जड़ा और फिर स्क्वायर लेग के ऊपर से एक और चौका लगाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। मंधाना ने टूर्नामेंट में इससे पहले श्रीलंका, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रमशः 8, 23 और 23 रन बनाए थे।

# आचार संहिता के उल्लंघन पर सील्स को जुर्माना

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स को भारत के खिलाफ खेल जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी के लेवल एक आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है। यह घटना शुक्रवार को भारत की पहली पारी के 29वें ओवर में घटी जब सील्स ने गेंदबाजी करने के बाद गेंद को बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की ओर फेंक दिया, जिससे गेंद उनके पैड पर लगी। आईसीसी ने कहा, 'सील्स को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी की ओर या उसके पास अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद (या किसी अन्य क्रिकेट उपकरण) फेंकने से संबंधित है।' इसके साथ ही सील्स के खाते में 24 महीनों की अवधि में कुल डिमेरिट अंक की संख्या अब दो हो गई है।



# बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगा दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार दो जीत से महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान को शानदार अंदाज में पटरी पर लाने के बाद सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने न्यूजीलैंड और मेजबान भारत पर दमदार जीत दर्ज कर शानदार वापसी की है। इन दो जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। टीम अंक तालिका में चौथे (-0.888 के नेट रन रेट के साथ) स्थान पर है। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट, मारिजन काप, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और अयाबोंगा खाका जैसी खिलाड़ियों से सजी दक्षिण अफ्रीका की टीम कागजों पर काफी मजबूत नजर आती है।



### शानदार फॉर्म में दक्षिण अफ्रीका का शीर्ष क्रम

इंग्लैंड के खिलाफ 69 रनों पर ऑल आउट होने के बाद, उनका शीर्ष क्रम शानदार फॉर्म में है। ब्रिट्स और लुस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, वहीं वोल्वार्ड्ट ने भारत के खिलाफ अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया।

### बांग्लादेश की हार ने कमजोरियों को उजागर किया

बांग्लादेश ने पाकिस्तान पर मनोबल बढ़ाने वाली सात विकेट से जीत के साथ टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत लेकिन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार हार ने उनकी कमजोरियों को उजागर किया है। बीस साल की प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज मारुफा अख्तर की अगुवाई में गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन टीम को शीर्ष क्रम में लचर बल्लेबाजी से परेशानी का सामना करना पड़ा है। कप्तान और विकेटकीपर निगार सुल्ताना जोटी भी रन बनाने के लिए जूझती रही हैं और टूर्नामेंट में उनका औसत सिर्फ नौ रन का है। बांग्लादेश को मुकाबले में बने रहने के लिए ऐसे में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

## दिल्ली हाफ मैराथन को जोशीले धावकों ने उत्सव की तरह मनाया

# 40 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ की भावना का मनाया जश्न

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली का जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम रविवार को खेल प्रेमियों से गुलजार हो गया जब वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में 40 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर दौड़ की भावना का शानदार जश्न मनाया। इस साल का आयोजन शीर्ष खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धा को यादगार बनाया। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान जैसे प्रमुख हस्तियों ने भी आम खेल प्रेमियों के साथ दौड़ में भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को बड़े उत्साह से अपनी बिब और किट ली थी। उन्होंने ओपन 10के (10 किलोमीटर) दौड़ पूरी की। दौड़ पूरी करने के बाद उन्होंने कहा, 'यह केवल खिलाड़ियों की दौड़ नहीं होती, बल्कि इससे जुड़ा पूरा परिस्थितिक तंत्र होता है। इस स्पर्धा से जितने गरीब और वंचित लोग लाभान्वित होते हैं, वह वाकई अद्भुत है।

■ राजधानी दिल्ली का जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम खेल प्रेमियों से गुलजार



### बीमार भाई की खुशी के लगाया जोर : मटाटा

*कीनिया के एलेक्स मटाटा ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष वर्ग का खिताब जीतने के बाद कहा कि वह अपने बीमार भाई के चेहरे पर खुशी लाने के लिए दौड़ के दौरान खुद को प्रेरित कर रहे थे। मटाटा ने इस जीत के बाद कहा, 'यह जश्न... मैं अपने और अपने भाई के लिए मना रहा हूं। मुझे लग रहा था कि यहां मेरी जगह मेरा भाई दौड़ रहा है। वह बीमार है तो मैंने सोचा की उसकी चेहरे पर खुशी के लिए पूरी ताकत झोंक देनी चाहिए।'*

### मटाटा और रेंगरुक बने चैंपियन

*कीनिया के लंबी दूरी के धावक एलेक्स मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीतीं। पिछले साल दूसरे स्थान पर रहे मटाटा ने 59 मिनट 50 सेकंड का समय निकालकर बोयेलिन टेशागर (एक घंटा 22 सेकंड) और जेम्स किपकोगी (एक घंटा 25 सेकंड) को पछाड़ा। रेंगरुक ने एक घंटे सात मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर महिला वर्ग का खिताब जीता। इथियोपिया की जोड़ी मेलाल सियूम बिरातु (एक घंटा सात मिनट 21 सेकंड) और मुलत टेकले (एक घंटा सात मिनट 29 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। अभिषेक पाल और सीमा भारतीय पुरुष और महिला वर्ग में सबसे तेज धावक रहे। उन्होंने क्रमशः एक घंटे चार मिनट 17 सेकंड और एक घंटे 11 मिनट 23 सेकंड का समय लिया। दिल्ली हाफ मैराथन का यह 20वां सत्र है, जिसे यहां के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाई गई थी। इसकी कुल पुरस्कार राशि 260,000 डॉलर है।*

# डॉक्टर का नंबर सर्च करना पड़ा महंगा

## लिंक क्लिक करते ही खाते से 2.55 लाख उड़ाए

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में ऑनलाइन ठगी का एक और मामला सामने आया है। इस बार जालसाजों ने एक जनरल स्टोर कारोबारी को अपनी ठगी का शिकार बनाया। पत्नी के इलाज के लिए ऑनलाइन डॉक्टर का नंबर सर्च करना कारोबारी को भारी पड़ गया। ठगों ने ऑनलाइन अपॉइंटमेंट के नाम पर व्यापारी के खाते से 2 लाख 55 हजार 6 सौ 82 रुपए उड़ा लिए। ठगी का शिकार हुए पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। गंजीपुरा निवासी सुधीर नायक शहर में जनरल स्टोर चलाते हैं। उन्होंने साइबर सेल को दी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी के पैरों में लंबे समय से दर्द है। 4 अक्टूबर को दुकान पर बैठे-बैठे उन्होंने मोबाइल पर जबलपुर, भोपाल और नागपुर के बेस्ट न्यूरो सर्जन डॉक्टरों की सर्चिंग शुरू की। इसी दौरान उन्हें जस्ट डायल पर एक नंबर मिला। जब उन्होंने उस नंबर पर कॉल किया तो सामने से एक व्यक्ति ने कहा कि "डॉक्टर फिलहाल व्यस्त हैं, कल संपर्क करें।"

### ठग ने भेजी लिंक और फाइल

5 अक्टूबर की शाम सुधीर नायक के मोबाइल पर 8087841889 नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने कहा कि डॉक्टर आज व्यस्त हैं लेकिन ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लिया जा सकता है। इसके लिए उसने सुधीर नायक को एक लिंक और एचीके फाइल भेजी। ठग ने बताया कि सिर्फ 10 रुपये का शुल्क जमा कर अपॉइंटमेंट कन्फर्म हो जाएगा। व्यापारी को अंदेशा था कि अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए, लेकिन उन्होंने डॉक्टर का नंबर पक्का कराने की जल्दबाजी में लिंक पर क्लिक कर दिया। लिंक खुलते ही लिखा आया कि 10 रुपये का पेमेंट करें और डॉक्टर से मिलने का स्लॉट बुक करें। सुधीर ने जैसे ही पेमेंट पर क्लिक किया, उनका बैंक खाता एपीजी फाइल से जुड़ गया।



### चंद घंटों में उड़ गए लाखों रुपए

6 अक्टूबर को सुधीर नायक के मोबाइल पर लगातार कई बैंक ट्रांजेक्शन अलर्ट आने लगे। जब उन्होंने खाता चेक किया तो उनके होश उड़ गए। सिर्फ कुछ ही घंटों में 2 लाख 55 हजार 682 रुपए खाते से निकल चुके थे। 7 अक्टूबर को भी उनके खाते से 1 रुपये का टेस्ट ट्रांजेक्शन किया गया। 8 से 10 अक्टूबर तक सुधीर नायक लगातार बैंक और थाना लार्डगंज के चक्कर लगाते रहे लेकिन अब तक उनका पैसा वापस नहीं मिल सका है।

### साइबर सेल कर रही जांच

ठगी की शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि भेजी गई लिंक किसी विदेशी सर्वर या पेमेंट गेटवे से जनरेट की गई थी। साइबर टीम अब उस मोबाइल नंबर और अकाउंट की लोकेशन ट्रेस कर रही है, जहां रकम ट्रांसफर हुई।

# एम.पी. ट्रांसको में व्हाट्सएप की जगह अब 'अराताई'

**जबलपुर।** आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने भारत में निर्मित स्वदेशी मैसेजिंग ऐप अराताई का प्रयोग शुरू कर दिया है। ज़ोहो कॉर्प द्वारा विकसित यह ऐप विदेशी प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप का सुरक्षित और मजबूत विकल्प माना जा रहा है।एम.पी. ट्रांसको में सबसे पहले शहडोल डिवीजन के कार्यपालन अभियंता चंद्रभान कुशवाहा ने कार्यालयीन संवाद और फाइल शेयरिंग के लिए स्वदेशी अराताई का उपयोग प्रारंभ किया है। उन्होंने बताया कि "अराताई पूरी तरह भारत में विकसित सुरक्षित और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म है, जिससे विभागीय संवाद को स्वदेशी तकनीक के माध्यम से सशक्त बनाया जा सकेगा।"




## नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट, नैनपुर, दमोह, गाडरवारा, जबलपुर आदि महाकौशल क्षेत्र के रोटेरियन हुए सम्मानित

# व्यक्ति का नहीं उनके पुरुषार्थ का है अभिनंदनः प्रांतपाल अखिल मिश्र

**जबलपुर।** कोई भी सेवा छोटी नहीं हो सकती, बड़े शहर में सेवा देने वाले रोटेरियंस की तुलना छोटी जगह के रोटेरियन से नहीं की जा सकती और इसलिए हर रोटेरियन के कार्य का अभिनंदन है, और यह व्यक्तिगत नहीं बल्कि उनके पुरुषार्थ का अभिनंदन है। छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्यप्रदेश एवं उड़ीसा को मिलाकर बनी डिस्ट्रिक्ट 3261 की अवार्ड सेरेमनी 'अभिनंदन' रायपुर में हो चुकी है। मध्यप्रदेश महाकौशल क्षेत्र के रोटेरियन को सम्मानित करने अभिनंदन की टीम जबलपुर पहुंचकर रोटेरियन को सम्मानित कर रही है यह जज्बा, यह पेशन निश्चित ही प्रेरणा देने वाला है। उपरोक्त आशय के उद्गार प्रांतपाल (2024-25) अखिल मिश्र ने मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये। रोटरी सत्र 2024-25 में रोटरी क्लब्स का नेतृत्व करने वाले रोटेरियन सम्मानित किए गए। मंडला, नैनपुर, बालाघाट, नरसिंहपुर, गाडरवारा, जबलपुर तथा दमोह में सेवा देने वाले रोटेरियन को उनके सेवा कार्यों के लिए सम्मानित करते हुए आयोजन अध्यक्ष संजय बुधिया ने आयोजन की महत्ता पर जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी भी पुरस्कार को ससम्मान उसे ग्रहण करने वाले को दिया जाता है तभी पुरस्कार की गरिमा होती है। समारोह में पूर्व प्रांतपाल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हाईकोर्ट उमाकांत शर्मा, बालाघाट से डॉक्टर निखलेश त्रिवेदी, सुनील फाटक, भानु प्रताप सिंह चौधरी, डॉक्टर जितेंद्र जामदार, कोरबा से डॉक्टर एससी बोर्डे अतिथि स्वरूप उपस्थित थे। समारोह का संचालन पूर्व अध्यक्ष दीप बैनर्जी एवं आभार पूर्व अध्यक्ष दीपक सिंघई ने किया। डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री जनरल सारंग भिड़े, डॉ संजीव चौधरी, अनुराग जैन गढ़ावाल, राघवेंद्र सिंह चौहान, श्रीमती रचना त्रिवेदी, एनके श्रीवास्तव, जेपी सिंह, लोकेश चौबे, श्रीमती लक्ष्मी क्षत्रिय, शैलेश सोनी, राजेश गुप्ता, राजदीप सिंह, संतोष यादव, श्रीमती अंकिता तिवारी, अरुण गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, अमित जैन नाना, आशीष जैन, अशोक साहू, अखिलेश बादशा, सरिता सिंह राजपूत, शिखा पौराणिक, यामिनी चतुर्वेदी, अखिल खंडेलवाल, अजय चौधरी, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र कुलकर्णी, मयंक अरोड़ा, अंकुर महेश्वरी, प्रसून मिश्रा, संजय तिवारी, गीता कल्पीवार, अजय खोत , प्रसून धौरेलिया, श्रीराम किलेदार आदि बड़ी संख्या में रोटेरियन उपस्थित थे।



# महिला पटवारी का जेवर से भरा बैग छीनकर भागे लुटेरे

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अंतर्गत बीएसएनएल आफिस हाईकोर्ट के पाव महिला पटवारी का जेवरों से भरा बैग छीनकर बाईक सवार आरोपी भाग गये। बैग में सोने की 2 अंगूठी, 1 चैन, 1 जोडी लटकन, 1 जोड़ी बालियां, नगदी 1 हजार रूपये, आधारकार्ड, आफिस का आईडी कार्ड तथा अन्य सामान रखा था। इस तरह लुटेरे लगभग 1 लाख रुपये का माल ले भागे।घटना के संबंध में सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिहोर जिले की दोहरा तहसील में पटवारी के पद पर पदस्थ नेता कालोनी अधारताल निवासी 33 वर्षीय श्रीमित माया मेहरा कल दोपहर भोपाल जाने के लिये ओला टैक्सी बुक करके स्टेशन जा रही थीं। दिनदहाड़े दोपहर 3.45 बजे हाईकोर्ट के पास पहुंची तो चलती ओला गाड़ी के पीछे बिना नम्बर की बाईक में बैठे 2 अज्ञात लड़के ने उसका हेंड बैग झपटा मारकर छीनकर तेजी से आगे की ओर भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 304 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply
Hero GoodLife
जीतने का मौका 100% कैशबैक | सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*
Additional offers on Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. ^Mileage of Hero Super Splendor Xtec as per internal testing conditions. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Madhya Pradesh.
TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुरः सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाटः जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, मण्डलाः शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुरः रचना हीरो 9289922377, रीवाः बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतनाः स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोलः विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनीः हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़नः कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधीः राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, सिवनीः सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरईः श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरियाः आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ाः अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारीः श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हारः श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरीः अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुरः स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ाः शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेवः लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमाः सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहरः वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंजः सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझीः श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरनाः जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासियाः श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलानः साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझीः गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोराः बाईक प्वांट 9826802730, उमरियाः गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, बारासिवनीः रुसिया मोटर्स 9425822392 , जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताईः शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगीः ओम मोटर्स 9685416118, बरगवांः बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरीः श्याम एजेंसी 9981238133, बरहीः अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुरः बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोदः चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसरः श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटनः रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबादः अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोराः भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरईः यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौकाः अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहराः अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़ः अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौरः मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वासः ओम मोटर्स, 9009066959, मझौलीः न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, बीरसिंहपुर पालीः श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, रीठीः प्रदीप मोटर्स, 9981303666, बड़वाराः शिवम मोटर्स, 7509839990, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुरः रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079
RS/Hero/10/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240